# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 16 अप्रैल 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 322 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1853 :** भारत में मुंबई से ठाणे के बीच पहली रेल चली थी।
**1917 :** पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह।
**1945 :** रेड आर्मी ने बर्लिन की लड़ाई शुरू की।
**1970 :** यूरोपीय देश फ्रांस में आये बर्फीले तूफान से 70 लोगों की मौत।
**2002 :** दक्षिण कोरिया में एक विमान दुर्घटना में 120 यात्रियों की मौत।
**2008 :** लंदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण हुआ।

# हेमंत सोरेन चुने गए झामुमो के अध्यक्ष

## 13वें महाधिवेशन में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला, शिबू सोरेन ने सौंपी जिम्मेवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के 13वें महाधिवेशन में सीएम हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। 38 वर्षों के बाद पार्टी के संस्थापक और दिग्गज नेता शिबू सोरेन अध्यक्ष रहने के बाद अब ये जिम्मेदारी उनके बेटे हेमंत सोरेन को मिली है। 15 अप्रैल 2025 को झारखंड मुक्ति मोर्चा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। झामुमो के 13वें महाधिवेशन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले जेएमएम के 13 वें महाधिवेशन में केन्द्रीय समिति सदस्यों की हुई जिलावार घोषणा की गई। केन्द्रीय समिति सदस्य में होंगे कुल 284 सदस्य हैं। इसकी घोषणा पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडे ने की। केन्द्रीय समिति सदस्य में पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, सांसद भी शामिल हैं। नलिन सोरेन ने शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षण का प्रस्ताव रखा।





मथुरा महतो ने समर्थन किया। जिसके बाद सर्वसम्मति से किया इसे पारित किया गया। कार्यक्रम में गुरु जी शिबू सोरेन ने हेमंत सोरेन को पार्टी का केन्द्रीय अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। जिसके बाद मंच पर नेताओं ने माला पहनाकर हेमंत सोरेन को बधाई दी। शिबू सोरेन के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए हेमंत सोरेन को सर्वसम्मति से इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### 1972 में हुई थी झामुमो की स्थापना

झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना 1972 में शिबू सोरेन के नेतृत्व में हुई थी। शिबू सोरेन ने महाजनों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। लोगों ने उन्होंने इतना काम किया कि लोग उन्हें दिशोम गुरु कहने लगे। झामुमो शुरू में आदिवासी अधिकारों, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और झारखंड की क्षेत्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है। शिबू सोरेन ने लंबे समय तक पार्टी को नेतृत्व प्रदान किया और इसे झारखंड की राजनीति में एक प्रमुख शक्ति बनाया। हालांकि, उम्र और स्वास्थ्य कारणों से उनकी सक्रियता कम हो गई थी, जिसके चलते हेमंत सोरेन को पहले 2015 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और अब उन्हें केंद्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौप दी गई है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने 2019 और 2024 के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी ने पहले 30 और फिर 34 सीटें जीतीं। 2024 के चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटें हासिल कीं, जो पार्टी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर हो सख्त कार्रवाई : मुख्य सचिव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर कड़ी नजर रखें। साथ ही नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई हो व इससे जुड़े संबंधित विभाग ड्रग्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें व जनजागरूकता अभियान चलायें। मुख्य सचिव तिवारी मंगलवार को नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की पांचवीं राज्यस्तरीय समिति की बैठक कर रहीं थी। मुख्य सचिव ने बैठक में दवा दुकानों से नशीली दवा व सिरप की बिक्री पर चिंता जतायी। उन्होंने इस नेटवर्क को चिह्नित कर कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही लाइसेंसधारी दवा दुकानों की सूची गृह सचिव को उपलब्ध कराने को कहा ताकि, गैर लाइसेंसी दवा दुकानों पर कार्रवाई की जा सके। बैठक में अवैध मादक पदार्थों से संबंधित सूचना देने के लिए आमलोगों को जोड़ने के लिए कहा गया। इसके लिए मानस पोर्टल लॉन्च किया गया है। सूचनादाता की पहचान गुप्त रहेगी। सूचना सही हुई, तो इनाम भी दिया जायेगा। मौके पर संबंधित जिलों के उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को मादक पदार्थों की जांच के लिए 15 दिन के भीतर किट खरीदने को कहा गया ताकि, इसकी रिपोर्ट से न्यायिक कार्यवाही बाधित न हो।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/ अरवल।** मंगलवार को औरंगाबाद एवं अरवल जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। एक तरफ जहां औरंगाबाद में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई वहीं अरवल में जदयू नेता की कार एक कंटेनर से टकरा गई जिसमें नेता सहित दो लोगों की जान चली गई।

### रफीगंज (औरंगाबाद) संवाददाता के अनुसार

रफीगंज-बराही पथ के कोटवारा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। गया जिला के पैरया गांव निवासी दिलीप चंन्द्रवंशी के 30 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार एवं ओबरा थाना के शेख बिगहा निवासी मो फारूक के 22 वर्षीय पुत्र नौशाद आलम दोनो एक ही बाईक से बराही बाजार से अपनी दुकान बंदकर रफीगंज आ रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से जा रही बाइक से आमने- सामने उनकी टक्कर हो गयी, जिससे रौशन और नौशाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दूसरा




बाइक चालक को गाड़ी छोड़कर घायल अवस्था मे ही परिजन लेकर चले गये। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई मिथिलेश कुमार, महेश पासवान, एएसआई बवनजीत कुमार, अवधेश सिह और डायल 112 की पुलिस पहुचकर जांच पड़ताल कर दोनों के शव को कब्जे में लेकर रफीगंज अस्पताल लाया। मृतक रौशन और नौशाद घर का इकलौता चिराग था। रौशन का वराही बाजार मे कपडा का दूकान है। नौशाद का पैथोलॉजी सेंटर है। दोनो अपनी दूकान बंद कर एक ही बाईक से रफीगंज घर लौट रहे थे। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर दोनों के शवों को परिजनों को सौप दिया गया है।

### अरवल संवाददाता के अनुसार

अरवल के राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर बुलाकी बीघा गांव के पास जदयू नेता की कार एक कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में जदयू नेता समेत दो लोगों की जान चली गई और तीन लोग घायल भी हुए हैं। वे झारखंड के रजरप्पा म ंदिर से पूजा करके लौट रहे थे।मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे कंटेनर से स्कॉर्पियो वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जीतन शर्मा समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार 20 सूत्री उपाध्यक्ष समेत अन्य लोग झारखंड के मां रजरप्पा से लौट रहे थे तभी भीषण सड़क हादसा हुआ। मृतक जीतन शर्मा बेलसर गांव के निवासी थे और जिले में एक लोकप्रिय एवं अनुशासित जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे।

# रॉबर्ट वाड्रा से 6 घंटे इडी ने की पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा मंगलवार को पैदल ही प्रवर्तन निदेशालय के ऑफिस पहुंचे। जहां उनसे गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड घोटाले में 6 घंटे पूछताछ हुई। उन्हें इडी ने कल फिर बुलाया है। इडी ने जमीन सौदे से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए उन्हें ये दूसरा समन भेजा था। वाड्रा इससे पहले 8 अप्रैल को भेजे गए पहले समन पर पेश नहीं हुए थे। इडी ऑफिस जाते हुए वाड्रा ने कहा कि ये कार्रवाई राजनैतिक मंशा से हो रही है। उन्होंने आगे कहा,'' जब भी मैं लोगों की आवाज बुलंद करूंगा, या राजनीति में आने की कोशिश करूंगा, ये लोग मुझे दबाएंगे और एजेंसियों का दुरुपयोग करेंगे। मैं हमेशा सभी सवालों के जवाब देता हूं और देता रहूंगा। केस में कुछ है ही नहीं। 20 बार गया हूं, 15-15 घंटे बैठा हूं। मैंने 23 हजार डॉक्यूमेंट दिए हैं, फिर कहते हैं दोबारा डॉक्यूमेंट दो, ऐसे थोड़ी चलता है।''

# अब गर्मियों में नहीं करना होगा पेयजल संकट का सामना

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने बनाई ठोस कार्य योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित जल संकट से निपटने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा इस संबंध में व्यापक कार्य योजना तैयार की गयी है। मंत्री नीरज कुमार सिंह के मुताबिक, चापाकलों की मरम्मति एवं रख-रखाव के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिन पंचायतों में भू-जल स्तर नीचे चला गया है, वहां राइजर पाइप बढ़ाकर चापाकलों को क्रियाशील बनाए रखने की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री नीरज सिंह ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1520 नए चापाकलों के निर्माण की अग्रिम स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही चापाकलों के मरम्मति के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राज्यभर में कुल 1,20,749 चापाकलों की मरम्मति का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी चापाकलों की मरम्मति की रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है और जिओ टैग्ड फोटोग्राफ एवं सामाजिक प्रमाणिकरण भी प्राप्त किये जा रहे हैं। गर्मी में पेयजलापूर्ति की चुनौती से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह ने अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। सर्वप्रथम अकार्यरत चापाकलों की तत्काल मरम्मति कराने एवं जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में 'हर घर नल का जल' संरचनाओं के अतिरिक्त टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति कराने का उन्होंने निर्देश दिया है। सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों और महादलित टोलों में चापाकलों को प्राथमिकता के आधार पर दुरूस्त किया जा रहा है। साथ ही भूजल स्तर में संभावित गिरावट को देखते हुए पंचायत स्तर पर जल स्रोतों की स्थिति का दैनिक आधार पर आकलन किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में भूजल का स्तर अत्यधिक नीचे चले जाने से जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित होती हैं, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# कैफे संचालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक परिसर स्थित साइबर कैफे संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले की जानकारी के बाद सूचना पर पहुंचे एसआई मनीष कुमार और दिनेश सिंह पुलिस छानबीन में जुट गए। मनीष कुमार के मुताबिक, मृतक के गले पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं। मृतक के परिजनों ने साजिश के तहत हत्या करने की आशंका भी जताई है। मामला जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र का है।मृतक की पहचान 37 साल के संजय कुमार उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। मृतक पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया के रहने वाले योगेन्द्र यादव का बेटा बताया गया है।

# दिल्ली में फीस वृद्धि के खिलाफ होगी जांच

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा शिक्षा निदेशालय की अनुमति के बिना फीस बढ़ाने की शिकायतें पिछले एक महीने से लगातार आ रही है। एक अप्रैल से ही नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है, तब से इन शिकायतों की बाढ़ सी आ गई है। कई स्कूलों के खिलाफ बच्चों के पेरेंट्स लगातार शिकायत और विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मंगलवार को एक जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भी एक अभिभावक ने स्कूल की फीस बढ़ाने की शिकायत की। इस शिकायत को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट लिखकर जानकारी दी है। साथ ही स्कूल के खिलाफ जांच करने का आदेश भी दिया है।

# नीतीश कुमार ही होंगे बिहार के अगले मुख्यमंत्री : निशांत

- मुख्यमंत्री के पुत्र ने एक दफा फिर से विरोधियों को दिया जवाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के द्वारा पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाए जाने पर उनके बेटे निशांत कुमार ने एक बार फिर से विरोधियों को जवाब दिया है। निशांत एक रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे, जहां मीडिया ने उनसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य से जुड़ा सवाल पूछा। तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य पर लगातार सवाल उठाए जाने पर निशांत ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि पिता जी पूरी तरह स्वस्थ हैं और आराम से अगले पांच साल तक सरकार चला सकते हैं। बिहार की जनता सब देख रही है, अंतिम फैसला जनता को ही लेना है। वहीं, बिहार में एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर किए गए सवाल पर निशांत कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे। पूरी एनडीए पिताजी के समर्थन में है और वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा क्यों नहीं बनाएगी? अभी अमित अंकल बोल के गए हैं। सम्राट चौधरी भी बोले हैं कि पिता जी (नीतीश कुमार) 15 साल से उनके नेता हैं, उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। वहीं, मीडियाकर्मियों ने निशांत से पूछा कि क्या वो राजनीति में आएंगे तो उन्होंने कहा कि हम राजनीति में आएंगे या नहीं वो छोड़िए आप लोग एनडीए की सरकार बनाइए। पिता जी को नेतृत्व में लाइए। निशांत से सवाल किया गया कि एनडीए दावा कर रही है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतेगी तो उन्होंने कहा कि 225 ही क्यों 2010 की तरह जनता पिताजी को जिताए। उनसे पूछा गया कि महागठबंधन का दावा है कि इस बार एनडीए की सराकर नहीं बनेगी तो उन्होंने कहा कि, जनता देख रही है और जनता फैसला करेगी। पिता जी एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि एनडीए की सरकार बनाएं। पिताजी के नेतृत्व में सरकार बनाएं।

# बिहार में पहली बार आईआईएम के 19 छात्रों ने सुधा में किया योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पहली बार आईआईएम के 19 छात्रों ने बिहार स्टेट मिल्क को-अपरेटिव फेडरेशन (कम्फेड) में योगदान दिया। कम्फेड जो बिहार राज्य में डेयरी के विकास हेतु शीर्ष सहकारी संस्था है, राज्य के 14.45 लाख पशुपालक सदस्यों से प्रतिदिन 30 लाख लीटर संग्रहित दूध एवं उसके बने विभिन्न उत्पादों का विपणन सुधा ब्राण्ड से बिहार, झारखण्ड, पूर्वोत्तर राज्यों, दिल्ली एन.सी.आर. के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में कलकत्ता, सिल्लीगुड़ी, उत्तर प्रदेश के वाराणसी एवं बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रो में विपणन करती है। वर्तमान में कम्फेड के द्वारा टीन पैक गुलाब जामुन कनाडा एवं घी अमेरिका के बाजार में भेजा गया है, इस तरह से देश की डेयरी क्षेत्र में तीसरी सहकारी संस्था है जो अपने उत्पादों को अंतराष्ट्रीय बाजार में विपणन कर रही है। इससे कम्फेड से जुड़े दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि होगी। कम्फेड जो अपने स्थापना काल से



निरंन्तर अपने दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक समृद्धि के लिए कार्य करती रही है वर्तमान में अपने दुग्ध उत्पादकों को प्रतिवर्ष 3000 करोड़ राशि दूध के मूल्य के रूप में प्रदान करती है अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए पहली बार भारतीय प्रबंधन संस्थान बोध गया से 19 प्रबंधन स्नातक का चयन कर नियुक्त किया है, इनके साथ-साथ 05 प्रबंधक स्नातक चंद्रगुप्त इस्टीट्यूट अफ मैनेजमेन्ट पटना से, 01 प्रबंधक स्नातक, विकास प्रबंधन संस्थान पटना से, 06 प्रबंधक स्नातक एल एन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान पटना से, 19 कनिय लेखा कार्यपालक, इस्टीट्यूट अफ कस्ट अकाउटिंग, पटना से चयन की जा चुकी है और अन्य संस्थाओं से चयन की प्रक्रिया की जा रही है। वर्तमान में कम्फेड लगभग 4000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से एवं 40,000 व्यक्तियो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रही है, जिसे अगले पांच वर्षों में बढ़ाकर प्रत्यक्ष रूप से 12000 व्यक्तियो को एवं अप्रत्यक्ष रूप से 1,20,000 व्यक्तियों को रोजगार देते हुए कम्फेड के व्यापार को जो वर्तमान में 5500 करोड़ का है बढ़ाकर 10,000 करोड करने का लक्ष्य है।


BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 1 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि: 3 वर्ष योग्यता :10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि: 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) MD (TM) अवधि : 1 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY


Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
● एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

Apply Online: www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# बिहार के जमीन मालिकों के लिए बड़ी खबर, आखिरी तारीख के बाद भी कर सकते हैं स्वघोषणा जमा




**पटना, एजेंसी।** बिहार में भूमि सर्वे के लिए स्वघोषणा की तारीख नीतीश सरकार ने 31 मार्च तक तय की थी, लेकिन तारीख समाप्त होने के बाद भी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तरफ से लोगों से जमीन सर्वे के लिए स्वघोषणा जल्द से जल्द करने की अपील की जा रही है. 31 मार्च तक 11500916 स्वघोषणा प्राप्त- 31 मार्च तक जमीन सर्वे के लिए कुल 11,500,916 स्वघोषणा प्राप्त हुई हैं. इसमें रैयतों द्वारा शिविरों में जमा किए गए ऑफलाइन और रैयतों द्वारा निदेशालय की वेबसाइट पर जमा किए गए ऑनलाइन दोनों प्रकार की स्वघोषणा शामिल हैं.

**जमीन सर्वे का इतिहास-** विभाग ने नया आंकड़ा नहीं किया जारी- दूसरे चरण में शुरू किए गए 36 जिलों के सभी 445 अंचलों (सर्वे शिविरों) में रैयतों द्वारा जमा की गई स्वघोषणा की संख्या को भी जोड़ा गया है. हालांकि संख्या में और बढ़ोतरी हुई है. फिलहाल विभाग के तरफ से नया आंकड़ा जारी नहीं किया गया है.

**बिहार में हो रहा भूमि का सर्वे -** संजय सरावगी ने जताई थी नाराजगी- राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने जमीन सर्वे के कामकाज की समीक्षा की थी. इसी बीच उन्होंने कुछ जिलों में स्वघोषणा की संख्या काफी कम होने पर नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को सबसे खराब परफॉर्मेंस वाले जिलों/सर्वे शिविरों को चिन्हित करने के निदेश दिए.

**राजस्व मंत्री संजय सरावगी -** राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को दी थी चेतावनी- इसके अलावा राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने चेतावनी भी दी थी कि खराब परफॉर्मेंस वाले शिविरों के कर्मियों ने 15 दिनों में अपना प्रदर्शन नहीं सुधारा, तो उन्हें कार्य मुक्त किया जाएगा. विभागीय समीक्षा के बाद उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि स्वघोषणा के साथ जमीन के सभी कागजात संलग्न करके देना जरूरी नहीं है. फिलहाल जमीन के जितने कागजात रैयत के पास हैं, उतने ही संलग्न करें, बाकि के कागजात का इंतजाम किस्तवार व खानापुरी के समय तक कर लें.

चंपारण में स्वघोषणा की संख्या कम- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों के अनुसार पश्चिम चंपारण जिले के 5 अंचलों बेतिया, पिपरासी, मधुबनी, ठकराहा और भितहा में स्वघोषणा की संख्या सबसे कम पाई गई. इसी प्रकार पूर्वी चंपारण जिले के 5 अंचलों, जिसमें पिपराकोठी, तुरकौलिया, बनकटवा, छौड़ादानो और रक्सौल शामिल हैं.

पिपरासी अंचल से मिली 524 स्वघोषणाएं- यहां पर स्वघोषणा की संख्या काफी कम रही. चंपारण के ये 10 अंचल पूरे बिहार में स्वघोषणा प्राप्त करने में सबसे पीछे हैं. बेतिया सदर में अब तक मात्र 187 स्वघोषणा ही प्राप्त हुई है, जबकि पिपरासी अंचल में प्राप्त स्वघोषणा की संख्या मात्र 524 है.

दरभंगा स्वघोषणाएं जमा करने में दूसरे नंबर पर- दूसरी तरफ अररिया सदर अंचल में रैयतों से प्राप्त स्वघोषणा की संख्या 1,36,777 पहुंच गई है. दूसरे नंबर पर आने वाले दरभंगा के बिरौल शिविर में कुल 1,14067 स्वघोषणा प्राप्त हुई हैं. दरभंगा का बहेड़ी, कुशेश्वर स्थान, अररिया का जौकी हाट, फारबिसगंज व पलासी में भी बड़ी संख्या में रैयतों ने स्वघोषणा जमा की है. 9 प्रमंडलों का डाटा अलग करने में लगा समय- इसी प्रकार समस्तीपुर के कल्याणपुर और औरंगाबाद के नबीनगर सर्वे शिविर की स्थिति भी स्वघोषणा प्राप्त करने के मामले में काफी बेहतर है.निदेशालय की आईटी टीम ने बताया कि सभी 9 प्रमंडलों का डाटा अलग करने में समय लगा है, अब तेजी से डाटा आ रहा है.

जमीन सर्वे नीतीश सरकार के लिए मुसीबत-बिहार विधानसभा का चुनाव इसी साल होना है. ऐसे में जमीन सर्वे नीतीश सरकार के लिए गले की फांस बन गई है. बजट सत्र के दौरान भी यह चर्चा होती रही है कि जमीन सर्वे के लिए स्वघोषणा की तिथि सरकार चुनाव तक बढ़ा सकती है. हालांकि आधिकारिक रूप से फिलहाल इसकी कोई तिथि घोषित नहीं हुई है, लेकिन विभाग ने इसे बंद करने की भी घोषणा नहीं की है.

## आंधी-बारिश में गिरी दीवार, दूल्हे के पिता सहित चार घायल

### तिलक समारोह के दौरान हुआ हादसा, डॉक्टर बोलें- सभी खतरे से बाहर

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में तिलक समारोह में सब्जी काट रहे दूल्हे के पिता सहित चार लोगों पर आंधी-बारिश के दौरान दीवार गिर गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सोंधी गांव की है। घायलों में सोंधी गांव निवासी स्व.सूरज राम का बेटा संजय राम, पीरो थाना क्षेत्र निवासी राजेंद्र राम की बेटी आशा देवी, अनिल



राम की पत्नी दुर्गावती देवी और बचरी गांव निवासी चुनमुना देवी शामिल हैं। घटना की जानकारी देते हुए परिजन पवन कुमार ने बताया कि जख्मी संजय राम के बेटे जीतू कुमार का सोमवार को तिलक समारोह था। इसी दौरान हादसा हुआ।

सभी रिश्तेदार उसी के शादी में शामिल होने के लिए सोंधी गांव आए थे। सभी लोग घर में तिलक समारोह के आयोजन में जुटकर सब्जी काट रहे थे। इसी बीच सोमवार की देर शाम तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। उसी दौरान पड़ोस के घर के छत का दीवार गिर गया, जिससे दूल्हे के पिता समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए सभी को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि तीन लोगों के सिर में गंभीर चोटे आई है। सभी का सीटी स्कैन कराया जा रहा है अभी ऑब्जर्वेशन में रखा गया है( हालांकि सभी खतरे से बाहर है।

## नालंदा में 4-15 मई तक होगा खेलों इंडिया यूथ गेम्स-2025

### जिला प्रशासन कर रहा भोजन और नाश्ते की व्यवस्था, मेन्यू में चना घुघनी, सत्तू पराठा, दाल पीठा भी शामिल

**नालंदा, एजेंसी।** खेलों इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन 4 मई से 15 मई तक बिहार के नालंदा जिले में होने जा रहा है। इस दौरान खिलाड़ियों और स्टाफ को ऊर्जा और ताकत देने के लिए जिला प्रशासन ने भोजन और नाश्ते की शानदार व्यवस्था की योजना बनाई है। नालंदा समाहरणालय ने इसके लिए एक विस्तृत जानकारी शेयर की है, जिसमें खिलाड़ियों के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन,



शाम की हाई-टी और रात का खाना शामिल है। आइए जानते हैं कि इन युवा सितारों को कब क्या परोसा जाएगा।

3 मई को 292 लोगों से शुरू होकर, 9 मई को अधिकतम 1959 लोग भोजन करेंगे। इसके बाद 16 मई तक संख्या धीरे-धीरे 777 तक कम होगी। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए निविदा जारी की है कि भोजन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बरकरार रहे। निविदा में साफ कहा गया है कि भोजन बनाने वाली एजेंसी को एफएसएसएआई मानकों का पालन करना होगा। प्लास्टिक के बर्तनों पर रोक रहेगी, और साफ-सफाई के साथ-साथ समय पर आपूर्ति की जिम्मेदारी भी एजेंसी की होगी। खेलों इंडिया यूथ गेम्स-2025 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को न सिर्फ खेलने का मौका मिलेगा, बल्कि स्वाद और सेहत से भरपूर भोजन भी उनका हौसला बढ़ाएगा। नालंदा जिला प्रशासन इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

## जदयू में शोक की लहर, सड़क दुर्घटना में बड़े नेता ने गंवाई जान, एनएच 139 पर हुआ हादसा

**संवाद सूत्र, कलेर (अरवल)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर बुलाकी बीगहा मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में जदयू नेता समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान मेहंदिया थाना क्षेत्र के नाथ खरसा निवासी जितेंद्र शर्मा उर्फ जीतन एवं बेलसार गांव निवासी धनंजय शर्मा के रूप में हुई है। जितेंद्र शर्मा जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य थे। घायल की पहचान मेहंदिया थाना क्षेत्र के चंदा पैक्स अध्यक्ष संजय शर्मा, टीन शर्मा एवं मैनपुरा निवासी संतोष कुमार संतोष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार सवार पांच लोग झारखंड में स्थित रजरप्पा मंदिर से पूजा करके वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान उनकी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक में पीछे से घुस गई।

## पूर्णिया में भाई ने भाई पर चाकू से किया वार, बचाने गए लोगों पर भी हमला किया

### धारदार चाकू से गला, चेहरे, बांह, सीना और फेफड़े पर 10 घातक वार किए

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में सनकी भाई ने अपने ही सगे भाई को धारदार चाकू से गोद डाला। छोटे भाई ने बड़े भाई के गले, चेहरे, बांह, सीना और फेफड़े पर 10 से भी अधिक घातक वार किए। इस क्रूर वारदात को देख जिस किसी ने भी बीच बचाव की कोशिश की, हमलावर ने बचाने पहुंचे लोगों पर भी हमला करना चाहा, जिससे घटनास्थल पर चीख पुकार और अफरातफरी मच गई।

हालांकि युवक हमले के बाद भागता इससे पहले ही कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और उसे पकड़ लिया। दिल दहला देने वाली घटना शहर के मरंगा थाना क्षेत्र के सुदिन चौक टीओपी के शक्तिनगर स्थित ब्राइट करियर स्कूल के समीप रात गए 9:30 बजे घटी है।



**सूचना के 5 मिनट के अंदर पहुंची पुलिस-** सूचना के 5 मिनट के भीतर ही सुदिन चौक टीओपी की पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद पकड़े गए भाई को हिरासत में लेकर मरंगा थाना भेज दिया। जबकि खून से लथपथ जख्मी शख्स को आनन फानन में जीएमसीएच पूर्णिया में एडमिट कराया गया। जहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक को पहले फातमा और फिर मैक्स सेवन में एडमिट कराया गया है, जहां घायल शख्स की हालत काफी गंभीर बनी हुई है।

जख्मी शख्स की पहचान मधेपुरा जिले के कुमारखंड गांव निवासी राधेश्याम पोद्दार के बेटे सुनील पोद्दार 28 के रूप में हुई है, जबकि हमला करने वाले छोटे भाई का नाम प्रहलाद कुमार है। घटना की जानकारी देते हुए मंझौले भाई ने बताया कि वे लोग तीन भाई हैं। घर की माली हालत ठीक न होने की वजह से वे लोग मधेपुरा से पूर्णिया में आकर पिछले कई सालों से रह रहे हैं। इनमें बड़ा भाई सुनील पोद्दार लाइन बाजार स्थित अभिज्ञान पैथोलॉजी में काम करता है। छोटा भाई उनके साथ ही किराए के मकान में शक्तिनगर इलाके में रहता है। जबकि वो पॉलीटेक्निक चौक स्थित लॉज में रहते हैं। रोजाना की तरह बड़ा भाई सुनील पोद्दार साइकिल से पैथोलॉजी से काम कर घर लौट रहे थे। इसी साइकिल पर छोटा भाई प्रहलाद कुमार बैठा था। प्रहलाद साइको है। उसे ये लगता है कि बड़ा भाई उसके ऊपर नजर रखता है और उसका बुरा चाहता है। इसी को लेकर लौटने के क्रम में शक्तिनगर स्थित ब्राइट करियर स्कूल के समीप उसने साइकिल चला रहे बड़े भाई सुनील पोद्दार पर धारदार चाकू से गला, चेहरे, बांह, सीना और फेफड़े पर 10 से भी अधिक घातक वार कर दिया। इस जानलेवा हमले में वो खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े।

हमले के वक्त स्थानीय के बीच बचाव में आने पर साइको प्रहलाद ने उनके ऊपर भी हमला कर चाहा और फिर वारदात को अंजाम देकर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे स्थानियों के सहयोग से धर दबोचा गया। मौके पर मौजूद एक्टिविस्ट सुशांत कुशवाहा ने सुदिन चौक टीओपी को कॉल कर वारदात की जानकारी दी। सूचना मिलने के 5 मिनट के भीतर ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

मामले की जानकारी देते हुए सुदिन चौक टीओपी प्रभारी कुमार पंकज ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मरंगा थाना का पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया लेकर पहुंचे, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए परिजन पहले उसे लाइन बाजार स्थित फातमा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। हालांकि काफी खून बह जाने और क्रिटिकल कंडीशन होने की वजह से डॉक्टरों ने जख्मी युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां से परिजन उसे लेकर कसवा के मैक्स 7 अस्पताल पहुंचे हैं। यहां युवक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## गया होकर धनबाद-चंडीगढ़ के बीच स्पेशल ट्रेन

### 27 जून तक तीन गाड़ियां चलाई जाएंगी, सभी कोच एसी के होंगे

**गया, एजेंसी।** गया में गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में भीड़ से जूझ रहे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। रेलवे ने धनबाद से चंडीगढ़ के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है, जो गया जंक्शन होते हुए गुजरेगी। यह ट्रेन उत्तर भारत के कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे गया समेत आसपास के जिलों के यात्रियों को भी सफर का बेहतर व सुलभ विकल्प मिलेगा।



रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, 15 अप्रैल से 27 जून तक तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 03311 हर मंगलवार और शुक्रवार को रात 11:50 बजे धनबाद से चलेंगी और गया, डीडीयू, वाराणसी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होते हुए तीसरे दिन सुबह 3:30 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 03312 चंडीगढ़ से हर बृहस्पतिवार और रविवार को सुबह 6 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9 बजे धनबाद पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 03313 हर शनिवार को धनबाद से चलेगी और ट्रेन संख्या 03314 हर सोमवार को चंडीगढ़ से वापसी करेगी।

ये सभी ट्रेनें गरीब रथ स्पेशल होंगी, जिनमें कुल 18 एसी कोच लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि ये ट्रेनें गया, डीडीयू और वाराणसी जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर रुकेंगी, जिससे बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को भी सहूलियत मिलेगी। रेलवे का यह फैसला रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में बड़ा सहारा देगा। सम्भावना जताई जा रही है कि गर्मी की छुट्टियों में घूमने या घर लौटने वालों को अब सीट की टेंशन नहीं सताएगी।

## बाइक लोन विवाद में सिर काटकर हत्या का खुलासा:सीतामढ़ी में आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी के सोनबरसा थाना क्षेत्र में दिसंबर महीने में झीम नदी के पास तालाब से मिली सिर कटी लाश के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मृतक की पहचान नंदू साह के रूप में हुई थी। पुलिस ने इस हत्या के मामले में एक आरोपी रौशन कुमार उर्फ मुक्का को गिरफ्तार किया है, जो मुसहरनियां गांव का निवासी है।

गिरफ्तार आरोपी रौशन कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू को भी तालाब से बरामद कर लिया है। इस मामले में अब



तक तीन लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है, जिनमें दो आरोपी अभी फरार हैं।

सदर एसडीपीओ आशीष आनंद ने बताया कि मृतक और आरोपी एक साथ काम करते थे। आरोपियों ने नंदू साह के नाम पर एक बाइक फाइनेंस करवाई थी, जिसकी जानकारी नंदू को नहीं थी। इस बाइक का इस्तेमाल वे नेपाल से शराब की तस्करी के लिए कर रहे थे। मामला तब बिगड़ा जब नेपाल में बाइक जब्त हो गई और किश्तें नहीं चुकाने पर फाइनेंस कंपनी का एजेंट नंदू के घर पहुंच गया।

नंदू को जब इस धोखाधड़ी का पता चला तो उसने विरोध जताया। इसी के बाद तीनों ने साजिश रचकर उसकी हत्या कर दी और शव को तालाब में फेंक दिया। आरोपी इतनी बेरहमी से पेश आए कि शव का सिर भी धड़ से अलग कर दिया। एसडीपीओ आशीष आनंद ने बताया कि पुलिस के पास पुख्ता तकनीकी साक्ष्य हैं और जल्द ही बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे की साजिश को जल्द कोर्ट में पेश कर आरोपियों को सजा दिलाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

# बेटी-बेटे संग मां ने खाया जहर, बच्चों की मौत

### सुसाइड नोट में लिखा- पति नाजायज संबंध बनाने का दबाव बनाता था, मारपीट करता था

**गया, एजेंसी।** गया में रविवार की रात मां ने अपने दो बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी जहर खा लिया। सोमवार की सुबह 8 साल के बेटे संकेत की मौत हो गई। वहीं, 12 साल की पल्लवी कुमारी ने दोपहर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महिला की स्थिति गंभीर है। मगध मेडिकल अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

महिला की पहचान मुन्नी देवी (37) के रूप में हुई है। अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टर को एक पर्ची मिली। पर्ची में मुन्नी ने अपने पति जितेंद्र पासवान (40) पर जबरदस्ती नाजायज संबंध बनाने के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पर्ची को जब्त कर लिया है। घटना डोभी थाना क्षेत्र के अंगरा गांव की है। बताया जा रहा कि रविवार को जितेंद्र पासवान ने मुन्नी के साथ मारपीट की थी। इस घटना के बाद मुन्नी देवी ने बच्चों के साथ आत्महत्या की कोशिश की।

एक ग्रामीण ने बताया कि परिवार में कुल 5 सदस्य



थें। पति जितेंद्र ट्रक चलाता है। 14 साल के बेटे अंकित कुमार है, जो अपने पिता के साथ काम करता है। रविवार को घर में मारपीट के बाद जितेंद्र ट्रक लेकर निकल गया था। अभी तक जितेंद्र अपने घर नहीं पहुंचा है। मुन्नी अस्पताल में अकेली है। सास-ससुर की मौत पहले ही हो चुकी हैं।

ग्रामीण ने बताया- रात में जहर खाने के बाद बेटी पल्लवी और संकेत चिल्लाने लगे थे। आवाज सुनकर आसपास के लोग मुन्नी के घर पहुंचे तो देखा पल्लवी बेसुध बड़ी है, मां-बेटे की स्थिति खराब हो रही है। तीनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए तीनों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। संकेत ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाद में बेटी की भी मौत हो गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के डॉक्टर ऋतुराज ने बताया- महिला के पास से एक नोट मिला था, जिसमें लिखा है पति जितेंद्र हमेशा मारपीट करता है। दूसरों से नाजायज संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता है। इसी से परेशान होकर आत्महत्या कर रही हूं। वहीं, डोभी पुलिस ने बच्चों के शव का पंचनामा कराकर मगध मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम कराया।

शेरघाटी डीएसपी-2 संजीत कुमार प्रभात ने बताया- घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। एसआई सत्यम कुमार को एफएसएल की टीम से जांच करवाने के निर्देश दिए हैं। नाजायज संबंध का मामला सामने आया है। महिला के पति को जानकारी दे दी गई है। उसे वापस घर आने को कहा गया है। फिलहाल वह नहीं लौटा है। पति से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में मारपीट, 12 लोग गिरफ्तार:रोहतास में तीन थानों की पुलिस ने की कार्रवाई

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव में दो पक्षों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि सिकरिया गांव से विवाद और मारपीट की सूचना मिली।

इस पर काराकाट, नासरीगंज और कच्छवां थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काराकाट सीओ ने 18 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा डालने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप है। गिरफ्तार लोगों में सादाब हुसैन, तसलीम अंसारी, इफ्तेखर अंसारी, खुर्शीद आलम और जुलेखा खातून शामिल हैं। इसके अलावा नाहौना के सैयद, भड़कुड़िया दरिहट के तसलीम अंसारी और छपरा गांव अकोढ़ीगोला के सलामत अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया है। सिकरिया गांव के ढुनमुन सिंह के दो बेटे संतोष सिंह और जवाहिर सिंह, जवाहिर की पत्नी आशा देवी और उनका बेटा उदय सिंह भी गिरफ्तार किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान काराकाट के बीडीओ और सीओ भी मौके पर मौजूद रहे।

# कैंपा कोला 1000 करोड़ निवेश करेगी

- 35 एकड़ में लगेगा प्लांट
- हजारों को मिलेगा रोजगार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** साफ्ट ड्रिंक तैयार करने वाली कंपनी कैंपा कोला बेगूसराय मे बिहार में अपनी पहली यूनिट लगाने जा रही। कैंपा कोला बेगूसराय में एक हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके तहत 35 एकड़ जमीन में कैंपा कोला का प्लांट लगाया जाएगा।

उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी ने मंगलवार को कैंपा कोला को यूनिट लगाए जाने की मंजूरी प्रदान कर दी। हाल के दिनों में यह पहला मौका है जब किसी एक कंपनी द्वारा इतनी बड़ी राशि का निवेश किसी प्रोजेक्ट में किया जा रहा। बेगूसराय में पूर्व से एक दूसरी साफ्ट ड्रिंक कंपनी काम कर रही।

वहीं प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी की बैठक में एक कैटल फीड बनाने वाली कंपनी को भी जमीन का क्लियरेंस दिया गया। यह कंपनी मुजफ्फरपुर इलाके में अपना यूनिट लगाएगी। इसका निवेश 20 करोड़ रुपए का है।

उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसके अलावा जिन औद्योगिक इकाईयों को प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी की बैठक में मंजूरी मिली वह बहुत बड़े आकार के निवेश वाली नहीं है।

पिछले वर्ष बड़े निवेश के रूप में अदाणी समूह बिहार आया था। अदाणी समूह नवादा के वारसलिगंज में सीमेंट फैक्ट्री लगा रहा। उसे चीनी मिल की जमीन आवंटित की गयी थी। आईटी क्षेत्र की कुछ कंपनियां भी बड़े निवेश के प्रस्ताव के साथ है।

# जदयू नेता की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खगड़िया में बीते नौ अप्रैल को बेलदौर के जदयू विधायक पन्ना सिंह पटेल के भांजे जदयू नेता कौशल सिंह की हत्या के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में आठ नामजद आरोपियों में तीन को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चौथम थाना क्षेत्र के मेदनीनगर निवासी बिजल सिंह की पत्नी राजकुमारी देवी तथा पुत्र आशीष कुमार एवं उसी गांव के राजेश दास के पुत्र रितेश कुमार के रुप में की गई है। इनमें दो आरोपी आशीष एवं रितेश को पुलिस ने लखीसराय जिले से गिरफ्तार किया है। दोनों अपने संबंधी के यहां रह रहे थे। मामले में एसपी राकेश कुमार ने बताया कि इस हत्याकांड को लेकर चौथम थाना कांड संख्या 90/25 दर्ज की गई थी। जिसको लेकर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी की टीम ने उक्त गिरफ्तारी गुप्त सूचना एवं तकनीकी आधार पर की है।

दरअसल, नौ अप्रैल को जदयू नेता कौशल सिंह अपनी पत्नी के साथ बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोगों के द्वारा उनकी बाइक को ठोकर मारा गया था। पत्नी ने जो एफआईआर किया है उसके अनुसार जैसे ही उनके पति की बाइक नीचे गिरी वैसे ही आरोपियों के द्वारा उनके पति के ऊपर कई राउंड फायरिंग किया गया। जिससे कौशल सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। जिनकी मृत्यू इलाज के लिए जाने के क्रम मे हो गया।

बता दें कि घटना के बाद खगड़िया पुलिस पर कई सवाल खड़े किये जा रहे थे। वहीं घटना को अंजाम मृतक के भतीजे ने ही दी थी। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद को लेकर हत्या की गई है। हालांकि एसपी की माने तो अभी मामले की जांच की जा रही है। हत्या के कारण का पता किया जा रहा है।

# बरामद शव निकला पुणे स्क्रैप व्यवसायी का

- जहानााबाद से पटना तक मचा हड़कम्प
- चार जिलों से तार जुड़ने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** महाराष्ट्र में पुणे के एक स्क्रैप व्यवसायी की बिहार के जहानाबाद जिले में हत्या हो गई है। जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र स्थित मननपुर गांव के पास से बीते शनिवार की एक सुबह लाश मिली थी। सोमवार को शव की पहचान हो पाई है। मृतक की पहचान महाराष्ट्र के पुणे के स्क्रैप व्यवसायी लक्ष्मण साधु शिंदे के रूप में हुई है। वह स्क्रैप के व्यवसाय से जुड़े थे। इस मामले में पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। घोसी के एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद जहानाबाद भेजकर पोस्टमॉर्टम करा दिया था। अब शव की पहचान महाराष्ट्र के पुणे के स्क्रैप व्यवसायी के रूप में हुई है। इस मामले में पटना के हवाई अड्डा थाने में व्यवसायी के अपहरण का मामला भी दर्ज किया गया था। विस्तृत जानकारी पटना पुलिस दे सकती है।

इस पूरे मामले में जहानाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि घोसी थाने में यूडी केस दर्ज किया गया था। पटना की टीम से बात हुई है। हवाई अड्डा थाने में केस दर्ज हुआ है। वहां की भी टीम आई है। नालंदा और जहानाबाद की पुलिस भी जांच कर रही है। मुख्य जांच पटना पुलिस कर रही है, क्योंकि हवाई अड्डा थाने में मामला दर्ज है।

एसपी ने कहा कि अपराधी व्यवसायी को लेकर पटना, नालंदा, नवादा और जहानाबाद के बॉर्डर पर घूमें होंगे तो उन सभी बिंदुओं पर भी जांच हो रही है। अपराधियों के बारे में पटना पुलिस ही जानकारी दे पाएगी। व्यवसायी के बारे में एसपी ने कहा कि वो किस सिलसिले में आए, किसने बुलाया, किनके संपर्क में आए, ये अनुसंधान के बाद पता चलेगा।

बता दें कि शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। उसके बाद शव को अज्ञात समझकर उसका पोस्टमॉर्टम करा दिया गया था। माना जा रहा था कि कहीं दूसरी जगह हत्या के बाद शव को लाकर गांव में फेंक दिया गया होगा। अब जब पहचान हो गई है तो पटना से लेकर जहानाबाद तक हड़कंप मच गया है। इस घटना की सभी बिंदुओं पर जहानाबाद पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल, किसी की गिरफ्तारी इस मामले में नहीं हुई है।

# एनडीए में शामिल होंगे सहनी ?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** महागठबंधन में विधानसभा की सीटों के लिए संघर्ष कर रहे विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी के लिए एनडीए का दरवाजा भी खुला हुआ है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इस बात के साफ संकेत दे दिए हैं।

दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को उम्मीद जाहिर की कि अगर महागठबंधन में सहनी की बात नहीं बनती है तो वे एनडीए में वापस आ जाएंगे। डॉ. जायसवाल ने कहा कि मुकेश सहनी अपना राजनीतिक कद बढ़ाने के लिए महागठबंधन में गए हैं। अगर वहां उनका कद नहीं बढ़ा तो इधर आ जाएंगे।

हालांकि, जायसवाल ने ये भी स्वीकार किया कि चुनाव में सहनी का वोट बैंक बहुत मायने रखता है। प्रश्न था कि क्या आप मुकेश सहनी को एनडीए में आने का ऑफर दे रहे हैं? भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कद नहीं बढ़ा तो वे आ जाएंगे।

मालूम हो कि 2020 के विधानसभा चुनाव के समय मुकेश सहनी महागठबंधन के साथ थे, लेकिन टिकट बंटवारे के समय बैठक छोड़कर एनडीए में शामिल हो गए। उनकी विकासशील इंसान पार्टी को 11 सीटें दी गईं। चार विधायक बने। सहनी से तकरार बढ़ा तो वीआईपी के सभी विधायक भाजपा में शामिल हो गए। विधानसभा चुनाव हारे मुकेश सहनी को भाजपा ने विधान परिषद में भेजा। मंत्री भी बनाया, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले वे महागठबंधन में चले गए। दूसरी ओर, भाजपा सांसद डॉ. भीम सिंह ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने गए तेजस्वी यादव अपने साथ संजय यादव और मनोज झा को लेकर गए। अत्यंत पिछड़ी या अनुसूचित जाति के किसी नेता को उच्च स्तरीय बैठक में ले जाने योग्य नहीं समझा। कभी लालू प्रसाद खिल्ली उड़ाते हुए कहा करते थे कि "अत्यंत पिछड़ा किस चिड़िया का नाम है"। तेजस्वी ने अपने आचरण से सिद्ध कर दिया है कि इस प्रकरण में वे अपने पिता का अनुसरण कर रहे, जो अत्यंत निंदनीय है।

# उप डाकघर में अपराधियों ने की लूट की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** पूर्णिया के एक उप डाकघर में नकाबपोश अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की कोशिश की। हालांकि, डाकघर के कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दूसरा भागने में सफल रहा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने डाक कर्मियों द्वारा पकड़े गए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मधुबनी थाना क्षेत्र के मधुबनी अमला टोला स्थित उप डाकघर में घटी है। पकड़ा गया अपराधी कोढ़ा थाना क्षेत्र के अभिषेक सिंह के रूप में की गई।

## कर्मियों ने एक को हथियार के साथ दबोचा

घटना की जानकारी देते हुए उप डाकघर के कर्मी मनोज कुमार ने बताया कि उप डाकघर में दिनदहाड़े लूट की कोशिश हुई।

बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधी डाकघर में घुसे और कर्मियों से पोस्टल ऑर्डर और रुपये की मांग करने लगे। एक अपराधी ने उप डाकपाल के कनपटी पर हथियार तान दिया।

डाकघर कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया और हथियार छीन लिया। इस दौरान अपराधी ने उप डाकपाल के हाथ में काट भी लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पकड़े गए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने डाकघर की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर लोगों द्वारा पकड़ाए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, एक अपराधी बाहर से बाइक लेकर फरार हो गया। वहीं, मधुबनी थानाध्यक्ष सूरज प्रसाद ने बताया कि उप डाकघर में नकाबपोश दो अपराधी लूटने की कोशिश की थी।

डाकघर के कर्मियों ने तत्परता के कारण अपराधी लूटने में असफल रहा। उप डाकघर कर्मियों के द्वारा एक अपराधी को पकड़कर दिया है। अपराधी के पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। वहीं, अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# टाइगर जम्प के दौरान टूटी गर्दन

गया। गरुआ प्रखंड क्षेत्र के गोसपुर गांव निवासी पिता युगल चौधरी के पुत्र 22 वर्षीय जयराम कुमार ने बिहार पुलिस व होमगार्ड बनने का सपना उस वक्त अधूरा रह गया जब गया के एक निजी प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास के दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता बेंगलुरु में एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत है।

लेकिन पुत्र बिहार राज्य के बिहार पुलिस व होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उसने आवेदन भरा और अपने गांव लौट आया। वह गया शहर के एक प्राइवेट कोचिंग सेंटर में शारीरिक परीक्षा की तैयारी कर रहा था।10 अप्रैल को प्रशिक्षण के दौरान टाइगर जंप करते समय संतुलन बिगड़ने से वह जमीन पर सिर के बल गिर पड़ा।जिससे उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई। घटना बाद स्वजनों ने उसे पटना के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां कई दिनों तक इलाज चलता रहा। लेकिन सोमवार की रात इलाज के दौरान जयराम ने दम तोड़ दिया।

# 143 करोड़ की लागत से विकसित होगा पुरौनाधाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सीतामढ़ी में माता जानकी की जन्मभूमि पुनौराधाम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यह बिहार में रामायण सर्किट का हिस्सा होगा। पर्यटन विभाग ने पुनौराधाम के विकास के लिए करीब 143 करोड़ की योजना स्वीकृत की है।

इसमें 50 एकड़ से अधिक भूमि के अधिग्रहण पर 120 करोड़ की राशि खर्च होगी जबकि पर्यटकीय सुविधाओं के लिए 23.66 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई है। जमीन अधिग्रहण के बाद पुनौराधाम में भव्य मंदिर का निर्माण की योजना है, जिसके लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

पर्यटन विभाग के अनुसार, पुनौराधाम के अलावा बिहार के बक्सर, दरभंगा, वाल्मीकिनगर, मधुबनी आदि जिलों में रामायण सर्किट से जुड़े स्थलों को भी चिह्नित किया गया है। इसके अंतर्गत सीतामढ़ी के ही पंथपाकर मंदिर परिसर में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास पर 23.66 करोड़ की योजना बनाई गई है।

बक्सर में रामरेखा घाट के विकास के लिए 13 करोड़ 24 लाख रुपये की योजना को स्वीकृति दी गई है। वाल्मीकिनगर में लव-कुश पार्क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान इसकी घोषणा की थी।

मधुबनी में फुलहर स्थान में पर्यटकीय सुविधाओं पर 31.13 करोड़ की राशि खर्च होगी।


## अनुबंध के लिए ई-नीलामी

ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएमएमएल.-1/ पीयूबी./एडीवीटी,पीएआरके, सीएटी एंड पीएनयू/04/25 दिनांक 15.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के कई स्टेशनों के लिए विज्ञापन, पे एंड यूज, कैटरिंग और पार्किंग अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग यानी सूची पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है: **● कैटेगरी: कैटरिंग। नीलामी कैटलॉग सं. : सीएटीजी29, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) सीएटीजी-आद्रा-केएचआरआई-जीएमयू-65-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (ii) सीएटीजी-आद्रा-बीसीबी-जीएमयू-53-23-1 (कैटरिंग -जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iii) सीएटीजी-आद्रा-टीएओ-जीएमयू-31-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iv) सीएटीजी-आद्रा-एसबीडब्ल्यू-एसएमयू-54-23-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), (v) सीएटीजी-आद्रा-केएआरओ-एसएमयू-62-23-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), (vi) सीएटीजी-आद्रा-बीकेएनओ-एसएमयू-67-23-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 25.04.25 को 11.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 25.04.25 को 12.20 बजे। नीलामी कैटलॉग सं. : सीएटीजी30, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) सीएटीजी-आद्रा-एनओबी-जीएमयू-68-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (ii) सीएटीजी-आद्रा-एलवाईडी-जीएमयू-60-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iii) सीएटीजी-आद्रा-जेबीओ-एसएमयू-59-23-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), (iv) सीएटीजी-आद्रा-बीजेडसी-एसएमयू-70-23-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), (v) सीएटीजी-आद्रा-टीएसएएच-एसएमयू-63-23-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 24.04.25 को 10.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 24.04.25 को 11.10 बजे। नीलामी कैटलॉग सं. : सीएटीजी31, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) सीएटीजी-आद्रा-एमएलक्यू-जीएमयू-39-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (ii) सीएटीजी-आद्रा-बीडीपीआर-जीएमयू-71-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iii) सीएटीजी-आद्रा-एसडीएमडी-जीएमयू-40-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iv) सीएटीजी-आद्रा-ओडीएम-जीएमयू-34-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (v) सीएटीजी-आद्रा-केआरकेएन-जीएमयू-64-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 23.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 23.04.25 को 13.10 बजे। नीलामी कैटलॉग सं. : सीएटीजी32, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) सीएटीजी-आद्रा-बीआरएमडी-जीएमयू-30-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (ii) सीएटीजी-आद्रा-जीटीडी-जीएमयू-43-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iii) सीएटीजी-आद्रा-पीएनडब्ल्यू-जीएमयू-45-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iv) सीएटीजी-आद्रा-आरयूआई-जीएमयू-37-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (v) सीएटीजी-आद्रा-आरडीएफ-जीएमयू-44-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 22.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 22.04.25 को 13.10 बजे। नीलामी कैटलॉग सं. : सीएटीजी37, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) सीएटीजी-आद्रा-बीयूआरएन-जीएमयू-47-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (ii) सीएटीजी-आद्रा-सीडीजीआर-जीएमयू-22-23-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), (iii) सीएटीजी-आद्रा-बीयूआरएन-एसएमयू-86-25-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), (iv) सीएटीजी-आद्रा-पीआरआर-एसएमयू-82-24-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 28.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 28.04.25 को 13.00 बजे। ● कैटेगरी: पार्किंग। नीलामी कैटलॉग सं. : पीएआरके75, लॉट सं./कैटेगरी:** पार्किंग-आद्रा-पीबीए-टीडब्ल्यू-53-24-1 (पार्किंग - टू व्हीलर), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 28.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 28.04.25 को 12.30 बजे। ● कैटेगरी: पी एंड यू। नीलामी कैटलॉग सं. : एनएफआरडब्ल्यूआरएल, लॉट सं./कैटेगरी:** पीएनयू-आद्रा-पीआरआर-डब्ल्यूआरएल-57-25-1 (पे एंड यूज-लाउंज/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लोक रूम्स), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 25.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 25.04.25 को 12.30 बजे। नीलामी कैटलॉग सं. : पे एन यू19, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) पीएनयू-आद्रा-बीक्यूए-टीओआई-55-25-1 (पे एंड यूज - टॉयलेट), (ii) पीएनयू-आद्रा-बीकेएससी-टीओआई-48-25-1 (पे एंड यूज - टॉयलेट), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 21.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 21.04.25 को 12.40 बजे। ● कैटेगरी: विज्ञापन। नीलामी कैटलॉग सं. : एडीवीटी64, लॉट सं./कैटेगरी:** (i) एडीवीटी-आद्रा-पीआरआर-ओएच-16-25-2 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), (ii) एडीवीटी-आद्रा-वीएसयू-ओएच-17-25-2 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), (iii) एडीवीटी-आद्रा-केएसएक्स-ओएसएन-128-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), (iv) एडीवीटी-आद्रा-ओडीएम-ओएसएन-127-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट): 21.04.25 को 12.00 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय : 21.04.25 को 13.00 बजे। टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट:**www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल देखें। यदि कोई पूछताछ/स्पष्टीकरण हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-48) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# खेत में मिली बिजली मिस्त्री की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** परसा गांव के एक खेत में विद्युत पोल के समीप युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।घटना स्थल के पास मृतक का मोबाइल और पास में सड़क पर खड़ी मोटरसाइकिल भी मिली है। मृतक की पहचान पंचायत के ही बोरज गांव के स्व राज कुमार झा के पुत्र संतोष झा के रूप में हुआ है। इधर सूचना मिलते शिवाजीनगर पुलिस घटना स्थल पहुंच परिजनों से पूछ ताछ करते हुए मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। परिजन हत्या कर शव को खेत में रख देने का आरोप लगा रहे थे। दोपहर बाद घटना स्थल पर रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी के पहुंचने के बाद आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इधर घटना की जानकारी मिलते शव के पास लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक युवक की पत्नी रूमन झा ने बताया कि उनके पति बिजली मिस्त्री का काम करते थे। बीती रात किसी ने उन्हें फोन पर बिजली ठीक करने को लेकर बुलाया था उसके बाद वह घर से निकले थे। बीती रात उनके मोबाइल से मैसेज आया कि मैं बाद में कॉल करता हूं। पीड़ित पत्नी ने बताया कि उन्हें मोबाइल पर मैसेज भेजना नहीं आता था। घर से निकलने के बाद से ही उनके मोबाइल पर रात भर फोन करते रहे ।लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि



बगल के परसा गांव समीप एक खेत में विद्युत खंबे के नीचे उनका शव पड़ा हुआ है। परिवार के लोगो ने बताया कि मृतक युवक के सिर और पैर में तेज धारदार हथियार से वार कर गहरा जख्म किया गया है। दोपहर तक आक्रोशित परिजन वरीय पदाधिकारी को बुलाने और जांच कर दोषी हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इधर घटना को लेकर रोसरा डीएसपी सोनल कुमारी ने बताया कि पुलिस के द्वारा एफएसएल टीम समस्तीपुर और डॉग स्क्वायड मुजफ्फरपुर टीम के सहयोग से सभी अपेक्षित बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शिवाजीनगर थानाध्यक्ष छोटे लाल सिंह, हथौड़ी थाना ध्यक्ष नरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# स्वीट कॉर्न और बेबी कॉर्न की खेती को दिया जायेगा प्रोत्साहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को कृषि भवन, पटना में मुजफ्फरपुर जिले के लक्ष्मण नगर निवासी प्रगतिशील किसान उमाशंकर सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिंह की खेती से जुड़ी नवाचारपूर्ण उपलब्धियों की सराहना की और विभाग की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उमाशंकर सिंह, जो लगभग 10 एकड़ भूमि पर खेती करते हैं, ने पारंपरिक खेती से हटकर केले, हल्दी, स्वीट कॉर्न और बेबी कॉर्न फसलों की खेती शुरू की है।

इन प्रयासों से उन्हें बेहतर आमदनी प्राप्त हो रही है और वे क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। इस अवसर पर सचिव कृषि अग्रवाल ने कहा कि ऐसे किसानों को प्रोत्साहित करना विभाग की प्राथमिकता है। कृषि में विविधीकरण और मूल्य वर्धित फसलों की ओर बढ़ने से किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उमाशंकर जैसे किसान राज्य के कृषि परिदृश्य को सकारात्मक दिशा में ले जा रहे हैं।

सचिव कृषि ने बताया कि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत उच्च मूल्य फसलों की खेती के लिए 75 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

गरमा मौसम के लिए फिलहाल बीज अनुदान की दर बेबी कॉर्न के लिए 50 प्रतिशत या 500 रुपये प्रति किलोग्राम, तथा स्वीट कॉर्न के लिए 50 प्रतिशत या 1500 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित है। विभिन्न जिलों में किसान इन फसलों की ओर आकर्षित हो रहे है। किसानों की बढ़ती रूची को देखते हुए विभाग इन फसलों के लिए तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने पर बल दे रहा है।

अग्रवाल ने बताया कि राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और किसानों को मूल्यवर्धित कृषि की ओर प्रेरित करना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में स्थायित्व और नवाचार को भी बल मिलेगा।

कृषि विभाग भविष्य में भी ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित करता रहेगा और किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने का कार्य करता रहेगा।

# रेल के पार्सल पैकेज से अंग्रेजी शराब की खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जंक्शन पर पार्सल पैकेज से 280 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद मामले में 36 घंटे बाद भी रेल पुलिस की हाथ खाली है।

किस लीज पार्सल वैन से शराब से शराब भेजी गई, इसका पता करने में पुलिस के साथ रेल कर्मियों के पसीने भी छूट रहे हैं। इसके चलते रेल पुलिस के साथ रेल कर्मी भी उलझ गए हैं। इधर सीसी कैमरे खराब होने के चलते यात्रियों की सुरक्षा के साथ भारी खिलवाड़ हो रहा। आपराधिक घटनाओं के उद्भेदन करने में भी देरी हो रही। हालांकि यह कोई मुजफ्फरपुर स्टेशन का ही मामला नहीं, देश के बहुत सारे रेलवे स्टेशनों पर भी कमोवेश यही स्थिती बनी हुई है। इधर ट्रेनों के कोच में लगे सीसी कैमरे भी सफेद हाथी बना हुआ है।

चोरी, छितनई की घटना होने पर पुलिस को कोच में लगे सीसी कैमरे की जानकारी नहीं मिल पा रही। ट्रेन में हुई एक चोरी की वारदात का पता लगाने के लिए मुजफ्फरपुर रेल पुलिस कोलकाता गई थी।

वहां के आरपीएफ ने फुटेज देने से इंकार कर दिया। मजे की बात यह कि पुलिस को भी ट्रेनों के कोच में लगे सीसी कैमरे की फुटेज नहीं मिल पा रही, ऐसे में असली अपराधी तक पहुंचने में पुलिस को परेशानी हो रही है।

हालांकि वैज्ञानिक अनुसंधान से पुलिस कई मामले का उद्भेदन भी की है। लेकिन स्टेशन और ट्रेनों के कोच में लगे सीसी कैमरे का फुटेज नहीं मिलना यात्रियों की सुरक्षा को लेकर खिलवाड़ के साथ रेलवे के अधिकारियों पर एब बड़ा सवालिया निशान लग रहा है।

शराब पकड़ाने के मामले में रेल अधिकारियों के बीच हड़कंप

जंक्शन पर अंग्रेजी शराब पकड़ाने के मामले में पूर्व मध्य रेल से लेकर सोनपुर रेल मंडल के उच्चाधिकारों में हड़कंप



व्याप्त है।

कमर्शियल, आरपीएफ से लेकर सभी विभागों के अधिकारियों के आदेश अलग-अलग जांच शुरू कर दी है। इधर आरपीएफ द्वारा पता लगाया जा रहा कि किस ट्रेन की लीज वैन से अंग्रेजी शराब भेजा गया था।

उधर पार्सल विभाग द्वारा पार्सल पैकेट का पता लगाया जा रहा है कि किस समय किसकी ड्यूटी प्लेटफार्म पर थी और किस ट्रेन की लीज वैन से उतारा गया है।

लीज पार्सल वैन के पैकेजों पर भेजने वाले,-पाने वाले का पूरा पता अंकित नही रहता है। लेकिन पार्सल से भेज जो भी माल जाता है, उन सभी पर नाम व पते सटा रहता है।

नाम, पते वाले पैकेज को खोजना काफी आसान होता है, लेकिन बिना नाम-पते के पार्सल पैकेज के बारे में पता लगाना काफी मुश्किल होता है।

रविवार को जंक्शन पर पार्सल पैकेज में पकड़ी गई 280 बोतल अंग्रेजी शराब के मामले में भी नाम, पता नहीं होने पर इसका पता लगाना पुलिस के चुनौती का सबब है।

रेलवे की ऐसी व्यवस्था के कारण लीज वैन से लगातार अपत्तिजनक सामान आ रहे हैं। एक साल पहले भी इसी तरह से बड़ा पार्सल पैकेज से भारी मात्रा में शराब पकड़ी गई थी।

इसमें रिसिवर को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उसमें कुछ और तस्करों का भी नाम आया था, लेकिन उन तस्करों पर पुलिस की ओर से क्या कुछ कार्रवाई की गई, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है।


## पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-05-07-24-25-26 (ओपन), दिनांक 11.04.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-05-25-26; **कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/3/आसनसोल के अधीन पानागढ़ में 02 मानव रहित लेवल क्रॉसिंग (पीएमबी/1031 एवं 1032) पर 2 सेट हाइट गेज के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 25,29,083.76; **बयाना राशि :** रु. 50,600; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 06 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.** ओ-एसी-टी-06-25-26; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल में प्रमुख पुलों पर मानक ब्रिज बोर्ड, इंस्पेक्शन स्टेप एवं बैलास्ट गार्ड वॉल इत्यादि का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,27,70,216.98; **बयाना राशि :** रु. 2,13,900; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 09 महीने। **क्रमांक 3, केस सं.** ओ-एसी-टी-07-25-26; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में एईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन विभिन्न पुलों तथा उसके उपकरणों के मजबूतीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,27,94,768.59; **बयाना राशि :** रु. 2,64,000; **कार्य हेतु समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक के लिए 09.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-18/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### संक्षिप्त समाचार

## वाराणसी में 25 हजार का इनामी अरेस्ट

### ससुराल के पास से पकड़ाया, 5 साल से चल रही थी तलाश; दर्ज हैं कई मामले

**वाराणसी , एजेंसी।** लंका पुलिस ने पांच साल से फरार चले गैंगेस्टर में वांछित 25 हजार के इनामी विशाल चौधरी को मार्डन मैरेज लॉन रामनगर से रविवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के ऊपर गैंगेस्टर का मुकदमा 2020 में दर्ज होने के बाद से रायबरेली चला गया था।



जानकारी के अनुसार, रायबरेली से वापस आकर रामनगर में अपने ससुराल से कुछ दूरी पर किराए पर कमरा लेकर रहता था। आरोपी का ससुराल रामनगर में है। पत्नी-बच्चे ससुराल में रहते हैं। मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता था। आरोपी को लंका थाने पर एसीपी भेलूपुर डॉक्टर ईशान सोनी ने पेश करते हुए घटना का खुलासा किया। इसके खिलाफ भेलूपुर लंका दशाश्वमेध में धोखाधड़ी रंगदारी बलवा सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में शिवाकांत मिश्रा सिपाही कमल सिंह यादव हृदय कुमार अमित शुक्ला कृष्णकांत पांडेय शामिल है।

## संवाद में शिरकत करेंगी बेबी रानी मौर्य

### महिला कल्याण और सुपोषित बचपन की तस्वीर पर रखेंगी विचार

**आगरा, एजेंसी।** एक बार फिर 17-18 अप्रैल को प्रतिष्ठित कार्यक्रम संवाद का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के विकास समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। देश की जानी-मानी शख्सियतें, नीति-नियंता, विचारक-विशेषज्ञ श्रोताओं से रू-ब-रू होंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की बाल विकास व पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य भी शामिल होंगी। वो सुपोषित बचपन समेत अन्य मुद्दों पर अपने विचार रखेंगीं। आइए कार्यक्रम से पहले उनके बारे में जानते हैं... उत्तर प्रदेश की बाल विकास व पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य उत्तराखंड की राज्यपाल रह चुकीं हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में आगरा ग्रामीण से चुनाव जीता और सीएम योगी की टीम में स्थान प्राप्त किया। बता दें कि बेबी रानी मौर्य आगरा की मेयर भी रह चुकी हैं। उत्तराखंड के राज्यपाल के तौर पर बेबी रानी मौर्य ने 26 अगस्त 2021 को तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। इसके बाद सितंबर 2021 में उन्होंने राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया था। बेबी रानी मौर्य राज्य बाल आयोग की सदस्य रह चुकी हैं। पूर्व में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य भी रह चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2007 में एत्मादपुर सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था।



### सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ...,

# सीएम योगी बोले- यह समयबद्ध, सहज और सरल भी हो

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ। यह समयबद्ध, सहज और सरल हो। एक सामान्य कर्मचारी भी वहां तक पहुंच बना सके। उसकी समय पर सुनवाई और मेरिट के आधार पर मामलों का निस्तारण हो, यह जरूरी है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि संविधान शिल्पी डॉ. आंबेडकर की जयंती दलित, वंचित वर्ग को न्याय दिलाने के रूप में मनाई जा रही है। हमारे न्यायालय में बहुत मामले लंबित हैं, इसलिए ट्रिब्यूनल के स्तर पर मामलों की अलग से सुनवाई हो। ट्रिब्यूनल समयबद्ध तरीके से न्याय प्रदान कर सके, यह सरकार की प्राथमिकता में है। कैट की भूमिका भी ऐसी ही है।

**कर्मियों को न्याय देने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा–** केंद्रीय सरकार से जुड़े हुए विभिन्न सरकारी उपक्रम और शासकीय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों को न्याय देने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



आज यहां पर 16 जिलों के केंद्रीय कर्मियों के लिए कैट की व्यवस्था की गई है। मुझे विश्वास है कि किसी मजबूरी में कर्मियों को यहां आना पड़ा तो उन्हें न्याय मिलेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष कैट नई दिल्ली न्यायमूर्ति रणजीत मोरे, विभागाध्यक्ष कैट लखनऊ न्यायमूर्ति अनिल कुमार ओझा, प्रशासनिक सदस्य कैट लखनऊ संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

**छह हजार से अधिक मामले निस्तारित–** सीएम ने कहा कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच लखनऊ पीठ ने 6700 मामलों में से 6000 से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। बहुत सारे मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठा कर सुना जाए तो जल्द निस्तारण हो सकता है। प्रदेश में वर्ष 2017 में राजस्व के 33 लाख मामले लंबित थे, आठ साल में 10 लाख नये मामले भी आए। इनमें बहुत सारे छोटे मामले भी थे। सरकार ने इनको मेरिट के आधार पर समय पर निस्तारित कराने को कहा। ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई। बीते आठ वर्षों में 34 लाख मामलों को निस्तारण किया गया।

### योगी सरकार में जमीन ट्रांसफर हुई : डॉ. जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से ही कैट का भव्य भवन बनकर तैयार हुआ है। आपकी सरकार में जमीन के ट्रांसफर का काम शुरू हुआ। सीएम ने 1825 स्क्वायर फीट जमीन देने में तनिक भी देर नहीं लगाई।

### गोरखपुर एयरपोर्टः देर से आई इंडिगो की फ्लाइट , छूट गया दुबई का विमान

# माननीय ने वीआईपी लाउंज में घंटों गुजारे



**गोरखपुर, एजेंसी।** एयरपोर्ट पर सोमवार को भी यात्रियों को फ्लाइट की लेट लतीफी से परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम के समय इंडिगो की मुंबई जाने वाली फ्लाइट देर से एयरपोर्ट पर आई। इस कारण एयरपोर्ट पर आए कौड़ीराम के रमेश और बड़हलगंज के एक यात्री की मुंबई से उड़ान भरने वाली दुबई की फ्लाइट छूट गई।

दोनों ने टिकट निरस्त कराकर आगे के दिनों में बुक कराया। वहीं दिल्ली जाने के लिए केंद्रीय मंत्री को भी एक घंटे इंतजार करना पड़ा। सोमवार शाम करीब पांच बजे एयरपोर्ट के बाहर मुंबई, दिल्ली, बंगलूरू से फ्लाइट से आने वाले यात्रियों का उनके परिजन इंतजार करते दिखे। परिजनों का कहना था कि अभी तक रेलवे स्टेशन पर ही खड़े होकर इंतजार किए हैं। पहली बार एयरपोर्ट पर एक घंटे से फ्लाइट आने का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना था कि इमरजेंसी में जल्दी पहुंचने के लिए फ्लाइट से अधिकतर लोग सफर करते हैं।

अगर यहां भी देर होने लगेगी तो फिर कहां जाएंगे। बंगलूरू से आई शहर में रहने वाली रूह अफजा खातून ने बताया कि करीब 20 मिनट तक फ्लाइट में बैठी रहीं। इसके बाद उतरने दिया गया। बताया जा रहा था कि रनवे खाली नहीं है, इस वजह से ऐसा हुआ। एयरपोर्ट के बाहर खड़े परिजनों का लगातार कॉल आ रहा था।

### पिता की मौत के बाद आए, फ्लाइट में हो गई देर

सिद्धार्थनगर के कमलेश तिवारी ने बताया कि चार दिन पहले मुंबई गया था। पिता की मौत की सूचना मिलने पर फिर जल्दी–जल्दी फ्लाइट से वापस आया हूं। गोरखपुर में 5 :20 बजे फ्लाइट का उतरने का समय था। लेकिन यहां पर एक घंटे विलंब से 06 :20 बजे एयरपोर्ट पर फ्लाइट उतरी है।

### वीआईपी लाउंज में करीब एक घंटे बैठे रहे केंद्रीय मंत्री

सुबह 10 :10 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 30 मिनट की देरी से रवाना हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री वीआईपी लाउंज में करीब एक घंटे तक बैठे रहे। इसके अलावा, दिन भर में बंगलूरू, कोलकाता, मुंबई और दिल्ली जाने वाली कुल आठ फ्लाइटें 30 मिनट से लेकर एक घंटे तक देर हुई। इसी तरह अपराह्न 3 :50 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एक घंटे देर से उड़ी। शाम 4 :55 बजे बंगलूरू जाने वाली फ्लाइट 35 मिनट, 5 :05 बजे कोलकाता जाने वाली 32 मिनट और 5 :55 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट एक घंटे की देरी से उड़ी। शाम 6 :40 बजे मुंबई जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट 50 मिनट, 7 :25 बजे बंगलूरू जाने वाली अकासा एयर की फ्लाइट 50 मिनट और रात 8 :00 बजे दिल्ली जाने वाली स्पाइस जेट की उड़ान 45 मिनट की देरी से रवाना हुई। अधिकांश आगमन वाली फ्लाइटें भी 10 से 30 मिनट की देरी से पहुंचीं।

## पति ने फोन पर आखिर ऐसा क्या कहा...पत्नी ने फांसी लगा दे दी जान- शादी को हुए थे एक साल

**गोरखपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के धुधुरी गांव निवासी विवाहिता ने मुंबई में पति के साथ रहने की जिद पर कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। गगहा क्षेत्र के सखरुआ निवासी रामबली उर्फ अशोक गौंड की 23 वर्षीय पुत्री पिंकी की शादी 18 फरवरी 2024 को बड़हलगंज क्षेत्र के धुधुरी के जवाहर गौड़ के पुत्र विशाल के साथ हुई थी। पिंकी के पति विशाल चार माह पूर्व कमाने के लिए मुंबई चले गए। घर पर पिंकी के अलावा उसके ससुर जवाहर व देवर रहते हैं। सास की मौत हो चुकी है। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह पिंकी ने पति विशाल से बात की और साथ रहने की इच्छा जताई। पति ने वृद्ध पिता व छोटे भाई की देखरेख का हवाला देते हुए अभी घर पर ही रहने की बात कही थी। इसको लेकर दोनों में नोकझोंक भी हुई। दोपहर में पिंकी ने पति को मैसेज भेजकर कमरे में फंदा लगा लिया। इधर, सूचना पर सीओ मनोज कुमार व नायब तहसीलदार जयप्रकाश, कोतवाल चंद्रभान सिंह मौके पर पहुंचे और छानबीन की। सीओ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि घटना से पहले पिंकी ने पति के मोबाइल पर मैसेज भेजा था। इसमें उसने पति के साथ रहने की बात लिखी थी। पुलिस उसका मोबाइल जब्त कर जांच कर रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

## भाभी की हत्याः आखिरी बार गली में देवर संग बात करती दिखी थी सरोज, तीन दिन बाद बोरे में मिली लाश

**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मुजफ्फरनगर सिखेड़ा थानाक्षेत्र में दौलतपुर गांव से सरोज 11 अप्रैल को लापता हुई थी। परिजनों ने महिला की काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगाले गए। महिला का देवर भंवर सिंह एक बोरे को बाइक पर ले जाता दिखाई दिया, लेकिन 15 मिनट बाद जब वह लौटा तो बोरा गायब था। पुलिस ने इस तथ्य पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने भी भंवर सिंह पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का कहना था कि सरोज ने कुंडल पहने थे, जो शव बरामद होने पर नहीं मिले। आरोप लगाया कि भंवर सिंह ने कुंडल लूटकर हत्या कर दी। सिखेड़ा पुलिस ने बताया कि गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी। सरोज गली में भंवर सिंह के साथ बात करती नजर आ रही है। इसके बाद वह उसके घर में चली गई, लेकिन वापस नहीं लौटी। कुछ देर बाद आरोपी एक बार बाइक पर बोरा रखकर जाते हुए दिखाई दिया। आरोपी भंवर सिंह जब वापस लौटा तो बोरा नहीं था। सोमवार को बोरे में ही महिला सरोज का शव जनपद मेरठ के थाना सरधना के गांव कालंदी के रजबहे में मिला। यह रजबहा गांव दौलतपुर से होते हुए मेरठ क्षेत्र में जाता है। पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या उसके देवर ने ही की है। देवर खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। सीओ नई मंडी रूपाली रॉय ने बताया कि मामले में जांच व आरोपी की तलाश की जा रही है।

**रजबहे का पानी भी रुकवाया गया–** सरोज की तलाश में परिजन इधर-उधर घूम रहे थे। परिजनों ने 12 अप्रैल को रजबहे का पानी रुकवाकर उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला सका। दोबारा पानी छोड़ दिया गया, जिससे शव बहता हुआ मेरठ जनपद तक पहुंच गया।

# लाइनमैन की करंट से मौत पर हंगामा, परिजनों ने फीडर पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**बिजनौर, एजेंसी।** बिजनौर जनपद के शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव हरेवली फीडर पर सोमवार को शटडाउन के बावजूद बिजली चालू कर देने से 30 वर्षीय लाइनमैन कोमल की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को फीडर पर रखकर प्रदर्शन किया। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और परिजनों को मुआवजे दिलाने की मांग की। बता दें कि थाना क्षेत्र ग्राम इनायतपुर निवासी कोमल (30 वर्ष) पिछले 10 वर्षों से प्राइवेट लाइनमैन के रूप में हरेवली फीडर पर काम करता आ रहा था। सोमवार को फीडर से शटडाउन लेकर अपने साथी ऋषभ के साथ बिजली के खंभे पर काम करने गए थे। कोमल ने पोल पर चढ़कर दो तार जोड़ लिए थे। लेकिन जैसे ही तीसरा तार जोड़ने की कोशिश की। तब इस दौरान अचानक तारों में करंट दौड़ गया। करंट लगने से कोमल कई फीट ऊंचे पोल से नीचे गिर गए। जिससे घटनास्थल पर ही लाइनमैन कोमल की मौत हो गई। मंगलवार को घटना से गुस्साए परिजन ग्रामीणों के साथ हरेवली फीडर पर पहुंचे। मृतक युवक के शव को फीडर पर रख प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। पुलिस ने मृतक युवक केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



**अधिकारियों ने मृतक पुत्र को संविदा पर नौकरी और मुआवजा दिलाने का दिया भरोसा –** घटना का पता लगने पर एचडी में रितु रानी, अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ जांच करकार्रवाई का भरोसा दिलाया। साथ ही मृतक के परिवार को 7.5 लाख की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित छोटे-छोटे चार बच्चों का परिवार रोता बिलखता छोड़ गया।

# 30 साल से लापता मुजरिम की उम्रकैद पर मुहर, एसएसपी को गिरफ्तारी का आदेश

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 30 साल से लापता हत्या के मुजरिम को मिली उम्रकैद पर मुहर लगा दी। कोर्ट ने कहा कि मुजरिम की गैर मौजूदगी में भी अदालत गुण-दोष के आधार पर अपील का निस्तारण कर सकती है। साथ ही इटावा के सीजेएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लापता मुजरिम को गिरफ्तार करनें का आदेश दिया है। यह फैसला न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला और न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की अदालत ने इटावा के लक्ष्मण की ओर से ट्रायल कोर्ट के दंडादेश को चुनौती देने वाली अपराधिक अपील को खारिज करते हुए सुनाया है। कोर्ट ने कहा है

करीब 43 साल बाद आये फैसलें में कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के मामले को साबित करने के लिए साक्ष्य की मात्रा नहीं बल्कि उसकी गुणवत्ता की आवश्यकता होती है। भले ही दो गवाह पेश किये गये लेकिन उन्होंने बतौर चश्मदीद घटना की पुष्टि की। प्रकाश के स्रोत को साबित किया गया है। साथ ही घटना की एफआईआर शीघ्रता से दर्ज हुई है। कोर्ट ने



हथियारों की बरामदगी पर उठे सवाल को भी खरिज कर दिया। कहा कि घटना के बाद, अभियुक्त तीन महीने फरार रहा। आत्मसमर्पण के बाद पुलिस हिरासत के बजाय जेल भेज दिया गया। ऐसे में अपराध में प्रयुक्त हथियार बरामद नहीं किया जा सका। घटना 43 साल पहले इटावा के फफूंद थाना क्षेत्र की है। 25 अक्टूबर 1982 की रात एक बजे गांव के चौकीदार कुंजी लाल की गोली मार हत्या कर दी गई। मृतक के भतीजे श्याम लाल ने लक्ष्मण व शिवनाथ उर्फ कैप्टन को नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। करीब तीन महीने फरार रहा कैप्टन पुलिस मुठभेंड में मारा गया जबकि लक्ष्मण ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया। विवेचना में पता लगा कि दोनों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामलें दर्ज थे। मृतक चौकीदार उनकी गिरफ्तारी में पुलिस की मदद कर रहा था। इससे खफा होकर दोनों ने घटना को अंजाम दिया था। विवेचना के बाद पुलिस ने 15 फरवरी 1983 को लक्ष्मण के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया, जबकि अज्ञात मुल्जिमों का पता नहीं चला। 30 जुलाई 1983 को इटावा की सत्र अदालत ने लक्ष्मण को उम्रकैद व 5000 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। दंडादेश के खिलाफ दोषी लक्ष्मण ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।दलील दी कि अभियोजन में गवाह कई बनाये लेकिन ट्रायल कोर्ट में परीक्षण केवल दो का कराया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद नहीं किये। हाईकोर्ट ने उसे जमानत दे दी थी। इसके बाद वह अदालत में हाजिर नहीं हुआ। 2018 में अपील सुनवाई पर लगी तो उसके वकील भी पेश नहीं हुए। कोर्ट ने इटावा के सीजेएम से रिपोर्ट तलब की तो पता लग पिछले 30 साल से वह लापता है।

## पूर्व मंत्री के नाती का दुस्साहस, जिस युवती के चक्कर में पहले गया जेल...अब फिर किया उस पर हमला

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एमजी रोड पर इनोवा सवार चालक ने जयपुर हाउस के कारोबारी की बेटी की कार में तीन बार साइड से टक्कर मारी। पीड़िता ने भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश चौधरी पर कार से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। घबराई हुई हालत में पीड़िता थाना हरीपर्वत पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। दिव्यांश इसी युवती पर जानलेवा हमले के आरोप में जमानत पर छूटा है। पुलिस सीसीटीवी चेक कर रही है। जयपुर हाउस के जूता कारोबारी की बेटी अपने चालक के साथ कार से मेरठ से अपने घर लौट रही थी। घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की है। युवती ने बताया कि वह अपने चालक के साथ इनोवा सवार ने उसकी कार को बराबर में आकर तीन बार साइड मारी। आरोप है कि इनोवा में दिव्यांश चौधरी था। घटना के बाद से परिवार ने अपनी जान का खतरा जताया है।

**मुकदमा हुआ दर्ज–** थाना प्रभारी हरीपर्वत प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय महाडिक ने बताया कि युवती ने जिस गाड़ी का जिक्र किया है, उसके आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपी पूर्व में भी इस युवती के मामले में जेल गया था। पुलिस साक्ष्य संकलन के लिए सीसीटीवी फुटेज भी निकाल रही है। युवती को सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है।

### क्या था पुराना मामला

जयपुर हाउस स्थित कारोबारी की बेटी ने 15 अप्रैल 2024 को हत्या के प्रयास का केस लिखाया था। आरोप पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश पर लगाया गया था। यह मामला खासा सुर्खियों में रहा था। पंजाबी समाज की पंचायत तक हुई थी। जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस कुर्की की कार्रवाई करती, इसके पहले वह समर्पण करके जेल चला गया था। ठीक एक साल बाद उसी तरह की घटना हुई है। दिव्यांश को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

# 15 अगस्त से पहले पीएम और सीएम कर सकते हैं पटना मेट्रो का उद्घाटन : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से अगस्त के मध्य तक पटना मेट्रो शुरू करने की तैयारी की जा रही है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक चलता रहा तो इस साल 15 अगस्त से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना मेट्रो का उद्घाटन कर सकते हैं। वहीं, राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया है कि इस साल उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के मलाही पकड़ी से आईएसबीटी सेक्शन पर मेट्रो चलाने की तैयारियां जोरों पर है। मेट्रो सेवा की शुरूआत में तीन रेक होंगे जिनमें एक बार में लगभग 150 यात्री सफर कर सकेंगे। धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए रेक की संख्या और कोच की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। एक मेट्रो ट्रेन में अधिकतम छह कोच तक जोड़े जा सकते हैं। यात्रा के किराये की बात करें तो एक सवारी के लिए किराया 10 रुपये से 60 रुपये के बीच प्रस्तावित किया गया है। अंतिम निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बने पैनल द्वारा लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि पटना मेट्रो के हर कोच में एसी की सुविधा होगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई कनेक्टिविटी और मोबाइल चार्जिंग सॉकेट्स भी लगाए जा रहे हैं। स्टेशनों को भी पूरी तरह आधुनिक बनाया जा रहा है जहां कैफेटेरिया और शॉपिंग जोन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। पटना मेट्रो के उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर का मलाही पकड़ी से आईएसबीटी वाला सेक्शन पहले चरण में सक्रिय किया जा रहा है। कुल 14.45 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का 6.63 किमी हिस्सा एलिवेटेड है। इस हिस्से में पांच प्रमुख स्टेशन होंगे। मलाही पकरी, खेनीचक, भूतनाथ, जीरो माइल और आईएसबीटी। इसके अलावा पटना विश्वविद्यालय की दिशा में दो और स्टेशनों के लिए ट्रैक बिछा दिए गए हैं जिन्हें बाद में चालू किया जाएगा। उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर-2 मलाही पकरी से शुरू होकर राजेंद्र नगर, पटना विश्वविद्यालय, गांधी मैदान और रेडियो स्टेशन होते हुए पटना जंक्शन तक फैला हुआ है। इसकी कुल लंबाई 14.57 किलोमीटर है जिसमें से 8.08 किलोमीटर भाग भूमिगत है। इस परियोजना की नींव प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में रखी थी। दूसरी ओर दानापुर से बेली रोड होते हुए खेमनीचक तक फैले 17.93 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर-1 पर भी काम जोरों पर है। हालांकि गोलारोड से पटना स्टेशन तक भूमिगत नेटवर्क के निर्माण में कुछ देरी हुई है जिसका कारण निर्माण कंपनियों के चयन में विलंब बताया गया है। जल्द ही दानापुर से गोला रोड तक एलिवेटेड हिस्से पर ट्रैक बिछाने का काम शुरू होगा। इस कॉरिडोर में कुल 14 स्टेशन होंगे जिनमें सगुना मोड़, आरपीएस मोड़, पाटलिपुत्र, रुकनपुरा, चिड़ियाघर, विकास भवन और विद्युत भवन जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।

# जीतन राम मांझी की कोई नाराजगी नहीं : दिलीप जायसवाल

## पूरी मजबूती के साथ हमलोग बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एनडीए में शामिल हिन्दुस्तानी आवास मोर्चा(हम) के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के गठबंधन में उनके साथ सौतेला व्यवहार किए जाने के आरोप पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनकी कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने कहा कि मांझी जी तो हमसे भी अधिक खुश हैं। आज सुबह ही मुलाकात हुई थी, वह बहुत खुश हैं और उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। एनडीए में कही कोई दिक्कत नहीं है। पूरी मजबूती के साथ हमलोग बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

दिलीप जायसवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत होगी और एनडीए की सरकार बनेगी। तेजस्वी यादव के मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि इन लोगों का गठबंधन बेमेल गठबंधन है। दोनों तराजू पर मेंढक की तरह हैं। एक इधर से उछल के जाएगा, एक उधर से उछल कर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यहां बड़ी भूमिका में आना चाहती हैं, लेकिन राजद कभी उन्हें बड़ी भूमिका में आने नहीं देना चाह रहा है। इसलिए इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस की एनडीए छोड़ने पर उन्होंने कहा कि मेरा गठबंधन लोक जनशक्ति पार्टी (रा) से है, हमको उस पार्टी से कोई मतलब नहीं है। उनका रहना नहीं रहना बिहार की राजनीति या एनडीए की सेहत पर कोई प्रभाव नहीं डालनेवाला है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बड़ा हमला करते हुए दिलीप जायसवाल ने उनको चेतावनी दी और कहा कि उनको अपने आदत में सुधार लाना चाहिए।

# प्रभावती देवी की पुण्यतिथि पर प्रभा स्मृति पर्व का आयोजन

## भाषण प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** महिला चरखा समिति, कदमकुआं, पटना में प्रभावती देवी की पुण्यतिथि पर प्रभा - स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। प्रार्थना उपरांत संगीत प्रशिक्षण हेतु प्रभा संगीत केंद्र का उद्घाटन किया गया तथा समिति में हस्त निर्मित उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी गई। अपराह्न 03:30 बजे महिला चरखा समिति सभागार में प्रभा स्मृति पर्व मनाया गया और 9-04-2025 को आयोजित भाषण प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता महिला चरखा समिति की अध्यक्षा प्रो० तारा सिन्हा ने किया। अतिथियों का स्वागत सह मंच संचालन महिला चरखा समिति की मंत्री डॉ० मृदुला प्रकाश ने किया। सभा में पूर्व संग्रहालय निदेशक पटना, बिहार डॉ० उमेश चन्द्र द्विवेदी एवं प्रो० ज्योति वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। पुरस्कार वितरण का संचालन कविता नाथ ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला चरखा समिति की कोषाध्यक्षा डॉ० मधुबाला वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए।

# तेजस्वी की कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात पर गरमायी बिहार की सियासत

## जदयू ने कांग्रेस को दी तेजस्वी को महागठबंधन का सीएम चेहरा घोषित करने की चुनौती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात पर सियासत गरमा गई है। जदयू और भाजपा ने इस मुलाकात पर तंज कसा है। इसको लेकर जदयू ने कांग्रेस को खुली चुनौती दे दी है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि हिम्मत है तो कांग्रेस तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार आज घोषित करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। क्या तेजस्वी जैसे दागदार नेता के आगे कांग्रेस आत्मसमर्पण करेगी? नीरज कुमार ने तेजस्वी को कहा कि ईडी सक्रिय है। सचेत रहिए। बिहार में हेर-फेर करिएगा तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में राजद से बेहतर स्ट्राइक रेट कांग्रेस और वाम दल का रहा। उन्होंने कहा कि राजद को उम्मीद थी कि आज तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार महागठबंधन का घोषित किया जाएगा, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। तेजस्वी को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया। कांग्रेस तिल-तिलकर परेशान कर रही है, लेकिन राजद राजनीतिक आत्मसमर्पण कर हर अपमान को झेल रही है। वेटिंग लिस्ट बरकरार है। नीरज कुमार ने कहा कि एनडीए में नेतृत्व को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए विधानसभा चुनाव लड़ेगा। 2025-30 नीतीश मुख्यमंत्री रहेंगे। नीतीश हैं तो निश्चिंत हैं। वहीं, तेजस्वी यादव की सक्रियता पर पूछे जाने पर नीरज कुमार ने कहा कि क्या लालू यादव राजनीतिक रूप से नाकाबिल हो गए हैं? उन्होंने कहा कि अगर वह नाकाबिल हैं तो पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर क्यों हैं? उनको हटाया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीतिक जमीर बचा है या नहीं। जो दफा 420 का आरोपी है जिसके ऊपर सैलरी घोटाला है, ये सारे साक्ष्य मौजूद हैं, कांग्रेस उसको अहमियत दे रही है। नीरज कुमार ने कहा कि कांग्रेस से हमारा राजनीतिक मतभेद है, लेकिन उनके पास स्वतंत्रता सेनानी की शानदार विरासत है। ऐसी स्थिति में तेजस्वी यादव और उनके पिता लालू यादव का नेतृत्व कांग्रेस स्वीकार कर रही है तो कांग्रेस की राजनीतिक दुर्गति को कोई नहीं बचा सकता है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस का एक ही एजेंडा है कि वह किसी भी परिस्थिति में बिहार में अपनी जमीन तलाश करे, लेकिन राजद ने कांग्रेस को औकात में रखने का ब्लू मैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद आने वाले समय में समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर समझौता करते भी हैं तो एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद और कांग्रेस की बैठक कोई चैलेंज नहीं है। पूरा इंडिया गठबंधन मिलकर भी लड़ेगा तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। उधर, दूसरी ओर तेजस्वी यादव की राहुल गांधी और खड़गे के साथ हुई बैठक पर राजद ने दावा किया है कि कांग्रेस आलाकमान की सहमति है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री उमीदवार हैं। इसमें कहीं भी किंतु-परंतु नहीं है।

# जैन धर्मावलंबियों ने भगवान पार्श्वनाथ का गर्भ कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का गर्भ कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान पार्श्वनाथ के गर्भ कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया।

# बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बड़ी उपलब्धि : डॉ. प्रेम कुमार

## प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन, 10,000 से अधिक लोगों की भागीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में पहली बार आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। चार मई से शुरू होकर पंद्रह मई तक चलने वाले इस मेगा इवेंट में देश भर से करीब 500 खिलाड़ी और 1500 तकनीकी स्टाफ सहित कुल 10,000 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। आयोजन पटना, गया, राजगीर, भागलपुर और बेगूसराय जिलों में किया जाएगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन को लेकर बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार प्रतियोगिता में 28 खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेलों का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार खेल क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने की दिशा में अग्रसर है। प्रेम कुमार ने कहा कि खेलो इंडिया की शुरूआत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई थी जिससे युवाओं को 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' जैसी योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि खेलों के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भी उजागर किया जाएगा। खेलों के डिजाइन में महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, पीपल वृक्ष, गोरैया, मधुबनी पेंटिंग और छठ पूजा जैसे प्रतीक शामिल किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2014 के बाद से देश के खेल बजट में तीन गुना की वृद्धि हुई है। 2014 में जहां यह बजट 850 करोड़ था, वहीं 2023 में यह बढ़कर 2,500 करोड़ हो गया है। खेलो इंडिया योजना के तहत अकेले 1,000 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है। इन प्रयासों का परिणाम यह रहा है कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में ओलंपिक में आठ पदक जीते हैं जबकि पिछले 60 वर्षों में कुल 15 पदक ही आए थे। बिहार में नालंदा जिले में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है जहां खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, उपकरण, खेल मैदान, पोषणयुक्त आहार और देशी-विदेशी प्रशिक्षकों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने खिलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण और बेटियों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय भी लिया है। प्रेम कुमार ने कहा कि अब समय बदल चुका है। कभी कहा जाता था 'खेलोगे, कूदोगे होगे खराब', लेकिन आज खिलाड़ी खेल के दम पर देश-विदेश में नाम कमा रहे हैं, सम्मान पा रहे हैं और बेहतर करियर बना रहे हैं। आज कहा जा सकता है–'खेलोगे, कूदोगे बनोगे नवाब।'

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक

## संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने पर बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा यात्री सुविधा, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यों की जानकारी तथा निर्धारित लक्ष्य से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल परिचालन में संरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया और कहा कि संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिये। निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने तथा नई योजनाओं के कार्यान्वयन में नई तकनीक के प्रयोग पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

# हरजोत कौर बम्हरा ने संभाला पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव का कार्यभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हरजोत कौर बम्हरा ने मंगलवार को बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में अपर मुख्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा उनकी नियुक्ति की अधिसूचना के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद अरण्य भवन में विभागीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं एवं क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। बम्हरा ने बैठक में विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने और आवश्यकतानुसार नए पद सृजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इको-डेवलपमेंट समिति/संयुक्त वन प्रबंधन समिति एवं फॉरेस्ट बाउंड्रीज को सुदृढ़ करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का भी आदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उन्होंने राज्य में अधिक से अधिक वृक्षारोपण के निर्देश दिए और कहा कि विभागीय योजनाओं को मंजूरी और क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) प्रभात कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविंदर सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्य नियोजना, प्रशिक्षण एवं विस्तार अभय कुमार द्विवेदी, विशेष सचिव अभय कुमार, मुख्य वन संरक्षक सुरेंद्र सिंह, मुख्य वन संरक्षक(आईटी) एस चंद्रशेखर, मुख्य वन संरक्षक संयुक्त वन प्रबंधन एस कुमारासामी, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक गोपाल सिंह, विशेष सचिव कंवल तनुज, संयुक्त सचिव चितरंजन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अंबेदकर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में पूमरे के प्रधान विभागाध्यक्षों व उच्चाधिकारियों सहित, यूनियन, एससीएसटी एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, न्याय एवं समरसता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। बाबा साहब के जयंती दिवस को विश्व में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहब को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। बाबा साहब को किसी जाति, धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय आदि में बांधकर नहीं रखा जा सकता है क्योंकि उन्होंने न केवल दबे-कुचले समाज को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए आवाज उठाई और मार्ग प्रशस्त किया बल्कि अर्थव्यवस्था, महिला उत्थान एवं सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए जिससे हमारी आर्थिक व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में काफी सुधार हुआ। महाप्रबंधक ने कहा कि बाबा साहब के जयंती के उपलक्ष्य में हमें यह प्रण लेना है कि उनके बताए गए प्रगतिशील मूल्यों का पालन करते हुए हम देश, समाज को ज्यादा समावेशी, ज्यादा प्रगतिशील बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# दानवीर भामाशाह जयंती समारोह चार मई को बापू सभागार में : मुकेश नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भामाशाह विचार मंच द्वारा पटना के बापू सभागार में 4 मई को होनेवाली भामाशाह जयंती समारोह की तैयारी बैठक आज बीआईए के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बिहार के संयोजक मुकेश नंदन ने कहा कि अब तलवार से लड़ने का युग नहीं है। अब कलम और संख्या बल से लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी जा रही है। ऐसे में भामाशाह के वंशज पीछे नहीं रहने वाले हैं। 4 मई, 2025 को पटना के बापू सभागार में हम सब अपनी चट्टानी एकता का उदाहरण पेश करेंगे और भव्य तरीके से भामाशाह जयंती समारोह मनाएंगे। उन्होंने कहा कि भामाशाह की याद में आयोजित यह समारोह एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नरेश साव ने कहा कि भामाशाह शूरवीर, दानवीर और धर्मवीर थे। वे हिंदुत्व के सच्चे योद्धा थे। भारत मां के ऐसे वीर सपूत की याद में राज्य भर के लोग पटना पहुंच रहे हैं। जयंती समारोह की सह- संयोजक कंचन गुप्ता ने कहा कि आयोजन को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। राज्य के लगभग 38 जिलों से महिलाएं समारोह में शामिल होने जा रही हैं। मंच के वरीय पदाधिकारी प्रिंस राजू ने कहा कि समारोह को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। वरीय पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि भामाशाह के वीर वंशज इस आयोजन के जरिए अपनी एकता का मिसाल पेश करेंगे। डॉक्टर मंटू मल्होत्रा ने कहा कि भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

# स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया जाएगा 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' : मंगल पांडेय

## फायर सेफ्टी विभाग के सहयोग से होगा फायर सेफ्टी मॉकड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है। इस लिहाज से स्वास्थ्य संस्थानों में रोगी, कर्मचारी एवं रोगियों के परिजनों की किसी भी दुर्घटना से बचाव करना जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य संस्थानों को अग्निरोधी बनाने के लिए 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक सरकारी अस्पतालों में 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाया जाएगा। साथ ही राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा फायर सेफ्टी आडिट नियमित रूप से कराने पर जोर भी दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अग्नि से सुरक्षा जलवायु परिवर्तन, मानव स्वास्थ्य और आपदा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम का अभिन्न अंग है। श्री पांडेय ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान अस्पताल कर्मियों को अगलगी की आपात स्थिति से निपटने के गुर सिखाए जाएंगे। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही उन्हें आग लगने पर 'क्या करें' और 'क्या न करें' के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला अंतर्गत फायर सेफ्टी विभाग के सहयोग से फायर सेफ्टी मॉकड्रील भी कराया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने से आपात स्थिति पैदा होने के दौरान इससे बचाव के तरीकों पर विशेष जोर दिया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान विपरीत परिस्थिति में चलने फिरने में असमर्थ एवं चलने फिरने वाले रोगियों को अस्पताल से खाली करा कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आईसीयू, ओटी, स्पेशल वार्ड, इन्फैन्ट वार्ड के लिए फायर सेफ्टी से संबंधित योजना का निष्पादन किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान केंद्र द्वारा आनलाइन जागरूकता वेबिनार भी आयोजित किए जाएंगे जिसमें मेडिकल छात्र एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अग्नि सुरक्षा सप्ताह से अस्पतालों के साथ मरीजों की जीवन रक्षा की प्राथमिकता को बढ़ावा मिलेगा।

# प. बंगाल में सरकार नाम की चीज नहीं रही: तरुण चुग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा की घटनाओं पर मंगलवार को कहा कि वहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं रही। उन्होंने ममता सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता अब 'गुंडों' की भूमिका में आ गये हैं और पूरे राज्य में हिंसा की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना जिन्ना से करते हुए कहा कि वह आधुनिक 'जिन्ना ' बन चुकी हैं। भाजपा के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने बिहार आये चुग पटना एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अब मुस्लिम लीग की तरह व्यवहार कर रही है और हिन्दुओं को चुन चुन कर निशाना बना रही है।

## संपादकीय

# उलटी पड़ी ट्रंप की टैरिफ रणनीति

अमेरिकी राष्ट्रपति को अब शायद यह बात समझ आने लगी है कि उनकी रणनीति बहुत कारगर साबित नहीं होने वाली। शायद इसीलिए अब बातचीत की संभावना भी खोजी जाने लगी है। सत्ता की बागडोर संभालते ही जिस तरह उन्होंने दुनिया के तमाम देशों को पहले धमकाया और फिर पारस्परिक शुल्क लगा दिया, उससे उन्हें शायद यकीन था कि सारे देश उनके आगे घुटने टेक देंगे और अमेरिका की अर्थव्यवस्था कुलांचे भरनी शुरू कर देगी। मगर पारस्परिक शुल्क लगाने के साथ ही दुनिया भर में उनका विरोध शुरू हो गया। बाजार नीचे की तरफ लुढ़कने शुरू हो गए। खुद अमेरिका में ट्रंप को अभूतपूर्व विरोध का सामना करना पड़ा। ऐसे में, उन्होंने अपनी शुल्क नीति पर विराम लगाना पड़ा। कुछ देशों पर उन्होंने नब्बे दिनों के लिए अपनी शुल्क नीति पर रोक लगा दी। हालांकि चीन के साथ उनका शुल्क युद्ध रोज एक नया मोड़ लेता दिख रहा है। अब चीन ने भी अमेरिका पर सवा सौ फीसद का जवाबी शुल्क लगा दिया है। फिर भी अमेरिका को लगता है कि चीन जल्दी ही घुटने टेक देगा और वह ट्रंप से बातचीत की मेज पर आएगा। पर चीन ने दूसरे देशों को अमेरिका के खिलाफ अपने पक्ष में एकजुट करना शुरू कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक शुल्क नीति से सबसे अधिक नुकसान खुद अमेरिका को होता नजर आ रहा है। चीन ने दूसरे देशों को कुछ रियायत के साथ अपने उत्पाद बेचने की पेशकश शुरू कर दी है। उसके बाजार पर बहुत प्रतिकूल असर नजर नहीं आ रहा। चीन का निर्यात प्रभावित होने से अमेरिकी बाजार में जरूर सुस्ती पसरनी शुरू हो गई है। हालांकि ट्रंप ने माना कि कुछ बड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए दवाएं देनी पड़ती हैं। मगर अमेरिकी नागरिक महंगाई की मार को बहुत देर तक झेलने की स्थिति में नहीं हैं। जिन देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की तिथि नब्बे दिनों के लिए टाल दी गई है, उनमें भी आधार शुल्क दस फीसद लागू है। इसी से वहां महंगाई बढ़ गई है। अगर ट्रंप अपनी जिद पर अड़े रहते हैं और नब्बे दिन बाद पारस्परिक शुल्क लागू करते हैं, तो दूसरे देश भी वैसा करने को तैयार हैं। यहां तक कि यूरोपीय संघ भी उनके इस फैसले के विरोध में है और उसने अपने जवाबी शुल्क की तारीख नब्बे दिन के लिए टाल दी है। इस तरह ट्रंप को अपने ही सहयोगियों का कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। ट्रंप की पारस्परिक शुल्क नीति से सबसे अधिक विश्व व्यापार संगठन की नीतियों का उल्लंघन हो रहा है। उचित ही उसने भी ट्रंप के इस कदम पर कड़ा एतराज जाहिर किया है। विश्व व्यापार संगठन का गठन ही इस इरादे से किया गया था कि दुनिया के देश आसान नियम-शर्तों के साथ वाणिज्य-व्यापार कर सकें। उसमें गरीब देशों को शुल्कों में रियायत देने और अमीर देशों से कुछ शुल्क वहन करने की अपेक्षा की गई थी। उसी नीति के तहत अमेरिका को गरीब देशों से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क देना पड़ता था। ट्रंप ने उस नियम को दरकिनार कर दिया है। इस तरह पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित होंगी और वाणिज्य-व्यापार के नए समीकरण बनेंगे, जिससे व्यापार युद्ध का खतरा गहराता जाएगा। मगर आर्थिक विशेषज्ञों को यकीन है कि जिस तरह ट्रंप के कदम ठिठकने लगे हैं, वे फिर से इस नीति पर विचार करेंगे।

# भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में सांस्कृतिक संगठनों को भी निभानी होगी विशेष भूमिका

**प्राचीनकाल में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाईश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं। साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अतः इन कार्यों को तासमी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को सम्पन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है।**

(प्रहलाद सबनानी)

प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था।

प्राचीनकाल में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाईश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं। साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अतः इन कार्यों को तासमी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को सम्पन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है। जैसे, भारतीय शास्त्रों में काम में संयम रखने की सलाह दी जाती है तथा अर्थ के अर्जन को बुरा नहीं माना गया है परंतु अर्थ का अर्जन केवल अपने स्वयं के हित के लिए करना एवं इसे समाज के हित में उपयोग नहीं करने को बुरा माना गया है। इसी प्रकार, दैनिक जीवन में किए जाने वाले कर्म भी यदि धर्म आधारित नहीं होंगे तो जिस उद्देश्य से यह मानव जीवन हमें प्राप्त हुए है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।

प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। परंतु, जैसे जैसे राज्यों का विस्तार होने लगा और राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि होती गई तो उस राज्य में निवास कर रहे नागरिकों के कष्टों को दूर करने के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी आगे आने लगे एवं नागरिकों के कष्टों को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने लगे। समय के साथ साथ धनाडय वर्ग भी इस पावन कार्य में अपनी भूमिका निभाने लगा। फिर, और आगे के समय में एक नागरिक दूसरे नागरिक की परेशानी में एक दूसरे का साथ देने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ौसी, मित्र एवं सह्रदयी नागरिक भी इस प्रक्रिया में अपना हाथ बंटाने लगे। इस प्रकार प्राचीन भारत में ही व्यक्ति, परिवार, पड़ौस, ग्राम, नगर, प्रांत, देश एवं पूरी धरा को ही एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखा जाने लगा। 'वसुधैव कुटुंबकम', 'सवजन हिताय सवजन सुखाय', 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का भाव भी प्राचीन भारत में इसी प्रकार जागृत हुआ है। 'व्यक्ति से समष्टि' की ओर, की भावना केवल और केवल भारत में ही पाई जाती है।

वर्तमान काल में लगभग समस्त देशों में चूंकि समस्त व्यवस्थाएं साम्यवाद एवं पूंजीवाद के नियमों पर आधारित हैं, जिनके अनुसार, व्यक्तिवाद पर विशेष ध्यान दिया जाता है और परिवार तथा समाज कहीं पीछे छूट जाता है। केवल मुझे कष्ट है तो दुनिया में कष्ट है अन्यथा किसी और नागरिक के कष्ट पर मेरा कोई ध्यान नहीं है। जैसे यूरोपीयन देश उनके ऊपर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे विश्व का आह्वान करते हुए पाए जाते हैं कि जैसे उनकी समस्या पूरे विश्व की समस्या है परंतु जब इसी प्रकार की समस्या किसी अन्य देश पर आती है तो यूरोपीयन देश उसे अपनी समस्या नहीं मानते हैं। यूरोपीयन देशों में पनप रही आतंकवाद की समस्या पूरे विश्व में आतंकवाद की समस्या मान ली जाती है। परंतु, भारत द्वारा झेली जा रही आतंकवाद की समस्या यूरोप के लिए आतंकवाद नहीं है। यह पश्चिमी देशों के डीएनए में है कि विकास की राह पर केवल मैं ही आगे बढ़ूँ, जबकि भारतीयों के डीएनए में है कि सबको साथ लेकर ही विकास की राह पर आगे बढ़ा जाय। यह भावना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों में भी कूट कूट कर भरी है। इसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम है, और भारत में निवास करने वाले हम समस्त नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि भारत में निवासरत प्रत्येक नागरिक से सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। भले ही, हमारी पूजा पद्धति भिन्न भिन्न हो सकती है, परंतु संस्कार तो समान ही रहने चाहिए। इसी विचारधारा के चलते आज संघ देश के कोने कोने में पहुंचने में सफल रहा है। संघ ने न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम किया है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है। इस वर्ष संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है परंतु संघ इसे अपनी उपलब्धि बिल्कुल नहीं मानता है बल्कि संघ के लिए तो शताब्दी वर्ष भी जैसे स्थापना वर्ष है और उसी उत्साह से अपने कार्य को विस्तार तथा सुदृढीकृत करते हुए आगे बढ़ने की बात कर रहा है। संघ का अपनी 100 वर्षों की स्थापना सम्बंधी उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने का विचार नहीं है बल्कि इस उपलक्ष में संघ के स्वयंसेवकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे आत्मचिंतन करें, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रकट करें एवं राष्ट्र के लिए समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें। शताब्दी वर्ष में समस्त स्वयंसेवकों से अधिक सावधानी, गुणवत्ता एवं व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेने हेतु आग्रह किया जा रहा है।




आज संघ कामना कर रहा है कि पूरे विश्व में निवास कर रहे प्राणी शांति के साथ अपना जीवन यापन करें एवं विश्व में लड़ाई झगड़े का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अतः हिंदू सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में फैलाव, इस धरा पर निवास कर रहे समस्त प्राणियों के हित में है। इस संदर्भ में आज हिंदू सनातन संस्कृति को किसी भी प्रकार का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अब तो विकसित देशों द्वारा की जा रही रिसर्च में भी इस प्रकार के तथ्य उभर कर सामने आ रहे हैं कि भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है और यह हिंदू सनातन संस्कृति के अनुपालन से ही सम्भव हो सका है। अतः आज विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में ही फैलाने की आवश्यकता है। परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भी संघ की स्थापना के समय कहा था कि संघ कोई नया कार्य शुरू नहीं कर रहा है, बल्कि कई शताब्दियों से चले आ रहे काम को आगे बढ़ा रहा है। संघ का यह स्पष्ट मत है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अतः हमारा कर्तव्य है कि सभी प्रकार के भेदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण, पर्यावरण पूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिशिष्ठ परिवार, स्व बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज का निर्माण करें एवं इसके आधार पर समाज के सब प्रश्नों का समाधान, चुनौतियों का उत्तर देते हुए भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण समर्थ राष्ट्र्जीवन खड़ा करें। संघ का यह भी स्पष्ट मत है कि हिंदुत्व की रक्षा और उसका सशक्तिकरण ही विश्व में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। 99 वर्षों की साधना के बाद संघ का प्रभाव देश में स्पष्ट रूप से दिख रहा है, और राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी भावना और हिंदू संस्कृति को ऊर्जा के स्त्रोतों के रूप में पुनर्परिभाषित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं।

उक्त संदर्भ में संघ द्वारा नवम्बर 2025 से जनवरी 2026 के दौरान किन्हीं तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर घर सम्पर्क अभियान की योजना बनाई गई है, इसका विषय 'हर गांव, हर बस्ती, हर घर' होगा। साथ ही, संघ द्वारा समस्त मंडलों और बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा। प्रत्येक खंड एवं नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें भी आयोजित की जाएंगी, इन बैठकों में एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिंदू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा। प्रयागराज में हाल ही में सम्पन्न महाकुम्भ में समस्त क्षेत्रों में लोग एक साथ आए थे, किसी को भी किसी नागरिक की जाति, मत, पंथ, आदि की जानकारी नहीं थी। विभिन्न नगरों के संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार, युवाओं के लिए भी राष्ट्र निर्माण, सेवा गतिविधियां एवं पंच परिवर्तन पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना विभिन्न प्रांतों द्वारा तैयार की जा रही है।

आज भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरह अन्य धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों को भी आगे आकर मां भारती को एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपना योगदान देने की आवश्यकता है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# क्या है जगन्नाथ मंदिर ध्वज का रहस्य

(गीतिका दुबे)

भगवान जगन्?नाथ के मंदिर को लेकर हुई एक विचित्र घटना की चर्चा इस वक्?त चारों ओर हो रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो चल रहा है जिसमें दिखाया जा रहा है कि एक चील मंदिर के ध्?वज को लेकर जगन्?नाथ मंदिर के ऊपरी हिस्?से के चारों तरफ उड़ रहा है। ज्?योतिष के जानकार इस घटना को एक

**पुरी में भगवान जगन्?नाथ के मंदिर के ध्?वज से जुड़ी एक विचित्र घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडिया में दिखाया जा रहा है कि एक चील मंदिर के ध्?वज को लेकर जगन्?नाथ मंदिर के शिखर के चारों ओर मंडरा रहा है। ज्?योतिष विशेषज्ञ इस घटना को एक अपशकुन के तौर पर देख रहे हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। इससे पहले भी साल 2020 में आकाशीय बिजली के चमकने मंदिर के ध्?वज में आग लग गई थी तो उसके ठीक फिर कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था।**



अपशकुन मान रहे हैं। साथ ही इस दृश्?य ने ओडिशा समेत पूरे देश के श्रृद्धालुओं को चिंता में डाल दिया है। लोगों के मन में डर है कि अब आगे क्?या बुरा होने वाला है। इस संबंध मंदिर समिति और स्?थानीय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

पुरी में भगवान जगन्?नाथ के मंदिर के ध्?वज से जुड़ी एक विचित्र घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडिया में दिखाया जा रहा है कि एक चील मंदिर के ध्?वज को लेकर जगन्?नाथ मंदिर के शिखर के चारों ओर मंडरा रहा है। ज्?योतिष विशेषज्ञ इस घटना को एक अपशकुन के तौर पर देख रहे हैं और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। इससे पहले भी साल 2020 में आकाशीय बिजली के चमकने मंदिर के ध्?वज में आग लग गई थी तो उसके ठीक फिर कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। फिर 2022 में मंदिर के स्?तंभों में दरार आने की खबर आई थी तो उसके बाद वहां की सत्?ता में बड़े परिवर्तन की स्थिति बनी और मुख्?यमंत्री नवीन पटनायक को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

अब इस साल फिर से इस अपशकुन का होना न जाने किस तरह की अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है। हालांकि अभी तक इस संबंध मंदिर समिति और स्?थानीय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि कुछ स्?थानीय लोगों का यह भी कहना है कि चील ने जिस ध्?वज को पकड़ रखा है वह जगन्?नाथ मंदिर का नहीं है, बल्कि किसी दूसरे मंदिर का है। इन सब खबरों के बीच आपको आपको बताते हैं जगन्?नाथ मंदिर के ध्?वज से जुड़े अनोखे रहस्?य।

**जगन्नाथ मंदिर के ध्?वज का रहस्?य-** जगन्नाथ मंदिर का ध्वज विज्ञान को चुनौती देता है। यह हवा की विपरीत दिशा में लहराता है। हवा की दिशा कुछ भी हो, ध्वज की दिशा हमेशा एक ही रहती है। यह घटना वैज्ञानिकों को हैरान कर रही है। इस ध्वज के लहराने की दिशा निश्चित है, फिर हवा चाहे किसी भी दिशा में क्यों ना चले।

जगन्नाथ मंदिर का ध्वज रोजाना बदला जाता है। मान्?यता है कि जिस दिन यह ध्वज किसी भी कारण से नहीं बदला जाएगा तो यह स्थान आने वाले 18 सालों तक बंद रहेगा। अगर इस बीच मंदिर के कपाट खोले गए तो प्रलय भी आ सकता है। यह मान्यता लोगों को आश्चर्यचकित करती है। लोग इस रहस्य के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। मंदिर के शिखर पर रोजाना एक पुजारी 45 मंजिल जितनी ऊंचाई पर चढ़ता है, और यह ध्वज बदलता है।

एक पुरानी कहानी के अनुसार, एक बार एक भक्?त ने सपने में देखा कि भगवान जगन्नाथ का झंडा फट गया है। इसके बाद, मंदिर के पुजारियों ने भी झंडे को उसी हालत में पाया, इसलिए, हर दिन एक नया झंडा फहराने की परंपरा शुरू हुई। यह परंपरा भगवान के प्रति सम्मान और भक्ति को दिखाती है। माना जाता है कि पुराना झंडा बुरी ऊर्जा को खींच लेता है, इसलिए उसे हटा दिया जाता है।

मंदिर के ऊपर एक भारी सुदर्शन चक्र लगा है, इसका वजन लगभग 1000 किलोग्राम है। विज्ञान भी हैरान है कि यह चक्र इतनी ऊंचाई पर कैसे पहुंचा, जबकि उस समय तकनीक भी इतनी विकसित नहीं थी।

# भारत में सहकारी आंदोलन - 'सहकार से समृद्धि' पीएम मोदी की उल्लेखनीय पहल

**स्वतंत्रता के बाद बढ़ती जनसंख्या के कारण दूध की उपलब्धता घटने लगी और देश की आयातों पर निर्भरता और बढ़ गई। 1950 और 1960 के दशक में दूध उत्पादन लगभग 20 मिलियन टन के निकट बना रहा। इस कारण इस कालखंड में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता प्रति दिन 130 ग्राम से घट कर 112 ग्राम रह गई। ऐसी स्थिति में गुजरात के सुदूर शहर आनन्द से उम्मीद की किरण जगी और यह शहर भारत की सहकारी सफलता गाथा का पर्याय तथा भारत की दूध-राजधानी बन गया। इसी स्थान पर 1946 में स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा से सफल सहकारी आंदोलन पैदा हुआ जिसकी परिणति 1946 में अमूल की स्थापना के रूप में सामने आई।**

(मीनेश शाह)

भारत सरकार का विश्वास है कि ग्रामीण विकास और राष्ट्र निर्माण में सहकारिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दृष्टिकोण के अंतर्गत 'सहकार से समृद्धि' की उल्लेखनीय पहल की है। 2021 में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व में स्थापना के बाद से ही सहकारिता मंत्रालय सहकारी क्षेत्र में सरकारी पहलों को आगे बढ़ा रहा है और उसे कार्पोरेट क्षेत्र के समान अवसर मिल रहे हैं। अनेक अन्य पहलों में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय-टीएसयू की स्थापना देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में अभूतपूर्व कदम है। अनादि काल से डेरी उद्योग परंपरागत पारिवारिक गतिविधि रही है, लेकिन ब्रिटिश शासन में दशकों तक लापरवाही के कारण भारत दूध की कमी वाला और आयात-निर्भर देश बन गया।

स्वतंत्रता के बाद बढ़ती जनसंख्या के कारण दूध की उपलब्धता घटने लगी और देश की आयातों पर निर्भरता और बढ़ गई। 1950 और 1960 के दशक में दूध उत्पादन लगभग 20 मिलियन टन के निकट बना रहा। इस कारण इस कालखंड में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता प्रति दिन 130 ग्राम से घट कर 112 ग्राम रह गई। ऐसी स्थिति में गुजरात के सुदूर शहर आनन्द से उम्मीद की किरण जगी और यह शहर भारत की सहकारी सफलता गाथा का पर्याय तथा भारत की दूध-राजधानी बन गया। इसी स्थान पर 1946 में स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा से सफल सहकारी आंदोलन पैदा हुआ जिसकी परिणति 1946 में अमूल की स्थापना के रूप में सामने आई।

खेड़ा क्षेत्र के किसानों का बिचौलिये व पोल्सन डेरी शोषण करते थे और मनमाने ढंग से मूल्य तय करने के साथ ही अपनी सनक के आधार पर दूध लेना बंद कर देते थे। इस पर डेयरी किसानों ने 'दूध हड़ताल' कर पोल्सन को दूध की सप्लाई बंद कर दी। उन्होंने सहायता के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल से गुहार लगाई जिन्होंने उनको युवा स्वतंत्रता सेनानी श्री त्रिभुवनदास किशीभाई पटेल के निर्देशन में अपनी सहकारी डेरी स्थापित करने की सलाह दी। श्री त्रिभुवनदास पटेल ने आनन्द में ग्रामीण डेरी सहकारितायें बनाने की शुरुआत की और इस प्रकार अमूल का जन्म हुआ। इसमें केवल दो ग्राम डेरी सहकारी सोसाइटी शामिल थीं और लगभग 250 लीटर दूध एकत्र किया जाता था। यह आंदोलन तेजी से फैला तथा और ज्यादा डेरी किसान इसमें शामिल होने लगे। श्री त्रिभुवनदास पटेल डा. वर्गीज़ कुरियन को भी यहां लाए और उनको अमूल के साथ बने रहने को प्रेरित किया। इसके बाद से अमूल ने फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा और वह आज हर परिवार का अंग बनने के साथ दुनिया का एक सबसे मजबूत 'फूड ब्रांड' बन गया। स्वतंत्रता के पश्चात जहां गुजरात में डेरी उद्योग फल-फूल रहा था, वहीं उसे देश के अन्य भागों में संघर्ष करना पड़ा।

जब तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री यहां आणंद में एक पशु आहार प्लांट का उद्घाटन करने 1964 में आए तो उन्होंने गुजरात में डेरी सहकारिताओं की सफलता पर अध्ययन का प्रस्ताव किया और वे एक रात अजरपुरा गांव में ठहरे। गुजरात में डेरी सहकारिताओं की सफलता से प्रभावित शास्त्री जी ने नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) की स्थापना 1965 में की ताकि अमूल की सफलता पूरे भारत में दुहराई जा सके। 1970 में एनडीडीबी ने आपरेशन फ्लड-ओएफ की शुरुआत की जो दुनिया का सबसे बड़ा डेरी विकास कार्यक्रम था। इसने सहकारिता के आनन्द माडल का अनुसरण किया। ओएफ या 'श्वेत क्रांति' ने गति पकड़ी और उसने शानदार नतीजे दिखाए। ओएफ के बाद एनडीडीबी ने बड़े पैमाने पर डेरी क्षेत्र का विकास किया जिनमें पर्सपेक्टिव प्लान तथा नेशनल डेरी प्लान 1 शामिल थे। इन बड़े डेरी विकास कार्यक्रमों ने अंततः भारत को एक दूध की कमी वाले देश के बजाय दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक बना दिया।

आज भारत अकेले वैश्विक दुग्ध उत्पादन में एक चौथाई का योगदान करता है। इसने डेरी किसानों को उपभोक्ताओं के पैसे का अधिकतम हिस्सा दिलाने में योगदान किया। सहकारितायें आज लाभकारी, उचित तथा पारदर्शी मूल्य निर्धारण के माध्यम से डेरी किसानों को राजस्व का 75-80 प्रतिशत हस्तांतरित करती हैं। डेरी सहकारितायें न केवल सस्ती कीमतों पर उपभोक्ताओं को सुरक्षित और पोषक दूध व दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराती हैं, बल्कि देश भर में डेरी किसानों को आजीविका भी देती हैं।

देश में ओएफ क्रियान्वयन के दौरान एनडीडीबी ने अनुभव किया कि करोड़ों लोगों से संबंध रखने वाले इतने बड़े आकार की परियोजनाओं को जटिल ग्रामीण परिवेशों में कौशल प्रबंधन के लिए ग्रामीण पेशेवरों की जरूरतें होती हैं। इसके परिणामस्वरूप एक संस्थान-इंस्टीट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट आनन्द-इरमा की स्थापना हुई। इसकी स्थापना टिकाऊ परिस्थितिकी, हितैषी और ग्रामीण जनता में समतापूर्ण सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए पेशेवर प्रबंधन विकसित करने के लिए की गई। इरमा की स्थापना 1979 में एनडीडीबी, स्विस एजेंसी फार डेवलपमेंट कोआपरेशन-एसडीसी, भारत सरकार, पूर्व इंडियन डेरी कार्पोरेशन तथा गुजरात सरकार की वित्तीय व तकनीकी सहायता से की गई।

गुजरात सरकार ने इसके लिए जमीन दी। इरमा अब एक प्रमुख संस्थान बन गई है जो सहकारिता और ग्रामीण प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। यह बहुत गर्व का विषय है कि इरमा ने अब आनन्द, गुजरात के अपने परिसर में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय-टीएसयू स्थापित कर ऐतिहासिक काम किया है। उचित है कि इस स्थान का चयन भारत के पहले सहकारिता विश्वविद्यालय के लिए किया गया है। इरमा ने टीएसयू की स्थापना के साथ अपनी विरासत का विस्तार किया है। इस विश्वविद्यालय का नाम त्रिभुवनदास पटेल जी के नाम पर रखना उचित है जिन्होंने डेरी क्षेत्र में सहकारी आंदोलन की नींव डाली थी।

इसके बाद से डेरी सहकारिताओं ने देश में किसी कृषि उत्पाद के लिए सर्वाधिक सफल सहकारी माडल का उदाहरण पेश किया है। प्रतिबद्ध सहकारिता विश्वविद्यालय का शानदार विचार सबसे पहले अमित शाह जी को आया था जो सहकारिता के पहले मंत्री हैं।

इस प्रकार भारत के सहकारी आंदोलन में त्रिभुवनदास पटेल के योगदान को स्वीकार करते हुए एक विश्वस्तरीय संस्थान की स्थापना की गई है जो सहकारी क्षेत्र में शोध, नीति निर्माण तथा नेतृत्व विकास में अपना योगदान करेगा। अपने किस्म का यह पहला विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत का पहला सहकारी संस्थान है।

टीएसयू ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता की परिस्थितिकी विकसित करने, सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने तथा खोज एवं शोध में नए मानक स्थापित कर अवसर बढ़ाने का काम करेगा। यह तकनीकी शिक्षा और सहकारी क्षेत्र में प्रबंधन प्रशिक्षण का काम करेगा, सहकारिता शोध एवं विकास को बढ़ावा देगा तथा संस्थानों के नेटवर्क के साथ देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करेगा। टीएसयू का पंजीकरण सोसाइटीज़ रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के अंतर्गत कॉर्पोरेट बाडी के रूप में किया जाएगा और इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया जाएगा।

इसमें हर साल लगभग 8 लाख छात्रों को शिक्षा देने की क्षमता होगी। भारत सरकार ने अगले पांच साल में देश में 2 लाख बहुद्देशीय पैक्स, डेरी, फिशरी सहकारितायें बनाने का लक्ष्य रखा है जो नाबार्ड, एनडीडीबी व नेशनल फिशरी डेवलपमेंट बोर्ड-एनएफडीबी की सहायता से सभी ग्राम पंचायतों तक सहकारिताओं के माध्यम से पहुंचेंगी। इस व्यापक प्रयास के लिए अन्य संसाधनों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रशिक्षित श्रम शक्ति की आवश्यकता होगी। ऐसे में टीएसयू की स्थापना इन प्रयासों में सहयोग करेगी। यह प्रयास सचमुच भारत को 'सहकार से समृद्धि' का दृष्टिकोण जमीन पर उतारने में सहयोग करेगा। इससे भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में भी उल्लेखनीय सहायता मिलेगी। लेखक राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रबंध निदेशक हैं।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज से अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स कंपनी को मिला 396 करोड़ का ऑर्डर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के शेयर 15 अप्रैल, मंगलवार को 8 प्रतिशत से भी ज्यादा की छलांग लगाकर अपने निवेशकों को खुश कर दिए हैं। यह तेजी तब देखने को मिली जब कंपनी ने रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज से बड़ा कंस्ट्रक्शन ऑर्डर हासिल करने की घोषणा की। अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स के शेयरधारकों के लिए यह अच्छी खबर है। इस खबर के बाद बीएसई पर कंपनी का शेयर 933.60 रुपये के इंट्राडे हाई तक पहुंच गया। निवेशकों को उम्मीद है कि यह नया ऑर्डर कंपनी के ऑर्डर बुक और फ्यूचर प्रोजेक्ट्स को मजबूत करेगा।

**क्या है डील–** कंपनी ने सेबी को भेजे एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि उसे गोदरेज प्रॉपर्टीज से 396.50 करोड़ रुपये का डोमेस्टिक कॉन्ट्रैक्ट मिला है। यह प्रोजेक्ट नोएडा के सेक्टर–44 में गोदरेज रिवाइन रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट के चारों टावर्स के मुख्य ढांचे और बाहरी हिस्से (कोर एंड शेल) के काम के लिए है। इसमें क्लब, रिटेल स्पेस, बाउंडरी वॉल, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वॉटरप्रूफिंग और एलपीएस जैसे काम भी शामिल हैं। पूरा प्रोजेक्ट 25 महीने में पूरा होना है। लाइव मिंट के मुताबिक गोदरेज प्रॉपर्टीज के साथ यह डील रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन नहीं है, यानी कंपनी के प्रमोटर्स का इस सौदे से कोई लेना–देना नहीं।

**शेयर प्राइस ट्रेंड–** यह शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई लेवल (1,540 रुपये, जुलाई 2024) से अभी भी 39 प्रतिशत नीचे है, लेकिन फरवरी 2025 के लो लेवल (620.65 रुपये) से इसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज हुई है। पिछले साल के मुकाबले शेयर में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज है, लेकिन हाल के महीनों में इसमें तेजी आई है।

## अनिल अंबानी की पावर कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से झूमते बाजार में अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। पावर कंपनी के शेयर मंगलवार को बीएसई में 6 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 42.60 रुपये पर जा पहुंचे हैं। रिलायंस पावर का मार्केट कैप भी 17,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।



पिछले पांच साल में रिलायंस पावर के शेयरों में 2275 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। स्टैंडअलोन बेसिस पर कंपनी पिछले साल की कर्ज मुक्त हो गई है।

**पांच साल में 1 लाख रुपये के बना दिए 23 लाख रुपये–** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर 17 अप्रैल 2020 को 1.79 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2025 को 42.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले पांच साल में कंपनी के शेयरों में 2275 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। अगर किसी व्यक्ति ने 17 अप्रैल 2020 को रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 23.79 लाख रुपये होती।

पुराने स्मार्टफोन्स को नए जैसा...

# 21 साल के युवा ने किया कमाल, खड़ी कर दी करोड़ों की कंपनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के 21 साल के नौजवान युग भाटिया ने 2020 में कंट्रोलजेड नाम की एक कंपनी शुरू की थी कंपनी पुराने स्मार्टफोन्स को नए जैसा बनाती है। अब यह शानदार कमाई कर रही है। नई दिल्लीः युग भाटिया ने बेहद कम उम्र में जबर्दस्त सफलता हासिल की है। गुरुग्राम के 21 साल के इस नौजवान ने 2020 में कन्ट्रोल नाम की कंपनी शुरू की थी। यह कंपनी पुराने स्मार्टफोन को नए जैसा बनाने का काम करती है। कंपनी स्मार्टफोन को सिर्फ ऊपर से ही ठीक नहीं करती। अलबत्ता, स्मार्टफोन के अंदर के पार्ट्स को भी बदलती है। कंपनी का लक्ष्य है कि फोन नए जैसे काम करें। युग भाटयिा की कंपनी 25 करोड़ रुपये का टर्नओवर करने लगी है। आगे कंपनी का टारगेट इसे बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये करने का है। आइए, यहां युग भाटिया की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### पुराना स्मार्टफोन बन जाता है नया

युग भाटिया कंट्रोल जेड के सीईओ और संस्थापक हैं। यह पुराने स्मार्टफोन को नया बनाने का काम करती है। जब कोई पुराना फोन कंपनी के पास आता है तो उसकी अच्छी तरह से जांच होती है। कुशल इंजीनियर फोन की बैटरी, कैमरा, डिस्प्ले जैसे जरूरी पार्ट्स को ठीक करते हैं। कंपनी फोन के 80 प्रतिशत तक पुराने पार्ट्स को ही इस्तेमाल करने की कोशिश करती है।

**हर पार्ट पर दिया जाता है ध्यान** – युग भाटिया मोबाइलफोन को कंपोनेंट लेवल रिन्यूवल करते हैं। इसका मतलब है कि फोन के हर एक पार्ट को ध्यान से देखा जाता है। जरूरत पड़ने पर वह उसे बदलते हैं। फोन को सिर्फ ऊपर से ठीक नहीं किया जाता है। अंदर के वो सभी जरूरी पार्ट बदल दिए जाते हैं, जिनमें जरा सी भी खराबी की गुंजाइश होती है।

### पर्यावरण पर भी फोकस

युग भाटयिा की कंपनी पर्यावरण को बचाने के लिए भी काम कर रही है। नए फोन बनाने से कार्बन का उत्सर्जन होता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। कंपनी पुराने फोनों को ठीक करके बेचती है। इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। कंपनी ने अब तक 60,000 फोन को ठीक करके बेचा है। इनमें ज्यादातर ऐपल और वनप्लस के हैं। ये फोन नए फोन से 60 प्रतिशत कम कीमत पर बेचे जाते हैं। इसका रिन्यू हब नाम का रिपेयरिंग सेंटर गुरुग्राम में है। यह सेंटर टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसका मकसद स्मार्टफोन को नया बनाने के तरीके को बदलना है। यह सेंटर बांस के पेड़ों के बीच में है। इसमें फोन को नया करने के लिए आधुनिक मशीनें, आईएसओ क्लास 7 के साफ कमरे और एआई से चलने वाले जांच सिस्टम हैं।

### 100 करोड़ पर नजर

कंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाना चाहती है। वह हर साल 6,00,000 फोन को ठीक करना चाहती है। इसके लिए कंपनी एक रिसर्च डिपार्टमेंट भी बनाने की योजना बना रही है। इससे कंपनी भविष्य में और भी बेहतर तरीके से काम कर पाएगी। कंपनी आगे चलकर 100 करोड़ रुपये के टारगेट को हासिल करना चाहती है। इसका मतलब है कि कंपनी आने वाले सालों में और भी ज्यादा तरक्की करने के मूड में है।

## संस्कारा रिसॉर्ट्स ने ओयो पर करोड़ों के जीएसटी धोखाधड़ी का आरोप लगाया

- ओयो और उसके मालिक रितेश अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जयपुर के एक रिसॉर्ट ने ओयो के खिलाफ एफआई दर्ज कराई है। रिसॉर्ट का कहना है कि ओयो की वजह से उसे करोड़ों रुपये के जीएसटी नोटिस मिले हैं। उसने आरोप लगाया है कि ओयो ने गलत जानकारी दी, जिसके कारण उसे ये नोटिस मिले हैं। मदन जैन, जो संस्कारा रिसॉर्ट्स से जुड़े हैं, उन्होंने अशोक नगर पुलिस स्टेशन में यह शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि उन्हें 2.66 करोड़



रुपये का जीएसटी का कारण बताओ नोटिस मिला है। जैन ने एफआईआर में कहा है कि ओयो ने उनका टर्नओवर बढ़ाने के लिए हजारों फर्जी बुकिंग दिखाई हैं। एफआईआर में ओयो के संस्थापक और ग्रुप सीईओ रितेश अग्रवाल और अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। ओयो पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप लगे हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर का संस्कारा रिसॉर्ट्स ऑनलाइन बुकिंग और सीधे आने वाले ग्राहकों को सेवाएं देता है। संस्कारा और ओयो के बीच 18 अप्रैल, 2019 को 12 महीने का एक समझौता हुआ था। लेकिन, आरोप है कि ओयो ने वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिए भी संस्कारा में बुकिंग दिखाई।

### रिसॉर्ट का टर्नओवर बढ़ा दिया

मदन जैन ने कहा कि ओयो ने गलत तरीके से बुकिंग दिखाकर उनके रिसॉर्ट का टर्नओवर बढ़ा दिया। इससे उन्हें जीएसटी का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस से ओयो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। हुसैन खान ने कहा कि ओयो ने कई होटलों को इसी तरह से परेशान किया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और होटलों को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि ओयो के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### एफआईआर में क्या लगाए गए हैं आरोप

एफआईआर में कहा गया है कि 18 अप्रैल, 2019 से 20 अप्रैल, 2020 के बीच ओयो ने संस्कारा को 10.95 लाख रुपये का कारोबार दिया। रिसॉर्ट ने इस पर जीएसटी का भुगतान भी किया। लेकिन, ओयो ने संस्कारा के साथ 22.22 करोड़ रुपये का कारोबार दिखाया है। इस पर 2.66 करोड़ रुपये का जीएसटी और जुर्माना बकाया है। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान का कहना है कि लगभग 20 होटलों को ओयो की ओर से दिखाए गए फर्जी बिलों के आधार पर जीएसटी नोटिस मिले हैं।

## गोल्डमैन सैश का दावा: टैरिफ वार और गहराने से बढ़ेगा जोखिम, साल के अंत तक 38 फीसदी महंगा हो सकता है सोना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार नए रिकॉर्ड बना रही सोने की कीमतें व्यापार युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस साल के अंत तक 4,500 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच सकती हैं। यह मौजूदा भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस से करीब 38 फीसदी अधिक है। यह दावा गोल्डमैन सैश ने किया है। वहीं, कमोडिटी विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने की कीमत इस साल के अंत तक 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच सकती है। गोल्डमैन सैश ने इस साल सोने के दाम के लक्ष्य को तीसरी बार बढ़ाया है। इससे पहले लक्ष्य को बढ़ाकर 3,300 डॉलर प्रति औंस किया था। विदेशी फर्म ने कहा, सामान्य स्थिति में सोना 2025 के अंत तक बढ़कर 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। अमेरिकी और चीन के बीच व्यापार युद्ध गहराने से अगर जोखिम बढ़ता है, तो कीमती धातु 4,500 डॉलर प्रति औंस का स्तर छू सकती है। सोने की कीमतों में पिछले सप्ताह 6.5 फीसदी का उछाल देखने को मिला था, जो कोविड-19 के बाद सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन था। देश से कटे एवं तराशे गए हीरे का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर करीब दो दशक के निचले स्तर पर आ गया। उद्योग निकाय ने कहा, अमेरिका और चीन में मांग घटने से निर्यात में बड़ी गिरावट आई है।

## गूगल इंडिया को झटका, फेमा उल्लंघन केस में जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि जमा करने का निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गूगल इंडिया और उसके तीन वरिष्ठ अधिकारियों को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन के लिए लगाए गए जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि बैंक गारंटी के रूप में जमा करने को कहा है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गूगल इंडिया पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था, साथ ही तीनों अधिकारियों पर संयुक्त रूप से 45 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। यह मामला फेमा की धारा 6(3)(डी) के कथित उल्लंघन से जुड़ा है और इसमें करीब 364 करोड़ रुपये का लेनदेन शामिल है। ईडी के अनुसार, गूगल इंडिया की ओर से गूगल आयरलैंड को वितरक शुल्क के रूप में किए गए भुगतान और गूगल यूएस से उपकरण अधिग्रहण में गड़बड़ी की गई है। एजेंसी ने दलील दी कि गूगल आयरलैंड को देय 363 करोड़ रुपए का भुगतान मई 2014 तक चार वर्षों से अधिक समय तक नहीं किया गया, जबकि गूगल यूएस से प्राप्त 1 करोड़ रुपए मूल्य के उपकरणों का भुगतान जनवरी 2014 तक सात वर्षों से अधिक समय तक नहीं किया गया। ईडी ने इन्हें वाणिज्यिक ऋण के रूप में वर्गीकृत किया, जिसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होगी। हालांकि, गूगल इंडिया ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उक्त लेनदेन विदेशी मुद्रा ऋण नहीं थे। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि इसमें कोई ऋण समझौता, आस्थगित भुगतान या ब्याज शामिल नहीं है, तथा उसने 1 जुलाई 2014 को जारी आरबीआई परिपत्र का अनुपालन करने का दावा किया। इससे पहले, 11 जनवरी, 2019 को दिल्ली में एफईएमए के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह कहते हुए जुर्माने पर रोक लगा दी थी कि गूगल इंडिया की अपील में दम है। इसके बाद ईडी ने रोक को चुनौती देते हुए दूसरी अपील दायर की। न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति एस रचैया की खंडपीठ ने कहा कि न्यायाधिकरण का स्थगन केवल प्रारंभिक राय पर आधारित था। उन्होंने अब गूगल इंडिया और संबंधित अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर कुल जुर्माने की आधी राशि के लिए बैंक गारंटी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## डिफेंस कंपनी को डीआरडीओ और पीएसयू से मिले ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर मंगलवार को 3 पर्सेंट से अधिक उछलकर 116.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयरों में यह उछाल नए ऑर्डर मिलने की वजह से आया है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने बताया है कि उसे डीआरडीओ, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और एक प्राइवेट कंपनी से 7.52 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। इसके अलावा, कंपनी डीआरडीओ और पीएसयू की तरफ से 11.48 करोड़ रुपये के ऑर्डर के लिए लोएस्ट बिडर घोषित की गई है।




**पांच साल में 1930 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं कंपनी के शेयर–** अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर पिछले पांच साल में 1930 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2020 को 5.73 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2025 को 116.60 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले चार साल में कंपनी के शेयरों में 1185 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं, पिछले तीन साल में अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर करीब 700 पर्सेंट उछल गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 88.10 रुपये है।

# सप्ताह में 90 घंटे काम करने की बात कर रहे हैं हम, जापान ने 4 दिन का सप्ताह शुरू कर दिया

- भारत में कुछ उद्योगपति काम के घंटे बढ़ाने की बात कर रहे हैं
- टोक्यो शहर की सरकार ने यह नया नियम शुरू किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में फिलहाल एक दिन में आठ घंटे काम करने का नियम है। इसे बढ़ा कर सप्ताह में 70 और 90 घंटे तक करने की बहस चल रही है। इस पर समाज में तीव्र प्रतिक्रिया भी हुई है कि जब दफ्तर में ही इतना समय देंगे तो घर-परिवार का क्या होगा। इस बीच जापान ने इस बारे में एक क्रांतिकारी फैसला किया है। जापान में अब ज़्यादातर लोग हफ़्ते में सिर्फ चार दिन काम करेंगे। टोक्यो शहर की सरकार ने यह नया नियम शुरू किया है। इसका मकसद है कि कामकाजी माता-पिता अपने बच्चों और परिवार का अच्छे से ध्यान रख सकें। एक रिपोर्ट में इसका जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में टोक्यो की गवर्नर यूरिको कोइके का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि महिलाओं को परिवार और नौकरी में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने टोक्यो मेट्रोपॉलिटन असेंबली को बताया, हम एक ऐसा समाज



बनाना चाहते हैं जहां बच्चे पैदा करने जैसी घटनाओं से महिलाओं के करियर पर कोई असर न पड़े। इसका मतलब है कि बच्चे होने के बाद भी महिलाएं आराम से नौकरी कर सकें।जापान ने अपने लोगों के लिए काम और जीवन को संतुलित करने का एक तरीका निकाला है। लेकिन, भारत में कुछ लोग चाहते हैं कि काम के घंटे बढ़ा दिए जाएं। कुछ लोगों का कहना है कि भारतीयों को एक हफ्ते में 90 घंटे तक काम करना चाहिए। एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रमण्यन ने हाल ही में कहा था कि भारतीयों को 90 घंटे काम करना चाहिए। इससे पहले, इंफोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति ने भी कहा था कि युवा पेशेवरों को देश के विकास के लिए 70 घंटे काम करना चाहिए। जापान में लोगों की घटती आबादी एक बड़ी समस्या है। वहां बच्चे कम पैदा हो रहे हैं। एक महिला के औसतन 1.2 बच्चे होते हैं, जबकि आबादी को स्थिर रखने के लिए यह संख्या 2.1 होनी चाहिए। इसका मतलब है कि जापान में बच्चे पैदा करने की दर बहुत कम है। जनवरी से जून 2024 तक, जापान में सिर्फ 3,50,074 बच्चे पैदा हुए। ये पिछले साल के मुकाबले 5.7 प्रतिशत कम है।

### आबादी बूढ़ी हो रही है

बूढ़ी होती आबादी की वजह से जापान में काम करने वाले लोगों की कमी हो गई है। रिसर्च से पता चला है कि काम के घंटे कम करने से घर के काम का बोझ कम होता है। इससे पुरुषों को घर के काम और बच्चों की देखभाल में मदद करने का मौका मिलता है। एक रिसर्च में पाया गया कि जो पुरुष हफ्ते में चार दिन काम करते हैं, वे अपने बच्चों के साथ 22 प्रतिशत ज़्यादा समय बिताते हैं और घर के कामों में 23 प्रतिशत ज़्यादा मदद करते हैं।

### कई देशों में काम के कम घंटे

दुनिया भर में अब कई देश काम के घंटे कम करने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटेन में 5,000 कर्मचारियों वाली 200 से ज़्यादा कंपनियों ने चार दिन काम करने का नियम लागू कर दिया है। डेनमार्क, नॉर्वे और ऑस्ट्रिया जैसे नॉर्डिक देशों में लोग हफ्ते में औसतन 26 से 28 घंटे ही काम करते हैं। यमन में तो लोग सिर्फ 25.9 घंटे ही काम करते हैं। ये आंकड़े इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन ने दिए हैं। भारत में भी एक कंपनी ने काम के घंटे घटाने की घोषणा की है। लेकिन, हर जगह ऐसा नहीं है। भूटान और सूडान में लोग हफ्ते में सबसे ज़्यादा काम करते हैं। वहां लोग औसतन 54.5 और 50.8 घंटे काम करते हैं।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 15-04-2025 21:44 Page 1



# तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत

## समीप के तालाब में नहाने गये थे बच्चे

- सभी मृतकों की उम्र 8 से 16 वर्ष
- गांव के लोगों में मची चीख-पुकार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में मंगलवार को नहाने के दौरान चार बच्चों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। ये सभी बच्चे 8 से 16 साल की उम्र के थे।

यह हादसा गढ़वा थाना क्षेत्र के उडसुग्गी गांव में हुआ। गढ़वा के सब-डिविजनल अफसर (एसडीओ) संजय कुमार पांडेय ने बताया कि बच्चे तालाब में नहाने गए थे, तभी गहरे पानी में फंसने से डूब गए। मरने वाले बच्चों की पहचान लकी कुमार (8), अक्षय कुमार (12), हरिओम चंद्रवंशी (13) और नारायण चंद्रवंशी (16) के रूप में हुई है। गांव वालों ने बताया कि जब बच्चों के डूबने की जानकारी मिली, तो उन्हें तुरंत तालाब से निकालकर सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव के लोगों में चीख-पुकार मच गयी है।

# दंपत्ति पर स्क्रैप के नाम पर गबन का आरोप

## प्राथमिकी दर्ज, जांच शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में सिटी और सेक्टर बारह थाना पुलिस ने स्क्रैप के नाम पर घोटाला करने वाले दंपती पर प्राथमिकी दर्ज की है। थाना पुलिस ने संस्कार ट्रेडर्स के प्रोपराइटर राकेश कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी की है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि 2023 के 11 अप्रैल से 2024 के 20 जून तक इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को लौह स्क्रैप की बिक्री की गई।

इनकी एक और कंपनी बोकारो मेटल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजय कुमार राय व सरिता देवी ने भी स्क्रैप लिया। दोनों कंपनियों का उनकी 40 लाख 25 हजार 547 रुपये बकाया है।

उन्होंने बकाया रुपयों की मांग को लेकर आरोपित दंपती के पास कई बार फोन किए। शिकायतकर्ता के अनुसार दंपती से उन्होंने यह कहा कि उनके दादा की मौत हो गई है। श्राद्ध कर्म में खर्च होना है और मार्च क्लोजिंग भी है। ऐसे में रुपये मिल जाने उन्हें सहूलियत होगी। इसपर आरोपित ने रुपये देने से इनकार कर दिया और धमकी भी दी।

सेक्टर बारह थाना पुलिस ने बारी को-ऑपरेटिव निवासी दिवाकर साव शिकायत पर इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के संजय कुमार राय व उनकी पत्नी सरिता देवी के खिलाफ प्राथमिकी कराई है।

शिकायतकर्ता ने बताया है कि वह स्वास्तिक इंटरप्राइजेज नामक फर्म के प्रोपराइटर हैं। वर्ष 2024 के सात जून से 26 अगस्त तक एक करोड़ 77 लाख 73 हजार 987 रुपये का स्क्रैप दिया गया। इसमें से साठ लाख रुपये मिले।

बाकी एक करोड़ 17 लाख 73 हजार 987 रुपये बकाया है। रुपये तगादा करने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पुलिस ने इस मामले में भी लगे आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

# 20 हजार में हुआ नाबालिग की शादी का सौदा

## एनजीओ की शिकायत पर समारोह स्थल पहुंची पुलिस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुजू।** रांची के एक एनजीओ की सूचना पर धुर्वा इलाके में रहने वाली एक नाबालिग की शादी रामगढ़ जिले के मांडू बीडीओ रितिक कुमार व कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने रोक दी।

नाबालिग का विवाह कुजू ओपी क्षेत्र के बुढ़ाखाप करमा स्थित एक शिव मंदिर में हो रहा था। दोनों नाबालिगों को पुलिस अपने साथ थाने लेकर आयी और उनके स्वजनों को भी बुलाया।

इस संबंध में करमा दक्षिणी पंचायत सचिव नील कमल द्विवेदी ने मांडू बीडीओ के नाम आवेदन दिया था। इसमें कहा गया कि मांडू, जिला रामगढ़ के रहने वाले 20 वर्षीय युवक की शादी धुर्वा की एक 16 वर्षीय लड़की से सोमवार की शाम पांच बजे करमा शिव मंदिर में होने जा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर मांडू बीडीओ रितिक कुमार व कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने शादी रुकवाई। इसके बाद दोनों परिवार को कुजू ओपी परिसर में समझाया गया कि कानून के अनुसार लड़का-लड़की की उम्र विवाह करने योग्य नहीं है। विवाह में शामिल होने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद दोनों के स्वजनों ने विवाह नहीं करने का निर्णय लिया।

बाल विवाह निषेध कानून 2006 के तहत नाबालिग लड़का-लड़की के विवाह करने पर विवाह में शामिल होने वालों पर दो लाख का जुमार्ना और सजा का प्रविधान है।

प्रतिज्ञा संस्था की लक्ष्मी ने बताया कि नाबालिग की उम्र 16 साल है। पूरा परिवार कचरा चुनने का काम करता है। लड़की के पिता ने 20 हजार रुपये लेकर बेटी की शादी रामगढ़ निवासी दिव्यांग से तय कर दी। लक्ष्मी ने बताया कि रविवार की रात संस्था द्वारा नाबालिग के घर जाकर पिता और परिवार वालों को बाल विवाह नहीं करने से रोकने का प्रयास किया।

समझाने के बावजूद सोमवार को संस्था को जानकारी मिली की लड़की को लेकर उसका पिता शादी के लिए रामगढ़ चला गया है।

इसके बाद संस्था के चंदन सिंह ने रामगढ़ एसपी अजय कुमार को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद बाल विवाह रुकवाया गया।

# बंगाल से सटे जिलों की पुलिस अलर्ट पर

## वक्फ बिल की आग पहुंच सकती है झारखंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद व आसपास के क्षेत्रों में भड़की हिंसा, आगजनी व सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर झारखंड में भी अलर्ट है।

झारखंड में पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे आठ जिले विशेष रूप से अलर्ट पर हैं। पुलिस मुख्यालय ने पूरे राज्य में सभी जिलों के एसपी को इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है, ताकि समय रहते किसी भी विषम परिस्थिति से निपटा जा सके।

झारखंड के इन 8 जिलों में अलर्ट

पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे जिन जिलों को सतर्क किया गया है, उनमें पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद, जामताड़ा, बोकारो, सरायकेला, रांची व रामगढ़ शामिल हैं। इन जिलों में पुलिस मुख्यालय ने अपनी खुफिया एजेंसी को सक्रिय कर दिया है जो सीमावर्ती क्षेत्रों की गतिविधियों की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। झारखंड पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से भी निगरानी की जा रही है। पश्चिम बंगाल से आ रहे शरणार्थियों से भी वहां के हालात की जानकारी ली जा रही है, ताकि उस अनुरूप झारखंड में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा सकें।

पुलिस मुख्यालय ने संबंधित सीमावर्ती जिलों के एसएसपी-एसपी व खुफिया एजेंसी को परिस्थितियों के अवगत होकर पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने के लिए कहा है। राज्य में शांति व्यवस्था कायम रहे, इसके लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है।

अधिकारियों को निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहे व्यक्तियों की निगरानी का भी निर्देश दिया गया है। यह भी कहा गया है कि किसी भी परिस्थिति में विधि व्यवस्था न बिगड़े, इसका ख्याल रखें।

## धनबाद-चंडीगढ़ के बीच चलेगी गरीब रथ एक्सप्रेस

**धनबाद।** धनबाद से चंडीगढ़ के लिए मंगलवार से गरीब रथ स्पेशल ट्रेन चलेगी। धनबाद होकर चलने वाली हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग लिस्ट से बचने के लिए यात्री चंडीगढ़ के लिए चलने वाली गरीब रथ स्पेशल का चयन कर सकते हैं। जून तक सप्ताह में दो दिन चलने वाली ट्रेन के हर फेरे में 500 से अधिक सीटें उपलब्ध हैं। दिल्ली के लिए भी इस ट्रेन में कंफर्म सीटें बुक करा सकते हैं। धनबाद-चंद्रपुरा रेल मार्ग से चलने वाली धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन को यात्री मिलने लगे हैं। इस ट्रेन की बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार को चलने वाली ट्रेन के थर्ड एसी व थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी की सभी सीटें फुल हो गई हैं। अब केवल सेकेंड एसी की ही सीटें खाली हैं। जून तक चलने वाली ट्रेन के थर्ड एसी व थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी में आगे की तिथियों में भी टिकटों की बुकिंग का रिस्पॉन्स बेहतर है। धनबाद से 4 घंटे 29 मिनट विलंब से रवाना होने के कारण धनबाद-चंडीगढ़ एसी स्पेशल ट्रेन नौ घंटे 16 मिनट लेट से सोमवार सुबह के बदले दोपहर 1:46 पर चंडीगढ़ पहुंची।

# ऐप के माध्यम से अब सीधे दिल्ली एम्स में रेफर हो सकेंगे मरीज

## नये ऐप से रेफर मरीजों को मिल सकेगा त्वरित इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नई व्यवस्था के तहत जिन मरीजों का देवघर सहित अन्य 22 एम्स में इलाज नहीं हो पाएगा, उन्हें तत्काल दिल्ली एम्स रेफर किया जा सकेगा। इसके लिए सभी एम्स के बीच रेफरल सिस्टम लागू किया जाएगा। इसके तहत देशभर के नए एम्स से रेफर मरीजों को दिल्ली एम्स में त्वरित इलाज मिल सकेगा। इसी क्रम में मंगलवार को देशभर के एम्स की सेंट्रल इंस्टीट्यूट बॉडी (सीआईबी) की बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने ₹इंटर-एम्स रेफरल₹ पोर्टल जारी किया। यह पोर्टल देशभर के एम्स और दिल्ली एम्स के बीच रेफरल सिस्टम को व्यवस्थित करने में मददगार साबित होगा।

गोड्डा सांसद ने दी जानकारी

गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने बताया कि इस पोर्टल से सभी एम्स जुड़ जाएंगे। दिल्ली एम्स से सभी की निगरानी होगी। मसलन देवघर एम्स में कोई मरीज भर्ती है और संबंधित बीमारी के विशेषज्ञ डॉक्टर दिल्ली एम्स या कोलकाता या विलासपुर या पटना अथवा किसी अन्य एम्स में पदस्थापित हैं तो उस मरीज को तत्काल संबंधित एम्स में रेफर कर दिया जाएगा।

बता दें कि फिलहाल देवघर एम्स में भर्ती मरीज का उपचार दिल्ली एम्स की निगरानी में होगा। इस ऐप से यह मॉनिटरिंग होती रहेगी कि किस एम्स में कौन से मरीज भर्ती हैं। उनकी चिकित्सीय रिपोर्ट की मॉनिटरिंग होती रहेगी। सांसद डॉ. दुबे ने कहा कि इससे लाइलाज बीमारी का इलाज करवाने मरीजों को सुविधा होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली एम्स ने यह पोर्टल तैयार किया है। इस पोर्टल के तहत एक ऑनलाइन डैशबोर्ड होगा जिस पर सभी एम्स में भर्ती मरीजों, खाली बेड आदि की जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि इस पोर्टल के जरिए ट्रांसफर किए गए मरीज की जानकारी भी एक-दूसरे से साझा की जाएगी। इससे इलाज में इंतजार की समस्या कम होगी। फिलहाल, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यह सुविधा दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर एम्स के बीच शुरू की गई है। इसके बाद इसे देशभर के एम्स के बीच लागू किया जाएगा।

# मारुती आल्टो और मारुती वैन में टक्कर

## महिला, बच्चे सहित आठ घायल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** देवघर-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर जिले के बुढ़ई थाना क्षेत्र के तिलैया मोड के पास मंगलवार सुबह एक मारुती आल्टो कार व मारुती ओमनी वैन के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में महिला बच्चे सहित आठ लोग घायल हो गए।

सभी घायल धनबाद जिले के गोमो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर और बुढ़ई थाना क्षेत्र के जरुआडीह गांव के रहने वाले हैं। घायलों में भिखन महतो, सुमित्रा देवी, सुषमा देवी, विनोद महतो, राधिका देवी, चुरामन महतो, योगेश महतो, विजय कुमार महतो शामिल हैं।

घटना के संबंध में बताया गया कि ये सभी लोग ओमनी वैन से बच्चे का मुंडन कराने के लिए देवघर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में तिलैया मोड के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार आल्टो कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दिया। कार गोड्डा की ओर से आ रही थी।

हादसे में वैन सवार ये लोग घायल हो गए। वहीं इस हादसे में दोनों गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग वहां जमा हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बुढ़ई थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया है।

# किसान समृद्धि योजना के तहत सरकार ने किसानों को दी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य में खेती लगभग वर्षा पर निर्भर करती है। जरूरत के समय किसानों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सिंचाई करनी पड़ती है, जिसका उन्हें चुकाना पड़ता है।

इसी समस्या को दूर करने के लिए कृषि विभाग अब राज्य के किसानों को दो एचपी (हार्स पावर) का सोलर पंप दे रही है। इस योजना का नाम किसान समृद्धि योजना रखा गया है।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर में किसानों को सोलर पंप दिया। उक्त पंप 90 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। किसान को मात्र 10 प्रतिशत राशि देनी पड़ती है।

इसकी लागत 1.80 लाख और 1.81 लाख है। यह सोलर पंप एक ट्राली पर लगा होता है, जिसको काम होने के बाद किसान अपने घर ले जाता है। ऐसे में इसके चोरी होने की संभावना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है।

कृषि विभाग की ओर से बताया गया कि अभी राज्य के सभी जिलों के 1200 किसानों को सोलर पंप दिया गया है। इस माह के अंत तक करीब दो हजार किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराया जाएगा।

राज्य में करीब 8500 सोलर पंप देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए किसानों को आवेदन करना पड़ता है। अब तक राज्य से 15 हजार किसानों ने सोलर पंप प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया है।

इसके लिए किसानों को प्रज्ञा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। आवेदन को पहले ग्राम सभा से अनुशंसा की जाती है।

इसके बाद किसान का आधार कार्ड, राशन कार्ड और जमीन के दस्तावेज को अपलोड करना पड़ता है। फिर जिले के पदाधिकारी इसकी जांच कर अनुशंसा देते हैं।

अंत में कृषि निदेशालय से उक्त आवेदन पर सोलर पंप दिए जाने की अनुमति दी जाती है। उसके बाद कार्यदायी संस्था के जरिए किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराया जाता है।

# देवघर से अयोध्या के लिए खुलेगी एसी बसें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से जल्द ही अयोध्या के लिए प्रतिदिन उत्तर प्रदेश परिवहन की बस खुलेगी। इस दिशा में सांसद डॉ.निशिकांत दुबे ने पहल की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री से इस संदर्भ में बात की और सांसद के प्रस्ताव को परिवहन मंत्री ने स्वीकर कर लिया है।

बता दें कि एक समय था जब बिहार, बंगाल के लिए राज्य परिवहन की बस देवघर के सरकारी बस पड़ाव से खुलती थी।

एक लंबे कालखंड के बाद देवघर में इंटर स्टेट बस टर्मिनल बनकर तैयार हुआ है। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

एक बड़ा सा परिसर और सारी सुविधाएं, जिसकी दरकार यात्रियों को लंबे समय से थी। अब देवघर में इंटर स्टेट बस टर्मिनल बनकर तैयार हो गया है। बस के इंतजार में घंटों समय बिताना भी आसान हो जाएगा। परिसर में साफ-सफाई का पूरा इंतजाम है। अब तो सभी प्रांतों के लिए सरकारी और निजी अत्याधुनिक बस की सेवा शुरू होगी।

देवघर एक इंटरनेशल सिटी है। देश के सभी कोने से यात्री यहां आते हैं। सड़क मार्ग की सुविधा पहले से बढ़ी है, अब लोग अपनी गाड़ी से यहां आते हैं।

देवघर में इंटर स्टेट बस टर्मिनल बनने के बाद बसों की संख्या बढ़ेगी और सभी प्रांतों के प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी। इससे देवघर में एक बड़ा बदलाव दिखेगा।


**पूर्व रेलवे**

आरएफक्यू सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3319-आरएफक्यू-आर1, दिनांक 11.04.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए पर्याप्त अनुभव, क्षमता एवं अपेक्षित प्रतिष्ठान रखने वाले प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों से मैनुअल निविदा में यथा निर्धारित प्रारूप में मैनुअल निविदा के जरिए योग्यता हेतु अनुरोध (आरएफक्यू) आमंत्रित किए जाते हैं: **कार्य का नाम:** डानकुनी 132केवी/25केवी, 1 फेज, 50एचजेड टीएसएस एवं संबद्ध क्षेत्र में पीपीपी प्रारूप के अंतर्गत सीधे 25केवी, 1 फेज, 50एचजेड ट्रैक्शन ओएचई में सौर ऊर्जा के अनुप्रवेशन के लिए 2000 केडब्ल्यूपी ग्रिड से संबंधित शेड टॉप/वाटर बॉडी सोलर फोटो वोल्टिक पावर प्लांट की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने के साथ वारंटी, संचालन एवं रखरखाव। **कार्य की अनुमानित लागत:** पीपीपी प्रारूप, बोलीदाताओं द्वारा कोट की जानी चाहिए। **कार्य समापन अवधि:** आरएफक्यू में किए गए उल्लेख के अनुसार। **आरएफक्यू दस्तावेज की लागत:** रु. 10,000/- (रुपये दस हजार) मात्र एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता (भारतीय स्टेट बैंक, बैंक खाता सं. 30605498212, IFSC SBIN0000001; सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक खाता सं. 3006295815, IFSC CBIN0280102) के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस हस्तांतरण के जरिए जमा की जानी चाहिए। **आरएफक्यू की विज्ञापन अवधि:** 15.04.2025 से 29.05.2025 को अपराह्न 04.00 बजे तक। **निविदा पेटी:** निविदा पेटी सीनि. डीईई/जी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। **आरएफक्यू के बंद एवं खोले जाने की तारीख एवं समय:** 29.05.2022 को अपराह्न 4.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** आरएफक्यू सीनि. डीईई/जी/हावड़ा, पूर्व रेलवे के कार्यालय में दिनांक 29.05.2025 को अपराह्न 4.30 बजे खोले जाएंगे। **वेबसाइट का विवरण जहां आरएफक्यू डाउनलोड किए जा सकते हैं:** आरएफक्यू दस्तावेज वेबसाइट: **http://www.er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। **पात्रता के मानदंड: तकनीकी क्षमता-** तकनीकी क्षमता और अनुभव (तकनीकी क्षमता) प्रदर्शित करने के लिए, आवेदक द्वारा आवेदन की नियत तिथि से पहले के पिछले 3 (तीन) वित्तीय वर्षों में, अनुबंधित क्षमता के न्यूनतम 35% मूल्य के लिए कम से कम एक सौर पीवी ग्रिड से जुड़ी परियोजना के लिए भुगतान किया गया होना चाहिए अथवा भुगतान प्राप्त किया होना चाहिए; समर्थन में चालू की गई परियोजनाओं की सूची के साथ मुवक्किल/मालिक से चालू करने के प्रमाणपत्र तथा कार्य आदेश/अनुबंध/समझौते की एक प्रति जमा की जानी चाहिए। **वित्तीय क्षमता:** आईटीसीसी के अनुसार आवेदन की नियत तारीख से पिछले विगत 3 वित्तीय वर्षों के दौरान रुपये में प्राप्त अथवा भुगतान की गई कुल अनुबंध रकम अनुमानित परियोजना लागत का न्यूनतम (150%) होनी चाहिए। i. कंसोर्टियम के मामले में, उन प्रत्येक सदस्यों, जिनका एसपीवी में न्यूनतम 26% (छब्बीस प्रतिशत) इक्विटी शेयर हैं, की संयुक्त तकनीकी क्षमता एवं वित्तीय क्षमता उपरोक्त पात्रता की शर्तों को आवश्यक रूप से पूरा करना होगा; बशर्ते ऐसे प्रत्येक सदस्य को परियोजना के वाणिज्यिक संचालन की तारीख से 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए न्यूनतम इक्विटी शेयर पूंजी: (i) एसपीवी का 26% (छब्बीस प्रतिशत) सब्सक्राइब्ड एवं पेड अप इक्विटी तथा (ii) पावर क्रय अनुबंध में निर्दिष्ट कुल परियोजना लागत का 5% (पांच प्रतिशत) धारण किया होना चाहिए। **स्टार्टअपों के लिए पात्रता के मानदंड में छूट:** स्टार्टअप प्रतिष्ठानों (औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अनुमोदित) को रेलवे बोर्ड के पत्रांक सं. 2012/सीई-1/सीटी/ओ/5, दिनांक 24.04.2019 तथा रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2012/सीई-1/सीटी/ओ/5, दिनांक 01.06.2020 के अनुसार छूट/विशेषाधिकार प्रदान किया जाएगा। **एचक्यू/वित्त पत्रांक एफएक्स/टेंडर/इलेक/2020 (39457), दिनांक 10.12.2024 के अनुसार तथा पीसीईई/ईआर, मार्फत ई-कार्यालय टिप्पणी सं. टिप्पणी # 104 (कम्प्यूटर सं. 152749), दिनांक 11.12.2024 के अनुसार,** तकनीकी एवं वित्तीय पात्रता दोनों के लिए स्टार्टअपों (औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अनुमोदित) के लिए पात्रता के मानदंड के सम्पूर्ण छूट के संबंध में। (1) आरएफक्यू बिक्री की अवधि के दौरान आरएफक्यू वेबसाइट **http://www.er.indian railways.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा तथा उसे डाउनलोड किया जा सकता है एवं प्रस्ताव जमा करने के लिए उसे आरएफक्यू के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। रेलवे वेबसाइट से आरएफक्यू दस्तावेज डाउनलोड करने वाले आवेदक को एफए एंड सीएओ/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में आरएफक्यू प्रक्रिया की लागत के रूप में ऊपर उल्लेखित निर्दिष्ट रकम का डिमांड ड्राफ्ट आवेदन पूर्व बैठक में भाग लेने वाले अपने प्रतिनिधियों के जरिए जमा करना होगा। (2) निर्धारित तारीख एवं समय के उपरांत प्राप्त आरएफक्यू तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। निर्धारित तारीख को अथवा उससे पहले इस कार्यालय में सिर्फ हाथों प्राप्त आरएफक्यू को बंद होने से पहले निविदा पेट में डाला जाएगा। रेलवे प्रशासन के पास बिना कोई कारण बताए आरएफक्यू को संशोधित करने तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। (3) आरएफक्यू मुहरबंद लिफाफे में होने चाहिए एवं उसके आवरण पर कार्य का नाम, आरएफक्यू सूचना सं., आवेदक का नाम एवं पता तथा आवेदन की नियत तारीख अंकित होने चाहिए। (4) इंटरनेट से डाउनलोड किए गए आरएफक्यू तथा कार्यालय में उपलब्ध मॉस्टर कॉपी के बीच किसी भी तरह की विसंगति के मामले में किसी भी तरह की विलंबता/कठिनाई/अगम्यता के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा तथा मॉस्टर कॉपी ही मान्य होगा एवं निविदा के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। (5) आरएफक्यू के संबंध में सभी विवरण तथा अन्य विवरण यानी अनुशंसापत्र, लाइसेंस इत्यादि निविदादाताओं की तकनीकी उपयुक्तता के साथ ही साथ वित्तीय उपयुक्तता के लिए अनुरोध के विवरण हेतु सीनि.डीईई/जी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 के कार्यालय से संपर्क करें। (HWH-27/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल के साथ टाई-अप के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति**

मंडल अस्पताल और आद्रा मंडल की हेल्थ यूनिटों के रेलवे लाभार्थियों के लिए सीजीएचएस दर या अस्पताल दर, जो भी कम हो, पर 02 (दो) वर्ष की अवधि, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है, के लिए (i) स्पेशलिटी और सुपर स्पेशलिटी उपचार के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे, मंडल अस्पताल/आद्रा के साथ टाई-अप के लिए विभिन्न अस्पतालों और (ii) पैथोलॉजिकल, सी.टी.स्कैन, एमआरआई, पीईटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, यूएसजी, एक्स-रे, अपर और लोअर जी.आई. एंडोस्कोपी, मैमोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, नसों का कलर डॉपलर स्टडी आदि जैसी जांच के लिए डायग्नोस्टिक सेंटरों/अस्पतालों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अस्पताल/डायग्नोस्टिक सेंटर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अंदर सभी संबंधित कागजातों के साथ सीएमएस/दक्षिण पूर्व रेलवे/आद्रा, पी.ओ.-आद्रा, जिला-पुरुलिया, पिन- 723121 (पश्चिम बंगाल) को डाक से या **cmsadra365@gmail.com** पर ई-मेल के माध्यम से आवेदन करें। विस्तृत जानकारी वेबसाइट:**www.ser.indianrailways.gov.in (go to division-Adra-Department-Medical-notification)** पर उपलब्ध है।

(PR-46) **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



**आद्रा मंडल के तहत कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति**

**रोजगार सूचना सं.-01/25 (मेड.)/सीएमपी-2025**

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल, भारत सरकार, रेल मंत्रालय द्वारा मंडल रेलवे अस्पताल/आद्रा और आद्रा (उत्तर), बाँकुड़ा, पुरुलिया, भागा, भोजुडीह, महुदा, बर्नपुर, अनारा, चाण्डिल, गड़बेता और बोकारो स्टील सिटी में हेल्थ यूनिटों के लिए पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर 03 (तीन) **(यूआर-03, एससी-00, एसटी-00 और ओबीसी-00)** मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति के लिए **"वॉक-इन-इंटरव्यू"** का आयोजन निम्नलिखित पारिश्रमिक के तहत किया जाएगा i) अपेक्षित क्षेत्र में **स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की वरीयता मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, एनेस्थीसिया, पैथोलॉजी और ईएनटी स्पेशलिस्ट के लिए** रु. 1,23,500/- प्रति माह (पहले वर्ष के लिए) एवं रु.1,30,000/- प्रति माह (दूसरे वर्ष से शुरू), ii) **जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर के लिए** रु.95,000/- प्रति माह और iii) **सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर (रेलवे/केंद्र/राज्य) के लिए** रु.95,000/- प्रति माह जो इस शर्त के अधीन है कि सेवानिवृत्त डॉक्टर द्वारा आहरित अनुबंधित पारिश्रमिक + पेंशन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन से अधिक नहीं होना चाहिए। **"वॉक-इन-इंटरव्यू" का आयोजन दिनांक 07.05.2025 को 11.30 बजे वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पी.ओ. आद्रा, जिला-पुरुलिया, पिन-723121 (पश्चिम बंगाल) के कक्ष में किया जाएगा।** सीएमपी चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि **30.04.2025 को 18.00 बजे** है। इच्छुक आवेदक विवरण के लिए वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in (go to Division > Adra > Department> Personnel > Notification)** देख सकते हैं। इसके अलावा, शुद्धिपत्र या परिशिष्ट या निरस्तीकरण, यदि कोई हो, केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। केंद्र/राज्य सरकार के इच्छुक सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारी या "ओपन मार्केट" से आवेदक संलग्न प्रारूप में यथोचित भरे हुए/हस्ताक्षरित "बायो-डेटा" के साथ आवेदन में उल्लिखित आवश्यक कागजातों/प्रमाणपत्रों सहित अपने आवेदन की स्कैन की हुई और हस्ताक्षरित प्रति ई-मेल पता **srdpoadra@gmail.com** पर ई-मेल के माध्यम से जमा कर सकते हैं। कृपया समय-समय पर हमारी वेबसाइट देखते रहें। इच्छुक आवेदक उपर्युक्त समय और स्थान पर **"वॉक-इन-इंटरव्यू"** के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

(PR-45) **मंडल रेल प्रबंधक (पी)/आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# झारखण्ड में वक्फ प्रापर्टी के 145 आंकड़े रजिस्टर्ड




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जामताड़ा।** वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन बिल दोनों ही सदनों में पास होने के बाद जहां एक ओर मुस्लिम संगठनों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में रजिस्टर्ड वक्फ संपत्ति का आंकड़ा भी लोग निहारने लगे हैं। सुन्नी वक्फ बोर्ड झारखंड के अनुसार प्रदेशभर में कुल 145 वक्फ प्रापर्टी आंकड़ों में रजिस्टर्ड हैं। इनमें सबसे अधिक 29 वक्फ प्रापर्टी हजारीबाग जिले में रजिस्टर्ड। राजधानी रांची में कुल 18 वक्फ प्रापर्टी रजिस्टर्ड हैं। जबकि आंकड़ों के अनुसार संताल परगना की उपराजधानी दुमका और जामताड़ा में एक भी प्रापर्टी वक्फ के नाम पर रजिस्टर्ड नहीं है।

अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली के अनुसार वर्तमान में झारखंड वक्फ बोर्ड के पास जो आंकड़े हैं वह बिहार सरकार के समय की हैं। झारखंड प्रदेश के गठन के बाद सात और वक्फ प्रापर्टी चिह्नित कर इनमें शामिल किए गए हैं। जिससे कि वक्फ प्रापर्टी की कुल संख्या 152 हो गई है। इनमें कुछ प्रापर्टी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में है।

अल्पसंख्यक मुस्लिम मामलों के जानकार एस अली कहते हैं, कुल रजिस्टर्ड प्रापर्टी के आंकड़े और केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में काफी अंतर देखने को मिलता है। केंद्र की ओर से जारी वक्फ प्रापर्टी के आंकड़ों में झारखंड राज्य (सुन्नी) वक्फ बोर्ड के नाम 698 प्रापर्टी दर्शाया गया है। जबकि, इसका रकबा तकरीबन 1,084.76 एकड़ है। इन आंकड़ों में भ्रम की वजह केंद्र द्वारा किए गए जीआई सर्वे की वजह से पैदा हुआ है।

जहां रजिस्टर्ड प्रापर्टी के आंकड़ों के अनुसार किसी मदरसे को एक वक्फ प्रापर्टी बताया गया है, वहीं जीआई सर्वे के बाद उसी प्रापर्टी के अलग-अलग क्लास रूम और अलग-अलग कमरों को अलग-अलग वक्फ प्रापर्टी के तौर दशार्ने से इसकी संख्या में इजाफा हो गया है। इन्हीं आंकड़ों को आधार बनाकर केंद्र सरकार वक्फ प्रापर्टी की संख्या में इजाफा होने की बात कहती रही है।

## श्रेयस अय्यर को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया

**दुबई, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है, जो भारत के रन स्कोरिंग चार्ट में सबसे ऊपर है और उन्होंने ऐतिहासिक आईसीसी मेन्स चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत के अंतिम चरण में अहम भूमिका निभायी थी। अय्यर ने न्यूजीलैंड की जोड़ी जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पछाड़कर यह सम्मान जीता। यह सम्मान आईसीसी की मासिक पुरस्कार श्रृंखला में भारतीय खिलाड़ियों की लगातार जीत का प्रतीक है, जिसमें फरवरी में शुभमन गिल ने भी यही सम्मान जीता था। अय्यर ने कहा, मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती – एक ऐसा पल जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। इतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने में सक्षम होना कुछ ऐसा है जिसका हर क्रिकेटर सपना देखता है। मैं अपने साथियों,




प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के प्रति उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। अय्यर ने एक बयान में कहा, प्रशंसकों का भी दिल से शुक्रिया – आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

अय्यर 243 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाई। चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम तीन मैचों में 57.33 की औसत से 172 रन बनाकर अय्यर भारत के लिए एक अहम खिलाड़ी रहे और भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में तीसरी ऐतिहासिक जीत हासिल की। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने पहले 98 गेंदों में 79 रन की मैच विजयी पारी खेली और सुनिश्चित किया कि भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप-स्टेज मैच में शीर्ष पर रहे। विराट कोहली के साथ साझेदारी में महत्वपूर्ण 45 रन बनाकर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चुनौतीपूर्ण सेमीफाइनल में जीत दिलाई, इसके बाद उन्होंने एक बार फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सांस रोक देने वाले फाइनल में एक सफल रन चेज की नींव रखी और 62 गेंदों में 48 रन की नियंत्रित पारी खेली जिससे भारत ने चार विकेट से जीत दर्ज की।

## आज से होगी पेरू शूटिंग विश्वकप की शुरुआत, मनु और सुरुचि पर रहेंगी निगाहें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस विश्वकप में भारत की 35 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। बीते सप्ताह ब्यूनस आयर्स में आयोजित पहले विश्वकप में भारतीय निशानेबाजों ने कुल चार स्वर्ण समेत कुल आठ पदक जीते थे। ब्यूनस आयर्स विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय निशानेबाज अब लीमा (पेरू) में मंगलवार से शुरू होने जा रहे दूसरे विश्वकप में अपना अभियान शुरू करेंगे। लास पाल्मास शूटिंग रेंज में मंगलवार को पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल होंगे। महिलाओं की एयर पिस्टल में निगाहें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, ब्यूनस आयर्स में इस स्पर्धा का स्वर्ण जीतने वाली सुरुचि और सैंयम पर निगाहें होंगी, जबकि पुरुष वर्ग में सौरभ चौधरी, वरुण तोमर और रविंदर स्वर्ण पदक पर निशाना साधेंगे।



# आईपीएल टिकट के लिए दर्शकों को करना होगा थोड़ा इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में मई में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मई में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए क्रिकेट प्रेमियों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। फ्रैंचाइजी की ओर आधिकारिक वेबसाइट पर अभी तक पंजाब किंग्स के मैचों की टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू नहीं की गई है।

अभी तक पंजाब किंग्स के केवल 15 अप्रैल तक के मैचों के लिए ही टिकटों को ऑनलाइन बेचा जा रहा है। जबकि 20 अप्रैल को मोहाली में होने वाले मैच की टिकटों की ऑनलाइन सेल शुरू नहीं की है। जिससे प्रदेश सहित पंजाब के क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार पंजाब किंग्स की ओर से पंजाब में बचे दो मैचों की टिकटों को पहले ही बेचा जाएगा, ताकि इन मैचों में भी दर्शकों की संख्या अधिक हो। वहीं मोहाली के स्टेडियम में धर्मशाला से ज्यादा दर्शकों के बैठने की क्षमता है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान टिकटों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री का अधिकार केवल फ्रैंचाइजी का होता है। इसमें एचपीसीए को कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है। फ्रैंचाइजी ने कब इसकी सेल करनी है। अभी यह तय नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही एक सप्ताह के भीतर धर्मशाला में होने वाले मैचों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो सकती है।

**बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल 2025 के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित**

# सात्विक-चिराग की वापसी



नई दिल्ली, एजेंसी। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल 2025 के लिए 14 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है, जिसमें दुनिया की 10वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। टीम में पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय भी शामिल हैं। द्विवार्षिक टूर्नामेंट, जो विश्व मिश्रित टीम चैंपियनशिप है, 27 अप्रैल से 4 मई तक चीन के जियामेन में आयोजित किया जाएगा। भारत ने अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए अर्हता प्राप्त की और पहले ग्रुप डी लाइनअप से अपने नॉकआउट स्थान को सुरक्षित करने की कोशिश करेगा जिसमें पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और इंग्लैंड भी शामिल हैं।

चयनकर्ताओं ने कुछ चोटों की चिंताओं के बावजूद सभी पांच श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ संभव संयोजन चुना है। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम अब टाई जीतने के लिए एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं हैं और यह हमें किसी भी टीम इवेंट में एक दुर्जेय शक्ति बनाता है। हमें विश्वास है कि टीम न केवल ग्रुप चरणों में अपनी छाप छोड़ेगी बल्कि पदक जीतकर इतिहास रच सकती है। हाल ही में संपन्न बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मजबूत प्रदर्शन के बाद टीम का मनोबल ऊंचा है, जहां पीवी सिंधु ने बहुमूल्य मैच अभ्यास हासिल किया, जबकि ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर प्रभावित किया। हालांकि, चोटों के कारण गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बाहर हो गई। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी पिछले सप्ताह बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी नहीं खेली थी। सेन और प्रणय, जो टीम स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं, टीम में अमूल्य अनुभव लेकर आएंगे। इस बीच, सात्विक और चिराग, जो पिछले सप्ताह बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में नहीं खेल पाए थे, को हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की बैकअप जोड़ी का समर्थन प्राप्त होगा। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन अनुपमा उपाध्याय, जो विश्व में 45वें स्थान पर हैं, टीम में दूसरी महिला एकल खिलाड़ी होंगी। इसके अलावा, प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा जोड़ी भी शामिल है। सुदीरमन कप में प्रत्येक मुकाबले में पांच मैच होते हैं - पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल। सुदीरमन कप के 19वें संस्करण में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी।

## केएल राहुल की अपार संपत्ति

### ससुर जी के साथ मिलकर 7 एकड़ जमीन खरीद डाली

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल ने अपने ससुर यानी सुनील शेट्टी के साथ मिलकर 7 एक जमीन खरीद ली है. उन्होंने पश्चिमी ठाणे के ओवाले इलाके में यह जमीन का टुकड़ा खरीदा है. भारत में प्रॉपर्टी का डाटा रखने वाली कंपनी स्क्वायर यार्ड्स के मुताबिक राहुल और शेट्टी द्वारा यह प्रॉपर्टी मार्च 2025 में खरीदी गई, जिसके लिए उन्होंने 9.85 करोड़ रुपये की राशि अदा की है. इसके लिए उन्हें 68.96 लाख रुपये की स्टैम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन



के लिए 30 हजार रुपये देने पड़े. पश्चिमी ठाणे में ओवाले क्षेत्र घोड़बंदर रोड के समीप स्थित है. यह क्षेत्र मुंबई, ठाणे और पश्चिमी इलाकों में स्थित नगरों के लिए बिजनेस की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. आपको याद दिला दें कि राहुल और उनकी वाइफ आथिया शेट्टी ने पिछले साल बांद्रा की पाली हिल के संधू पैलेस में 3,350 स्क्वायर फीट का लग्जरी अपार्टमेंट भी खरीदा था, जिसकी कीमत 20 करोड़ से अधिक बताई गई थी. उस अपार्टमेंट में राहुल के परिवार को चार पार्किंग स्लॉट मिले. इस आलीशान अपार्टमेंट की खरीद पर राहुल-आथिया को 1.20 करोड़ रुपये की स्टैम्प ड्यूटी देनी पड़ी थी. केएल राहुल के घर कुछ हफ्तों पहले ही एक नन्हें मेहमान ने जन्म लिया है. 24 मार्च, 2025 को राहुल को एक बेटी का पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, जिसके कारण उन्होंने आईपीएल 2025 के पहले कुछ मुकाबले मिस कर दिए थे.

### आईपीएल 2025 में कहर बरपा रहे हैं केएल राहुल

आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए केएल राहुल ने केवल 4 पारियों में 200 रन बना लिए हैं. राहुल इस सीजन 164 के तूफानी स्ट्राइक रेट से खेल रहे हैं और अभी तक खेली चार पारियों में 2 फिफ्टी भी लगा चुके हैं. मौजूदा सीजन में राहुल अभी तक दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.

# ऋषभ पंत की एक गलती लखनऊ की टीम को ले डूबी

**सीएसके के खिलाफ बन गए विलेन**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स को इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. इस मुकाबले में एक समय लखनऊ सुपर जायंट्स अच्छी स्थिति में नजर आ रही थी. 167 रनों के टारगेट का बचाव करते हुए उसने 15 ओवर में सीएसके के 111 रन पर 5 विकेट गिरा दिए थे. लेकिन आखिरी के ओवरों में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की एक गलती पूरी टीम को भारी पड़ गई. फैंस भी पंत के इस फैसले से काफी नाखुश दिखाई दिए. दरअसल, इस मुकाबले के दौरान पिच में स्पिन गेंदबाजों के लिए मदद थी. लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार गेंदबाज रवि बिश्नोई ने इसका फायदा भी उठाया. इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए बिश्नोई ने 3 ओवर में ही 18 रन देकर 2 विकेट चटका दिए. रवि बिश्नोई ने राहुल त्रिपाठी और रवींद्र जडेजा जैसे बड़े बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इन सब के





बावजूद पंत ने रवि बिश्नोई को चौथा नहीं दिया. जिसने हर किसी को हैरान कर दिया. पंत ने उनकी जगह आवेश खान और शार्दुल ठाकुर पर भरोसा दिखाया, जिसके चलते सीएसके ने 3 गेंद रहते ही मैच अपने नाम कर लिया. बता दें, सीएसके की जीत के हीरो एमएस धोनी रहे और वह स्पिन गेंदबाजों के आगे थोड़ा संघर्ष करते हुए नजर आते हैं. इन सब के बावजूद पंत ने रवि बिश्नोई को ओवर ना देने की गलती की, जो उनकी टीम को भारी पड़ गई. मुकाबले के बाद रवि बिश्नोई को ओवर ना देने पर बात करते हुए पंत ने कहा, 'मैंने कई बार रवि बिश्नोई को चौथा ओवर देने के बारे में सोचा, लेकिन मैंने अन्य खिलाड़ियों के साथ चर्चा की और विचार बना कि मैच को थोड़ा और डीप लेकर चलते हैं.'

### चौथा ओवर ना मिलने पर क्या बोले बिश्नोईड

रवि बिश्नोई ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में चौथा ओवर ना मिलने पर बात करते हुए कहा, 'मैंने वास्तव में इस बारे में पंत से बात नहीं की, लेकिन मैं कई बार पिच पर गया और मुझे लगता है कि उनके पास प्लान था जिन्हें वह पूरा करना चाहते थे. ऐसी स्थिति में कप्तान बेहतर स्थिति में होता है और वह विकेटकीपिंग भी करते है, इसलिए वह चीजों को बेहतर ढंग से समझते हैं. मेरे अनुसार, उन्होंने वही फैसला लिया जो उन्हें बेहतर लगा.'

# 16 बच्चे... स्मृति मंधाना ने बॉयफ्रेंड के खातिर किया बड़ा काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम फिलहाल कहीं खेल नहीं रही. कोई लीग हो नहीं रही. ऐसे में स्मृति मंधाना क्रिकेट से ब्रेक पर हैं. और, इस ब्रेक का वो इन दिनों अपने होम टाउन सांगली में रहकर भरपूर फायदा उठा रही हैं. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर इन दिनों सांगली में ही हैं, उसका पता उनकी इंस्टाग्राम से चलता है. लेकिन, अपने सांगली में रहने के दौरान स्मृति कर क्या रही हैंड़ जवाब है वो अपने बॉयफ्रेंड के काम में हाथ बंटा रही हैं. उसकी मदद कर रही हैं.

**स्मृति ने बॉयफ्रेंड के खातिर किया बड़ा काम-** भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना के बॉयफ्रेंड पलाश मुच्छल है. पलाश फिल्म डायरेक्टर, राइटर, म्यूजिक कंपोजर मतलब बॉलीवुड से जुड़े मल्टी टैलेंटेड इंसान हैं. मक्तूब उनकी अगली आने वाली फिल्म का नाम है, जिसमें 16 बच्चों की स्टोरी है. स्मृति मंधाना ने अपने बॉयफ्रेंड के लिए उसी फिल्म का अपने इंस्टाग्राम के जरिए प्रमोशन किया है. अब स्मृति देश की सबसे नामचीन महिला क्रिकेटर हैं तो जाहिर हैं उनके इस कदम का फायदा तो पलाश मुच्छल को मिलेगा ही.

**फिल्म का पोस्टर किया शेयर, ट्रेलर की दी जानकारी-** स्मृति मंधाना ने अपनी इंस्टा स्टोरी में फिल्म मक्तूब का पोस्टर शेयर किया है और एक जानकारी शेयर की है. उन्होंने बताया है कि फिल्म का ट्रेलर आ चुका हैं और वो काफी शानदार हैं. स्मृति मंधाना के कहने का मतलब दरअसल 16 स्टार किड्स वाली फिल्म के ट्रेलर को देखने से था.

**होम टाउन में स्मृति का सैर-सपाटा-** स्मृति मंधाना ने बॉयफ्रेंड की फिल्म का पोस्टर तो शेयर कर दिया. उसके ट्रेलर को देखने को लेकर प्रमोशन भी किया. ये सब करने के बाद स्मृति मंधाना ने सांगली की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी साझा कीं.

**2019 से साथ हैं स्मृति और पलाश**

स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं. अपने रिलेशनशिप का ये खुलकर इजहार भी कर चुके हैं. पिछले साल ही इन्होंने अपने रिलेशनशिप की 5वीं सालगिरह मनाई थी और केक भी काटा था. दोनों हर फंक्शन और इवेंट में साथ-साथ देखे गए हैं. इन सबके अलावा दोनों एक दूसरे को खुलकर सपोर्ट भी करते हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### फीस बढ़ाई तो भुगतना होगा अंजाम; दिल्ली स्कूलों को सीएम रेखा गुप्ता की चेतावनी, एक पर ऐक्शन की तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाए जाने का मुद्दे पर पिछले काफी दिनों से सियासत गरमाई हुई है। आम आदमी पार्टी लगातार इस मसले को लेकर दिल्ली सरकार पर हमलावर है। पार्टी का आरोप है कि भाजपा के आते ही प्राइवेट स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ा रहे हैं। हालांकि इस मसले पर रेखा गुप्ता ने प्राइवेट स्कूलो को चेतावनी दे दी है। इतना ही नहीं उन्हें नोटिस भेजने की बात भी की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी प्राइवेट स्कूल फीस बढ़ाता है तो उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। उन्हें जवाबदेही तय करनी होगी। अगर बावजूद स्कूल फीस बढ़ाते हैं तो फिर इसका नतीज उन्हें भुगतना होगा। इसी के साथ सीएम रेखा गुप्ता एक स्कूल पर कार्रवाई की तैयारी में भी हैं।

### सत्येंद्र जैन मानहानि मामला: दिल्ली कोर्ट से बांसुरी स्वराज को मिला चार हफ्ते का समय, 14 मई को अगली सुनवाई




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। आप नेता ने मानहानि मामले में पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है। जैन ने स्वराज के खिलाफ शिकायत को खारिज करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। मामले पर सुनवाई की अगली तारीख 14 मई है। जैन ने स्वराज पर एक टेलीविजन इंटरव्यू के दौरान की गई टिप्पणियों के जरिए अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। जैन ने आरोप लगाया है कि भाजपा सांसद ने 5 अक्टूबर, 2023 को प्रसारित एक इंटरव्यू के दौरान मानहानिकारक बयान दिए थे। आप नेता का दावा है कि उनकी टिप्पणियों का मकसद उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना और राजनीतिक लाभ हासिल करना था।

### जमात-ए-इस्लामी हिंद ने वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमात-ए-इस्लामी हिंद ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. संगठन के द्वारा दायर याचिका में नये कानून पर गंभीर चिंता जताई गई है. याचिका में कहा गया है कि ये संशोधन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है. देश में वक्फों के धार्मिक, चैरिटेबल और समुदाय-उन्मुख भावना को खत्म करता है. याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300 (ए) का उल्लंघन बताते हुए इन संशोधनों को असंवैधानिक करार देकर इसे रद्द करने की मांग की गई है. संशोधित अधिनियम वक्फ की परिभाषा और संरचना में परिवर्तन लाता है. इस बात पर अनुचित प्रतिबंध लगाता है कि कौन वक्फ सृजित कर सकता है. उसका प्रबंधन कैसे किया जा सकता है. उदाहरण के लिए अब कानून के अनुसार दानकर्ता को यह साबित करना होगा कि उन्होंने कम से कम पांच वर्षों तक इस्लाम का पालन किया है. यह एक अस्पष्ट और मनमाना अपेक्षा है जो इस्लामी कानून पर आधारित नहीं है. इसके अलावा महिलाओं, धर्मांतरित लोगों और कई वास्तविक दानकर्ताओं को उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का प्रयोग करने से वंचित कर सकता है. यह सीधे तौर पर अनुच्छेद 25 और 15 का उल्लंघन है जो धार्मिक स्वतंत्रता और भेदभाव के विरुद्ध सुरक्षा की गारंटी देते हैं.

# इस साल मॉनसून में नहीं होगा जलभराव

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पहचाने 445 हॉटस्पॉट; पीडब्ल्यूडी मंत्री ने क्या दिया आदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में इन दिनों भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। कुछ समय बाद मॉनसून दस्तक देगा। उस दौरान लोगों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। ट्रैफिक पुलिस ने मॉनसून को देखते हुए शहर भर के 445 हॉटस्पॉट की पहचान की है। अधिकारियों ने मंगलवार बताया कि हॉटस्पॉट की लिस्ट सिविक एजेंसियों के साथ शेयर की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस साल बाढ़ से बचने के लिए समय पर निवारक उपाय किए जा सकें।

अधिकारियों ने बताया कि पहचाने गए 445 क्षेत्रों में से छह-छह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और एनडीएमसी (नई दिल्ली नगर पालिका परिषद) के अंतर्गत आते हैं, जबकि शेष लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल जलभराव की आशंका वाले करीब 300 स्थानों की पहचान की गई थी। एक अधिकारी ने बताया, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस मॉनसून में जलभराव को रोकने के लिए समय पर गाद निकालने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। सभी इलाकों में पंपों की क्षमता बढ़ाने और नालों के पुनर्विकास के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने आगे कहा, पीडब्ल्यूडी ने कई डिवीजनों में गाद निकालने का काम शुरू कर दिया है और गाद निकालने का पहला चरण मई तक पूरा हो जाएगा। साथ ही, विभाग ने अंडरपास और सबवे में जलभराव को रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है, साथ ही पंप हाउस में अलार्म या टाइमर लगाने के बारे में भी बताया है, ताकि जल स्तर बढ़ने पर कर्मचारियों को सचेत किया जा सके। इसके अलावा, सरकार शहर में जलभराव को रोकने के लिए सड़कों से पानी निकालने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली लगभग 25 सुपर सकर मशीनें खरीदने की तैयारी में है। अधिकारी ने कहा कि पानी के पंपों के नियमित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया, पीडब्ल्यूडी के अधीन 128 स्थायी पंप हाउस और 538 स्थायी पंप हैं। इनमें से 439 अच्छी स्थिति में काम कर रहे हैं। दिल्ली में 15 से ज्यादा इलाके जलभराव की समस्या से ग्रस्त हैं, जिनमें जखीरा फ्लाईओवर, मिंटो रोड ब्रिज, प्रहलादपुर पुल, सरिता विहार अंडरपास, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, लोनी रोड क्रॉसिंग और आजादपुर मार्केट अंडरपास शामिल हैं।

## पानी की चोरी पर लगाम, दिल्ली के लोग जान पाएंगे कहां पहुंचा टैंकर; रूट बदलते ही पकड़ा जाएगा ड्राइवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली जल बोर्ड ने पानी की चोरी पर सख्ती की तैयारी पूरी कर ली है। टैंकर चालक ने अगर तय रास्ते को छोड़ा और रूट बदला तो तकनीक के जरिए उसे पकड़ लिया जाएगा। लोग टैंकर का भी पता लगा सकेंगे। दिल्ली जल बोर्ड ने इसके लिए सभी 1100 टैंकरों में जीपीएस सिस्टम लगाने का काम पूरा करने के साथ एंड्रॉयड मोबाइल के लिए ऐप तैयार करा लिया है। अब आईफोन के लिए मोबाइल ऐप तैयार कराया जा रहा है।

दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि जल्द दोनों ऐप को दिल्ली की जनता के लिए सार्वजनिक कर दिया जाएगा। इन मोबाइल ऐप के जरिए पानी के टैंकरों की लोकेशन ट्रेस की जा सकेगी। ऐप से ही लोगों को पता चल जाएगा कि उनके मोहल्ले में पानी का टैंकर कितनी देर में पहुंचने वाला है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि टैंकरों में जीपीएस सिस्टम का ट्रायल भी किया जा चुका है। पानी की चोरी को रोकने के लिए तैयार सिस्टम को अप्रैल के अंत तक शुरू करने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के आम नागरिक और आरडब्ल्यूए संगठन भी मोबाइल ऐप के माध्यम से टैंकर को ट्रैक कर सकेंगे। दिल्ली में उन सभी स्थलों के डाटा को मोबाइल ऐप में अपलोड किया गया है जहां से टैंकरों में पानी भरा जाता है। इसके अलावा जिन स्थलों पर टैंकर जाकर पानी की सप्लाई करते हैं, उनका डाटा बेस भी तैयार किया गया है। जियो टैगिंग के साथ तैयार किए गए इस डाटा के आधार पर ही यह निगरानी सिस्टम काम करेगा और इसी के आधार पर टैंकरों के लिए रूट निर्धारित किए गए हैं। अलग-अलग वार्ड के आधार पर लोग इन टैंकरों की ट्रैकिंग कर सकेंगे। पानी के टैंकरों में लगे जीपीएस को मोबाइल ऐप से कनेक्ट किया जाएगा। लोग मोबाइल ऐप डाउनलोड करके उसमें अपने वार्ड का चयन करेंगे। इसके बाद अपने आसपास के ऐसे प्वॉइंट का चुनाव करेंगे, जहां पानी का टैंकर आकर खड़ा होता है और पानी की डिलीवरी की जाती है। इस तरह की कुछ लोकेशन की जानकारी ऐप में दर्ज कराने के बाद यह बता देगा कि उनकी लोकेशन पर किस फिलिंग स्टेशन से टैंकर पहुंचेगा।

## दिल्ली में जल्द खुलेंगे 70 आरोग्य मंदिर, पहले चरण में हर विधानसभा में होगा एक सेंटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक की जगह अब आरोग्य मंदिर नजर आएंगे। दिल्ली सरकार पहले चरण में कुल 70 आरोग्य मंदिर की शुरुआत करेगी। प्रत्येक विधानसभा में एक आरोग्य मंदिर शुरू किया जाएगा।

दिल्ली सरकार के सूत्रों की मानें तो अगले एक महीने में यह तैयार हो जाएंगे। यहां प्राथमिक चिकित्सा की सभी सुविधाएं मिलेंगी। यह आरोग्य मंदिर आयुष्मान भारत योजना के तहत खोले जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि अगले एक साल में 1139 आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे।



दिल्ली सरकार ने 5 अप्रैल को ही राजधानी में योजना को लेकर केंद्र सरकार के साथ समझौता किया था। उसके बाद 10 अप्रैल को आयुष्मान योजना के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियादी संरचना को विकसित करने के लिए एक और समझौता किया है।


दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले चरण में लगभग 2.35 लाख परिवारों को बीमा दिए जाने की घोषणा की थी। आयुष्मान भारत योजना 27 विशेषज्ञताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त और 'कैशलेस' उपचार प्रदान करती है, जिसमें दवाओं, नैदानिक सेवाओं, अस्पताल में भर्ती होने, आईसीयू देखभाल, सर्जरी और अन्य लागत शामिल हैं।

इस योजना के तहत, दिल्ली में पात्र परिवारों को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य कवर मिलेगा, जिसमें से पांच लाख रुपये केंद्र और शेष पांच लाख रुपये दिल्ली सरकार प्रदान करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि राजधानी में इस योजना के लागू होने से दिल्ली के 6.54 लाख पात्र परिवारों, यानी करीब 30 लाख लोगों को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

## 3 दिन रुके तो हो सकते हैं बीमार, नितिन गडकरी ने दिल्ली के वायु प्रदूषण पर चेताया

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना ज्यादा है कि शहर में तीन दिन तक रहने से ही इन्फेक्शन हो सकता है। गडकरी ने दिल्ली और मुंबई को प्रदूषण के स्तर को रेड जोन में बताते हुए कहा कि आने वाले समय में वायु और जल प्रदूषण के संबंध में बहुत काम किए जाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, दिल्ली में प्रदूषण बहुत अधिक है। अगर आप तीन दिन दिल्ली में रहते हैं, तो आपको कोई न कोई इन्फेक्शन हो जाएगा। गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में बताया कि एक मेडिकल स्टडी के अनुसार, दिल्ली का प्रदूषण एक नागरिक के औसत जीवन को 10 वर्ष कम कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि नैतिकता, अर्थव्यवस्था,



पारिस्थितिकी और पर्यावरण भारतीय समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमने पर्यावरण के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को दूर करने और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए सड़क विकास एक महत्वपूर्ण रणनीति है। हिन्दुस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में छह नए वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर ज्यादा नजदीकी से निगाह रखने में मदद मिलेगी।

## दिल्ली के जीटीबी एंक्लेव में 20 वर्षीय लड़की की हत्या से हड़कंप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा जिले के जीटीबी एंक्लेव इलाके में शाहदरा जिला के जीटीबी एंक्लेव इलाके में एक युवती की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही जिले के आलाधिकारी और लोकल पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। युवती की उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि युवती को दो गोली लगी हैं। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। शुरुआती जांच में पुलिस आशंका जता रही है कि युवती के किसी जानकारी ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर हर एंगल से जांच कर रही है।

## जेफ बेजोस ने मंगेतर को कराई अंतरिक्ष की सैर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
अंतरिक्ष पर्यटन कराने वाली कंपनी ब्लू ओरिजिन के संस्थापक जेफ बेजोस ने सोमवार को मंगेतर लारेन सांचेज को अपनी कंपनी के रॉकेट न्यू शेपर्ड से अंतरिक्ष की सैर कराई। इस सफर में सिगर कैटी पेरी समेत पांच अन्य महिलाएं भी उनके साथ थीं। सभी छह अंतरिक्ष पर्यटक महिलाएं थीं।




ब्लू ओरिजिन द्वारा किए गए लाइव प्रसारण के अनुसार चालक दल ने स्थानीय समयानुसार सुबह 8ः30 बजे वेस्ट टेक्सास से उड़ान भरी। 10 मिनट के इस सफर के दौरान राकेट कार्मन लाइन तक गया जो पृथ्वी की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर का क्षेत्र है। इस क्षेत्र के बाद बाहरी अंतरिक्ष शुरू होता है। उड़ान के बाद अंतरिक्षयान की धरती पर सुरक्षित वापसी हुई। अंतरिक्ष की सैर करने वाली महिलाओं में कैटी पेरी, बेजोस की मंगेतर सांचेज, पत्रकार गेल किंग, फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन, विज्ञानी अमांडा गुयेन और पूर्व नासा इंजीनियर आइशा बोवे भी शामिल थीं। अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम महिला वेलेंटीना तेरेश्कोवा की अंतरिक्षयात्रा के बाद यह पहली महिला अंतरिक्ष उड़ान थी।

तेरेश्कोवा ने 1963 में अकेले अंतरिक्ष की यात्रा की थी। अंतरिक्ष के इस सफर के बारे में बताते हुए पत्रकार गेल किंग ने कहा कि सफर के दौरान कैटी पेरी ने लुई आर्मस्ट्रांग का व्हाट ए वंडरफुल व?र्ल्ड गाया। यह न्यू शेपर्ड प्रोग्राम के तहत 11वीं मानव उड़ान थी। न्यू शेपर्ड पर्यावरण अनुकूल है। इसका इंजन तरल आक्सीजन और हाइड्रोजन से संचालित होता है।

## बाबा साहेब को मिला वैश्विक सम्मान: यूएन में गूंजा नाम, न्यूयॉर्क अब हर साल 14 अप्रैल को मनाएगा आंबेडकर दिवस

**न्यूयॉर्क एजेंसी।**
न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने 14 अप्रैल के दिन को न्यूयॉर्क शहर में डॉ बी आर आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया है। मेयर कार्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क सिटी मेयर कार्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. रामदास अठावले की उपस्थिति में यह घोषणा की। अठावले ने सोमवार को डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य भाषण दिया।




अठावले ने 'एक्स पर फोटो और वीडियो के साथ पोस्ट किया, ''न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक क्षण, जब डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती को न्यूयॉर्क सिटी मेयर कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से डॉ बी आर आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया। बाबासाहेब की न्याय और समानता की वैश्विक विरासत का सम्मान करने के लिए मेयर न्यूयॉर्क सिटी और उपायुक्त दिलीप चौहान को मेरा हार्दिक धन्यवाद। चौहान ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर के आदर्श सीमाओं और समय से परे हैं। 'फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन के अध्यक्ष दिलीप म्हसके और हार्वर्ड डिविनिटी स्कूल के 'विजिटंग प्रोफेसर संतोष राऊत ने भी डॉ. आंबेडकर के विचारों की वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि यह समानता और नागरिक अधिकारों के लिए विश्व के सबसे परिवर्तनकारी समर्थकों में से एक के प्रति गहरी मान्यता है, जिसके चलते 14 अप्रैल को 'डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इससे पूर्व भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अठावले ने कहा, ''डॉ. आंबेडकर का जीवन केवल भारत के लिए नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न की सीमाओं को पार करते हुए वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। संयुक्त राष्ट्र में कार्यक्रम से पहले अठावले ने कोलंबिया विश्वविद्यालय की लेहमैन लाइब्रेरी में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिसके बारे में उन्होंने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इसे ÷ज्ञान के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है।÷

# पहले कार्यकारी आदेश पर अमल, दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगा सकते हैं ट्रंप

### 20 अप्रैल को हो सकती है सेना की तैनाती

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण को 20 अप्रैल को 90 दिन पूरे होने वाले हैं। इसके साथ ही ट्रंप के पहले कार्यकारी आदेश पर अमल करने की तैयारी शुरू हो गई है। दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लागू करने के कार्यकारी आदेश को भी 20 अप्रैल को लागू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप आदेश के तहत सेना की तैनाती कर सकते हैं।

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस आदेश में प्रावधान था कि घोषणा की तिथि से 90 दिनों के भीतर, रक्षा सचिव और गृह सुरक्षा सचिव संयुक्त राज्य अमेरिका की दक्षिणी सीमा की स्थितियों के बारे में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपेंगे। साथ ही अतिरिक्त कार्रवाई की सिफारिशें करेंगे। इसके तहत 1807 के विद्रोह अधिनियम को भी लागू किया जा सकता है। कार्यकारी आदेश के 90 दिन पूरे होने में एक सप्ताह से कम समय बचा है। इसलिए माना जाने लगा है कि ट्रंप वास्तव में विद्रोह अधिनियम लागू करेंगे और 20 अप्रैल को दक्षिणी सीमा पर सेना तैनात करेंगे। हालांकि अब तक रक्षा सचिव और होमलैंड सुरक्षा सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी अंतिम रिपोर्ट



प्रस्तुत नहीं की है। उन्हें मिशन की अब तक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी नहीं दी है। इसके चलते लोगों को लग रहा है कि कई लोगों को यकीन है कि पुराने कानून को जल्द ही दक्षिणी सीमा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए लागू किया जाएगा।

अमेरिका के 1807 के विद्रोह अधिनियम के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में कानून को लागू करने के लिए सेना और यूएस नेशनल गार्ड की तैनाती की अनुमति दे सकते हैं। यह सेना को किसी भी विद्रोह, बगावत या हिंसा या प्रतिरोध के किसी भी कृत्य को पूरी तरह से दबाने का अधिकार देता है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति अमेरिकी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ - को यह तय करने की पूरी शक्ति देता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर अमेरिकी सैनिकों को कब, कहां और कब तैनात किया जाए। व्हाइट हाउस में ट्रंप की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल का एलान कर दिया गया था। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है।

ट्रंप के कार्यकारी आदेश के दो दिन बाद 22 जनवरी, 2025 को अमेरिकी रक्षा विभाग ने घोषणा की थी कि वह सीमा सुरक्षा लागू करने के लिए कार्यरत अन्य संघीय एजेंसियों और सेवा शाखाओं की सहायता के लिए अतिरिक्त वायु और खुफिया संपत्तियों के साथ 1,500 सक्रिय-ड्यूटी सेवा सदस्यों को दक्षिणी सीमा पर भेजेगा।

## रूस ने लगातार दूसरे दिन गिराई मिसाइल; साल का सबसे बड़ा हमला

**मास्को, एजेंसी।**
युद्धविराम की सुस्त रफ्तार के बीच रूस की सेना का यूक्रेन पर बेरहम हमला जारी है। रूस ने लगातार दूसरे दिन यूक्रेन के बड़े शहर सूमी को निशाना बनाया। यह घटना तब हुई जब एक दिन पहले हमले में मारे गए लोगों को स्थानीय निवासियों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। बताया जा रहा है कि यह यूक्रेन पर साल का सबसे बड़ा हमला है। शहरवासी तबाही से उबरने की कोशिश कर रहा है। पिछले हमले में कम से कम 30 लोगों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। रविवार पाम संडे के मौके पर जब यूक्रेनी चर्च पर इकट्ठा हुए थे, दो रूसी मिसाइलों ने सूमी को निशाना बनाया। इस भीषण हमले में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हुए थे। यह इस साल का सूमी पर सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। सोमवार को जब लोग हमले के शिकार हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए, रूसी सेना ने एक और मिसाइल हमला कर दिया। फिलहाल इस हमले में हताहतों की संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागते देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### खादी ग्राम उद्योग संघ के अभय बने अध्यक्ष

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हजारीबाग खादी ग्राम उद्योग संघ केंद्रीय कार्यालय में नियामक मंडल की बैठक शनिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें अगले तीन वर्षों के लिए नियामक मंडल के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष और मंत्री का चयन किया गया। अभय कुमार चौधरी को अध्यक्ष एवं रामप्रवेश ठाकुर को मंत्री बनाया गया। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संस्था को मजबूत करते हुए राष्ट्र सेवा एवं खादी को जन जन तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य होगा। नवनिर्वाचित मंत्री ने कहा कि कतीन और बुनकर को प्रोत्साहित कर रोजगार उपलब्ध कराना हमारा मुख्य उद्देश्य होगा। मौके पर सुदेश कुमार चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार पांडेय, भीम पंडित, डॉ बी के सिंह, शशि शेखर सिंह, मुकुल कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार पाठक, शंभू शर्मा, श्रीमती माधवी रखित आदि मौजूद थे।

### पेंशनर समाज का चुनाव 26 को

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज जिला कमेटी का कार्यकाल 26 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। नई कमिटी गठन के लिए 26 अप्रैल को चुनाव होगा। इसके लिए निर्वाचन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसके मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वरीय संरक्षक शंभू प्रसाद सिंह, निर्वाचन पदाधिकारी अध्यक्ष बरही अनुमंडल ईशो सिंह एवं अध्यक्ष शिवपुरी शाखा कौशल किशोर सिंह बनाए गए हैं। इस आशय की जानकारी हजारीबाग जिला पेंशनर कल्याण समाज के सचिव अखौरी जयंत सिन्हा ने दी।

### मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज ने भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज, जमशेदपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एनएसएस इकाई द्वारा बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर



कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मीता जखनवाल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों और उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समता, शिक्षा और संविधान निर्माण के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा।कार्यक्रम का विशेष संचालन क्लब की संयुक्त सचिव प्रिया सिंह ने अन्य स्वयंसेवकों की टीम के साथ अत्यंत कुशलता से किया। इस अवसर पर शबनम अली, डॉ. संगीता सरकार और डॉ. मुकेश मिश्रा ने भी सहभागिता की। डॉ. मुकेश मिश्रा ने युवाओं को डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों और उपलब्धियों से सीख लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों से संविधान दिवस एवं सामाजिक समानता के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सक्रिय सदस्य झ दिव्यम, सूरज, संचिता और साकेत झ का विशेष योगदान रहा। इन्होंने प्रस्तुतियों और वक्तव्यों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाया और युवाओं को प्रेरित किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल डॉ. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करना था, बल्कि उनके विचारों को विद्यार्थियों के माध्यम से समाज तक पहुँचाना भी रहा।

### झरिया फुलारीबाग में दो पक्षों के बीच मारपीट

**धनबाद/झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया थाना क्षेत्र के फुलारीबाग बूढ़ा बाबा शिव मंदिर के समीप मंगलवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों तरफ से आधा दर्जन से भी ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों ही पक्षों ने झरिया थाना में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की शिकायत किया है। वहीं घटना के बाद से ही पुलिस घटना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचकर मामले को शांत किया। साथ ही पुलिस बल तैनात कर दिया है। घायलों में एक तरफ डोम विश्वकर्मा रवि साव, और अनिल कुमार शर्मा की सर फटा है। वहीं दूसरी और असलम अंसारी गहरी चोटे लगी है। जबकि आसिफ अंसारी, राजा अंसारी, सद्दाम अंसारी हल्की छोटे लगी है। वहीं घटना के बाद झरिया पुलिस आसिफ अंसारी, राजा अंसारी सद्दाम अंसारी, असलम अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही घायल रवि साव ने झरिया थाना में लिखित शिकायत दिया है। शिकायत में कहा कि मंगलवार की सुबह महेश सिंह के साथ सड़क पर जा रहे थे। तभी अशलम अंसारी, आशिफ अंसारी, सहवाज अंसारी, राजा अंसारी और सद्दाम अंसारी ने बेवजह छीटाकशी करने लगे। जब विरोध किया तो यह लोग मारपीट करने लगे। घर के अन्य सदस्यों ने छत से पत्थर बाजी किया। जिसमें मैं बुरी तरह से घायल हो गया बीच बचाव करने आए डोमन विश्वकर्मा, अनिल कुमार शर्मा को बुरी तरह मारकर घायल कर दिया। साथ ही कई महिलाए भी चोटिल हुए है।वही दूसरे पक्ष के असलम अंसारी भी महेश सिंह, रवि साव, डोमन विश्वकर्मा अन्य के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित एवं आसपास के लोगों ने भी बताया कि इससे पूर्व में भी अब्दुल अंसारी राजा अंसारी सद्दाम अंसारी के खिलाफ थाना में कई बार लिखित शिकायत दिया है। पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। महिलाओं को आने जाने में यह लोग छेड़खानी करते हैं। महुल्ले के लोग काफी परेशान है। विरोध करने पर मारपीट करते हैं। इन लोगों पर झरिया थाना में भी छेड़खानी का मामला दर्ज है। वहीं इस घटना के बाद से ही कई लोग मारपीट को राजनीतिक रंग देने में लगे हुए हैं। दोनों समुदाय के लोग शांति बहाल करने के लिए बैठक कर रहे। इस मामले में झरिया इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने लिखित शिकायत दिया है। झरिया को कोई भी शांति भंग करेगा उसको बक्सा नहीं जाएगा, कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# रोटेरियन सेवा को समर्पित : बिपिन चाचन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी जिला 3250 के जिला पाल विपिन चाचान ने रोटरी क्लब चास का आधिकारिक दौरा किया। दिन में रोटरी क्लब चास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्थाई परियोजनाओं का अवलोकन किया एवं विगत 10 महीना में रोटरी क्लब चास द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया। उन्होंने रोटरी क्लब चास द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। अपने सार्वजनिक अभिभाषण में कहा की हर रोटेरियन में समाज को सकारात्मक दिशा देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह रोटरी का जादू है की विश्व से लगभग पोलियो का उन्मूलन हो चुका है। चाचान ने कहा की 24- 25 की अध्यक्षीय थीम "रोटरी का जादू" रोटरी के सदस्यों को संगठन की शक्ति का पहचानने और जीवन बचाने में इसकी भूमिका को बढ़ाने को प्रेरित करती है। चाचान ने कहा कि रोटरी अपने सदस्यों को प्रेरित करता है कि वह दुनिया में सकारात्मक परिवर्तन लाए, सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहे और चुनौतियों को अवसर में बदलें। इसके पूर्व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने स्वागत भाषण दिया। रोटरी 3250 की प्रथम महिला शिल्पी चाचान ने भी सभा को संबोधित करते हुए रोटरी में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ परिंदा सिंह ने रोटरी थीम रोटरी का जादू पर विस्तृत चर्चा की। सभा में प्रेम कुमार को बिपिन चाचान ने लेप्पल पिन लगाकर चास रोटरी की सदस्यता दिलाई गई। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से रोटरी क्लब चास के कार्यो को विस्तृत रूप से बिन्दु वार दशार्या।रो.बिनय सिंह ने रोटरी फाउंडेशन में सहयोग देने की घोषणा की। रितु अग्रवाल एवं पूजा बैद ने क्रमशः बिपिन चाचान और शिल्पी चाचान को स्मृति चिन्ह भेंट किया। रो. श्वेता रस्तोगी ने मंच संचालन किया। इसके बाद लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अमन मल्लिक ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पाल महेश केजरीवाल, सहायक जिला पाल साजन कपूर, संजय बैद मनोज चौधरी, सिद्धार्थ सिंह माना, धनेश बंका, कमल तनेजा श, प्रेम शंकर सिंह, नरेंद्र सिंह, सिद्धार्थ पारख, शशांक अग्रवाल, राजेश केडिया, दीपक अग्रवाल, दीपक झांझरिया,राजकुमार पोद्दार, विपिन अग्रवाल,संजय रस्तोगी,डॉ संजीव, मंजीत सिंह, कुमार अमरदीप, डिंपल कौर, पूजा बैद, ललिता चोपड़ा,रितु अग्रवाल, माधुरी सिंह,ज्योति अग्रवाल, अर्चना सिंह,शैल रस्तोगी, पूनम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य उपस्थित थे।

### अनीता अग्रवाल बनीं बोकारो जिले की एलएलसी सदस्य

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पहला कदम स्कूल धनबाद की सचिव अनीता अग्रवाल को बोकारो जिले की लोकल लेवल कमिटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे पहले से ही धनबाद जिले की लोकल लेवल कमिटी के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं और दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सेवाओं के सशक्तिकरण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बोकारो जिले में गठित नई एलएलसी में उपायुक्त, बोकारो - अध्यक्ष, तथा अनीता अग्रवाल (सचिव, पहला कदम स्कूल, धनबाद) एवं शिक्षिका आशा लता को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय ट्रस्ट (भारत सरकार) के अंतर्गत दिव्यांगजनों को योजनाओं एवं सेवाओं का समुचित लाभ दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विशेष शिविर में अभ्यर्थियों ने कराया त्रुटि निराकरण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (सीएमईजीपी) के तहत आवेदनों के त्रुटि निराकरण एवं नये आवेदन प्राप्त करने को लेकर समाहरणालय स्थित कल्याण शाखा में आयोजित विशेष शिविर में मंगलवार को दर्जनों अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन के त्रुटि का निराकरण किया। वहीं, कई अभ्यर्थियों ने योजना के तहत अपने नये आवेदन जमा किया। जानकारी हो कि, 15,16,17 एवं 19 अप्रैल तक समाहरणालय के कल्याण शाखा में विशेष शिविर आयोजित कर पूर्व में प्राप्त आवेदनों के त्रुटि का निराकरण किया जा रहा है। साथ ही, आहतार्धारी अभ्यर्थियों से नये आवेदन प्राप्त किए जा रहें हैं।

## लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन में लाएं सुधार : अपर समाहर्ता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, सरना/जाहेर स्थल की घेराबन्दी, मांझी थान शेड निर्माण, कब्रिस्तान की पक्की घेराबंदी/ सौंदर्यीकरण एवं मरम्मति, छात्रावास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, साईकिल वितरण एवं वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत प्रगति कार्य की जानकारी ली। अपर समाहर्ता ने आहतार्पूर्ण करने वाले लोगों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने का निर्देश दिया। कहा कि आवेदनों के निष्पादन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी है। निष्पादन प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ ससमय पूरा करना है।

समीक्षा क्रम में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर 15 से 19 अप्रैल तक आयोजित विशेष शिविर को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी न किसी त्रुटि के कारण आवेदन लंबित होने पर आवेदक से संपर्क कर दस्तावेज को दपरूस्त करने, शिविर में शामिल होने वाले लोगों की समस्या को सुन आवेदन के त्रुटि निराकरण को कहा। वहीं, योजना के तहत आहर्ताधारियों का आवेदन प्राप्त करने को भी कहा। मौके पर इस बाबत प्रखंड स्तरीय कल्याण पदाधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। वहीं, प्रि-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती एनएस कुजूर को आवेदन स्वीकृत/अग्रसारित करने को लेकर निर्देश दिया। आपसी समन्वय से कार्यों को गति देने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

## बुजुर्ग महिला ने लगाई पुत्र के कब्जे से मकान मुक्त कराने की गुहार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने उपायुक्त को अपनी समस्या बताई। इसमें बाघमारा के अंसारी मुहल्ला से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि वे तीन भाई हैं।



पिता की मृत्यु के बाद उनकी माता ने अनुकंपा के आधार पर बीसीसीएल में नौकरी के लिए उनका नाम दिया था। इसके लिए एक भाई राजी था जबकि दूसरा भाई एनओसी देने के लिए तैयार नहीं था। कुछ समय बाद पता चला कि दोनों भाइयों के एनओसी के बिना तीसरे भाई को, जो एनओसी नहीं दे रहा था, को बीसीसीएल ने नौकरी पर रख लिया। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई। जनता दरबार में चिरकुंडा से आई एक बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके निजी मकान पर बड़े पुत्र ने जबरन कब्जा कर लिया है। महिला ने बताया कि देखभाल करने से तो दूर, पुत्र उनके साथ आए दिन मारपीट करता है और विभिन्न तरह से प्रताड़ित भी करता है। महिला मकान को पुत्र के कब्जे से मुक्त करने की गुहार लगाई। वहीं मनईटांड पानी टंकी से आई एक अन्य महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने एक जमीन दलाल को जमीन खरीदने के लिए राशि का भुगतान किया था। पूरा भुगतान करने के बाद भी उन्हें जमीन का पोजेशन नहीं मिला। अब जमीन दलाल जमीन के लिए अतिरिक्त रकम मांग रहा है। जनता दरबार में प्रस्तावित गोमो फ्लाईओवर के तहत अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, गोविंदपुर के सहराज ग्राम पंचायत में मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग से किए गए काम की जांच कराने, पड़ोसी द्वारा मारपीट करने एवं दिवाल गिरा देने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

### जन शिकायत समाधान शिविर आज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर कल बोकारो जिले के चार अलग-अलग इलाकों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाने वाला है। जिसमें लोग अपनी समस्या को लेकर



पहुंचेंगे तो उसका समाधान भी त्वरित किया जाएगा। जिले में अभी तक तीन समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है जिसमें से आए सभी समस्याओं का डिस्पोजल किया जा चुका है। इसकी जानकारी बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने दी है। उन्होंने बताया कि बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 2 कला केंद्र , बेरमो अनुमंडल के डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय चंद्रपुरा, मध्य विद्यालय सिवनडीह और चास के आईटीआई ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।अधिक से अधिक लोग किस कार्यक्रम में पहुंचे और अपनी समस्याओं को रखने का काम करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान समय पर हो सके।

## बोकारो जिले में भोक्ता पर्व की धूम, पुंडरू में लगा मेला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर साल बैसाख महीने की शुरूआत के साथ बोकारो जिले के पुंडरू, बरकामा, अमलाबाद, नौडीहा, साबड़ा और उदलबनी जैसे इलाकों में



भोक्ता पर्व की धूम मच जाती है। इस पर्व के अवसर पर की जाने वाली चड़क पूजा-जहां श्रद्धालु अपने शरीर में लोहे की कीलें छिदवाकर, खुद को लकड़ी के पाट से बांधकर ऊँचाई पर झूलते हैं। यह कोई साधारण पूजा नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जिसे देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएं। कोई फांसी के फंदे की नकल करता है, कोई अपने शरीर को तीरों से आरपार करता है, तो कोई सूली पर चढ़े ईसा मसीह जैसी झांकी बनाकर भीड़ के साथ निकलता है। इन सबका मकसद एक ही -भगवान शिव को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाना। हैरानी की बात यह है कि इतनी कठोर साधना और शरीर में कीलें छिदवाने के बाद भी भक्तों को किसी तरह की शारीरिक हानि नहीं होती।

मान्यता है कि भगवान शिव की कृपा से इनकी सभी पीड़ाएं स्वतः ही समाप्त हो जाती हैं, और कील के छेद भी खुद-ब-खुद भर जाते हैं। चड़क पूजा न सिर्फ एक परंपरा है, बल्कि आस्था और भक्ति की वो मिसाल है, जो आज के दौर में भी सच्चे विश्वास की ताकत दिखाती है। ऐसे पर्व हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और बताते हैं कि श्रद्धा में वाकई शक्ति होती है।

## शिक्षामित्र संघ जिलाध्यक्ष द्वारा 'समान काम का समान वेतन' को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर जल्द निर्णय की उम्मीद

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षामित्र संघ के धनबाद जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाहिद हुसैन द्वारा आज मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में समान काम का समान वेतन को लेकर अपने प्रतिनिधि के साथ रिट याचिका पर अंतिम फैसला का जानकारी प्राप्त किया। प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय संविधान की धारा 39 (क ) के तहत सभी शिक्षामित्रों ने पूरे झारखंड में समान



काम का समान वेतन को लेकर सरकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जो पांच बार कोर्ट में सुनवाई हुई अब वह अंतिम मुहर लगने को है। शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाहिद हुसैन ने आगे बताया कि समान काम का समान वेतन का मांग लगातार शिक्षामित्रों द्वारा कई सालों से किया जा रहा है फिर भी सरकार द्वारा संज्ञान में लेते हुए शिक्षामित्रों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसपर झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रिषी मैडम द्वारा याजिका दायर किया गया था जिसका केस नंबर हढउ 5588/2019 है जो अब अंतिम मंजिल तक पहुंच गया है अब सभी धनबाद शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आगामी 29/4/2025 को धनबाद गोल्फ ग्राउंड में आयोजित बैठक में भाग लेंगे जहां आगे की रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

## चंदनकियारी बाउरी परिवार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी के अमाई नगर पंचायत अंतर्गत मयूरडूबी में चंदनकियारी बाउरी परिवार के तत्वाधान में आयोजित डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 134 वें जन्म जयंती सदस्य जगदीश बाउरी की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की संचालन अरूप कुमार चंद्र ने किया। इस मौके पर सदस्य चंदन कुमार बाउरी ने बताया कि डॉ. आंबेडकर का समस्त



जीवन सामाजिक विषमता, जातिवाद और अन्याय के विरुद्ध एक निर्णायक संघर्ष का प्रतिरूप है। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान की नींव रखी, अपितु उन सिद्धांतों को व्यवहार में परिणत किया जो आज लोकतांत्रिक भारत की आत्मा बन चुके हैं. उनका दर्शन और चिंतन आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति को अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करने की प्रेरणा देता है. वोही रामदेव बाउरी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर की विचारधारा किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि मानवता की समग्र उन्नति का मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का जो मूलमंत्र दिया, वह आज की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में और अधिक प्रासंगिक हो गया है. कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनता, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही. वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया और उनके आदर्शों को राजनीतिक व्यवहार में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया।

## पलामू जिले में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन खोलेगा दर्जनों पनशालाएं : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर चैनपुर नेउरा स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल ने पनशाला खोला। इसका उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार व विद्यालय की निदेशक गजल अहसन रूबी ने किया। राहगीरों को अल्प आहार में गुड, बताशा व ग्लूकोज पानी दिया गया। मौके पर मौजूद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय की तरह मान्यता प्राप्त बड़े विद्यालयों को भी पनशाला के साथ अन्य सेवा के क्षेत्र में भी आगे आकर आम जनमानस के हितों को ध्यान रखना चाहिए। फिर भी नहीं तो पनशाला खोलकर गर्मी की तपिश में लोगों को राहत पहुंचाने का काम अवश्य करना चाहिए। अविनाश वर्मा ने कहा कि मौसम को देखते हुए आने वाले दिनों में एसोसिएशन सदस्य पूरे पलामू जिले में दर्जनों पनशाला की शुरूआत करेगी।

### ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल ने खोली पनशाला



एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कोई प्यासा नहीं रहेगा अगर हर जगह पनशाला खुलती रहे। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या पूनम राज, निदेशक गजाला अहसान रूबी, इम्तेयाज, सुशील कुमार, अखिलेश कुमार, मौसम कुमार, बाबर, रितेश, धीरज,अमित, अमन कुमार, महफूज, याना भारती, नेहा, दिव्या, प्रिया, रूपम, प्रियंका, रानी, अंकिता, अंजली, प्रिया कुमारी आदि शिक्षाविद मौजूद थे।

## पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा पोषण अभियान योजनान्तर्गत दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में खूँटी जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत एवं सेक्टर स्तर पर कुकींग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी सब्जियाँ, दलहन, मोटा अनाज (ट्ट'ी३२) एवं अन्य पारंपरिक खाद्य पदार्थों का उपयोग कर पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा दिया गया, जिसमें रागी, बाजरा, ज्वार आदि जैसे अनाज शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों एवं स्थानीय समुदाय को मोटे अनाज में उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी दी गई तथा उनके स्वास्थ्य लाभ के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यह पहल कुपोषण की रोकथाम एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोषण पखवाड़ा के माध्यम से विभाग का उद्देश्य समुदाय को स्वस्थ आहार, संतुलित पोषण एवं पोषण साक्षरता के प्रति संवेदनशील बनाना है, जिससे कुपोषण की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com